CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : $27^{0}$C
न्यूनतम : $17^{0}$C

हल्द्वानी, रविवार 15 मार्च 2026 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 198 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com फाल्गुन कृष्ण पक्ष 10 विक्रमी सम्वत् 2082 25 रमज़ान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



दलित विरोधी सोच वाली पार्टी कांग्रेस, सतर्क रहने की जरूरत : मायावती पेज 2



द्रविड़, बिन्नी और मिताली को मिलेगा लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार खेल टाइम्स



ईरान के 'ताज का नगीना' है खार्ग द्वीप पेज 11



इम्तियाज की फिल्म का हिस्सा बनना बेहद खास और महत्वपूर्ण पल : शर्वरी बॉलीवुड

# अमेरिका ने खार्ग द्वीप में 90 सैन्य ठिकाने किए तबाह

**तेहरान/ वाशिंगटन।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच अमेरिका ने ईरान के एक अहम ठिकाने पर बड़ा हवाई हमला किया है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया है कि अमेरिकी सेना ने ईरान के खार्ग द्वीप पर बड़े पैमाने पर बमबारी कर वहां मौजूद सभी सैन्य ठिकानों को पूरी तरह नष्ट कर दिया है।

ट्रम्प के अनुसार यह हमला अमेरिकी सेंट्रल कमांड की ओर से किया गया और इसका उद्देश्य ईरान से पैदा हो रहे खतरे को खत्म करना था। अमेरिकी केंद्रीय कमान (सेंटकाम) का दावा है कि उसने ईरान के खार्ग द्वीप पर 90 सैन्य ठिकानों को नष्ट कर दिया है।



**■ यूएस सेना ने बड़े पैमाने पर बमबारी कर वहां सभी ईरानी सैन्य ठिकानों को पूरी तरह नष्ट किया: ट्रम्प**

सेंटकाम ने शुक्रवार रात ईरान के खार्ग द्वीप पर हुए हमलों को बड़े पैमाने पर सटीक हमला बताया है। सोशल मीडिया एक्स पर जारी एक संक्षिप्त बयान में, उसने कहा कि हमले में नौसैनिक खदान भंडारण सुविधाओं, मिसाइल भंडारण बंकरों और कई अन्य सैन्य स्थलों को नष्ट कर दिया गया। बयान में आगे कहा गया है कि अमेरिकी सेना ने 90 से अधिक ईरानी सैन्य ठिकानों पर हमला किया, साथ ही तेल बुनियादी ढांचे को भी सुरक्षित रखा। एक ईरानी अधिकारी ने इससे पहले कहा था कि तेल कंपनियों की गतिविधियां जारी रहने के कारण द्वीप से निर्यात पूरी तरह से चल रहा है। राष्ट्रपति ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर कहा कि यह हमला मध्य पूर्व के इतिहास के सबसे शक्तिशाली बमबारी अभियानों में से एक था। उन्होंने कहा कि अमेरिकी सेना ने खार्ग द्वीप पर मौजूद सभी सैन्य लक्ष्यों को निशाना बनाया और उन्हें पूरी तरह नष्ट कर दिया।

## ईरान ने यूएई के तेल टर्मिनल को बनाया निशाना, लगी भीषण आग

**दुबई।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के एक बड़े तेल टर्मिनल में शनिवार को आग लग गई। यह घटना उस समय हुई, जब कुछ घंटे पहले ही अमेरिका ने ईरान के खर्ग द्वीप स्थित अड्डों पर बमबारी की। बताया जा रहा है कि ईरान ने जवाब में यूएई के तेल टर्मिनल को निशाना बनाया है। यह शहर एक बड़ा बंदरगाह स्थल है और क्षेत्र के तेल व्यापार में इसकी अहम भूमिका। यहां एक अहम तेल निर्यात टर्मिनल भी मौजूद है। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि यह आग उस मलबे के गिरने से लगी, जो एक ड्रोन को सफलतापूर्वक मार गिराने के बाद नीचे गिरा था।

## ईरान का सऊदी अरब में अमेरिकी एयरबेस पर ताबड़तोड़ हमला

**रियाद।** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष दिन-प्रतिदिन और भयावह होता जा रहा है। सऊदी अरब से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि ईरान ने सऊदी अरब में मौजूद अमेरिकी एयरबेस पर ताबड़तोड़ हमला किया, जिसमें अमेरिकी वायुसेना के कई विमान क्षतिग्रस्त हो गए। इसके साथ ही ईरान ने सऊदी के प्रिंस सुल्तान एयर बेस को भी निशाना बनाया और खूब बम बरसाए। इन हमलों में वहां खड़े पांच अमेरिकी वायुसेना के पांच रिफ्यूअलिंग (तेल भरने वाले) विमान क्षतिग्रस्त हो गए। विमान पूरी तरह नष्ट नहीं हुए हैं और उन्हें मरम्मत के लिए भेजा गया है।

## बगदाद में अमेरिकी दूतावास पर ड्रोन हमला : मीडिया

**बगदाद।** इराक की राजधानी बगदाद में स्थित अमेरिकी दूतावास परिसर के पास ड्रोन हमले की घटना सामने आई है। मीडिया में प्रसारित एक वीडियो में दूतावास परिसर के आसपास स्थित एक इमारत से धुआं और आग की लपटें उठती दिखाई दे रही है। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार अभी यह स्पष्ट नहीं है कि हमला सीधे अमेरिकी दूतावास परिसर पर हुआ है या आसपास के किसी अन्य इमारत पर हुआ।

## 25वां रोज़ा

### नमाजी और इबादत करने वाले आबिद मशगूल व मसरूफ



अल्लाह की मेहरबानी से माहे-रमजान का कारवां पच्चीसवें रोज़े तक पहुंच गया है। दोजख से निजात का अशरा चल रहा है। तरावीह के साथ-साथ नवाफिल पढ़ने और तिलावते- कुरआन का दौर जारी है। एतेकाफ भी परवान पर है। यानी रोज़ा रखने वाले रोज़ेदार, एतेकाफ करने वाले मोअतकिफ और नमाज पढ़ने वाले नमाजी और इबादत करने वाले आबिद मशगूल और मसरूफ हैं। यानी दोजख से निजात के लिए रमज़ान के इस आखिरी अशरे में रोज़ेदार कोशां है। कोशिश और करम की कड़ियों को जोड़ा जा रहा है।

# 92700 मीट्रिक टन गैस लेकर आ रहे शिवालिक व नंदा

**नई दिल्ली, वार्ता**

**पश्चिम एशिया** में जारी संघर्ष के बीच देश में रसोई गैस की आपूर्ति सुनिश्चित करने की दिशा में सरकार सक्रिय है। भारत की राष्ट्रीय ऊर्जा सुरक्षा और मैरीटाइम लॉजिस्टिक्स के मोर्चे पर महत्वपूर्ण गतिविधियां दर्ज की गई हैं।

एक तरफ जहां भारी मात्रा में एलपीजी गैस लेकर विशाल टैंकर भारतीय बंदरगाहों की ओर बढ़ रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ घरेलू बाजार में आपूर्ति श्रृंखला को बाधित करने वालों के खिलाफ एजेंसियों ने सख्त रुख अपना लिया है। शनिवार को सरकार की ओर से बताया गया कि शिवालिक और नंदा नाम के एलपीजी टैंकर इस समय रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण होर्मुज स्ट्रेट को पार कर चुके हैं और भारत की ओर आगे बढ़ रहे हैं। यह एक बड़ा ऊर्जा लाजिस्टिक्स ऑपरेशन है, क्योंकि ये दोनों पोत कुल मिलाकर 92,700 मीट्रिक टन गैस का बड़ा शिपमेंट लेकर आ रहे हैं। जहाजरानी मंत्रालय ने बताया कि तय योजना के मुताबिक, ये वाणिज्यिक -**शेष पृष्ठ दो पर**





**■ मौजूदा दौर में रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण होर्मुज स्ट्रेट को पार कर चुके हैं टैंकर**

## उर्वरक का पर्याप्त स्टॉक, घबराने की जरूरत नहीं : सरकार



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने कहा है कि देश के पास खरीफ 2026 सीजन के लिए उर्वरकों का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है और इसे लेकर बिल्कुल भी घबराने की कोई जरूरत नहीं है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने यहां संवाददाताओं को यह जानकारी देते हुए कहा कि उर्वरकों के स्टॉक के मामले में पिछले साल से बेहतर स्थिति है। यूरिया और एनपीके का भंडारण पिछले साल की तुलना में कहीं अधिक है। विशेष रूप से डीएपी का स्टॉक पिछले साल के मुकाबले दोगुना है।

## भारतीय नाविकों की सुरक्षित और सफल वापसी

**नई दिल्ली।** कमर्शियल शिपिंग और लॉजिस्टिक्स के अलावा, समुद्री क्षेत्र से जुड़े कर्मचारियों की सुरक्षा को लेकर भी सकारात्मक खबर सामने आई है। आधिकारिक सूचना के मुताबिक, पिछले 24 घंटों के भीतर 30 भारतीय नाविकों को सफलतापूर्वक सुरक्षित भारत वापस लाया गया है। यह कदम समुद्री ऑपरेशंस से जुड़े मानव संसाधन की सुरक्षा और संकट प्रबंधन की सफलता को दर्शाता है। आपूर्ति तंत्र को मजबूत करने के साथ-साथ, घरेलू बाजार में गैस और आवश्यक वस्तुओं की कृत्रिम किल्लत पैदा करने वाले तत्वों पर भी कड़ा प्रहार किया जा रहा है।

# सम्भल में नमाज पर रोक के मामले में हाईकोर्ट सख्त

## अदालत ने कहा: प्रशासन कानून व्यवस्था बनाए रखने में असमर्थ है, तो पद छोड़ दे

**इलाहाबाद।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सम्भल में रमजान के दौरान नमाज पढ़ने पर प्रतिबंध से जुड़े मामले में कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा है कि यदि प्रशासन कानून व्यवस्था बनाए रखने में सक्षम नहीं है, तो उन्हें अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए या स्थानांतरण ले लेना चाहिए।

यह मामला सम्भल निवासी मुनाजिर खान द्वारा दायर याचिका से जुड़ा है, जिसमें आरोप लगाया गया कि उन्हें गाटा संख्या 291 स्थित मस्जिद में रमजान के दौरान नमाज अदा करने से रोका जा रहा है। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से दलील दी गई कि कानून व्यवस्था की आशंका को देखते हुए प्रशासन ने नमाज पढ़ने वालों की संख्या सीमित कर दी है और केवल 20 लोगों को ही नमाज की अनुमति दी गई है। इस पर हाईकोर्ट की खंडपीठ ने कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि राज्य का कर्तव्य है कि वह कानून का राज सुनिश्चित करे। यदि स्थानीय प्रशासन को कानून व्यवस्था बिगड़ने की आशंका है और वह स्थिति संभालने में सक्षम नहीं है, तो उन्हें अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए या सम्भल से बाहर स्थानांतरण ले लेना चाहिए। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि पूजा या नमाज किसी निजी संपत्ति पर की जा रही है तो इसके लिए राज्य से अनुमति लेने की आवश्यकता नहीं होती। अनुमति की जरूरत तभी होती है जब धार्मिक आयोजन सार्वजनिक भूमि पर हो या सार्वजनिक संपत्ति को प्रभावित करता हो। हालांकि अदालत ने याचिकाकर्ता से यह भी कहा कि वह मस्जिद या नमाज की जगह के फोटो और राजस्व अभिलेख रिकॉर्ड पर पेश करें। मामले की अगली सुनवाई 16 मार्च 2026 को होगी, जब याचिकाकर्ता अतिरिक्त शपथपत्र के साथ सबूत पेश करेंगे।



**■ निजी संपत्ति पर पूजा या नमाज की अनुमति लेना जरूरी नहीं: हाईकोर्ट**





## अमेरिका ने ईरानी नेतृत्व पर घोषित किया एक करोड़ डॉलर का इनाम

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने ईरान के नए सर्वोच्च नेता मुजतबा खामेनेई समेत कई प्रमुख नेताओं की जानकारी देने वाले को एक करोड़ डॉलर तक के इनाम की घोषणा की है। यह घोषणा शुक्रवार को अमेरिकी विदेश मंत्रालय के 'रिवॉर्ड्स फॉर जस्टिस' कार्यक्रम के तहत की गई है। इसमे विशेष रूप से उन अधिकारियों को लक्षित किया गया है, जो ईरान की सत्ता और सैन्य तंत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इस सूची में मुजतबा खामेनेई के अलावा अली असगर हेजाजी (डिप्टी चीफ ऑफ स्टाफ), मेजर जनरल यहया रहीम सफावी (सैन्य सलाहकार), अली लारीजानी (सलाहकार), ब्रिगेडियर जनरल एस्कंदर मोमेनी (आंतरिक मामलों के मंत्री), इस्माइल खतीब (खुफिया और सुरक्षा मंत्री) शामिल हैं। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के अनुसार, ये व्यक्ति इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के विभिन्न अंगों का संचालन करते हैं, जो दुनिया भर में आतंकवाद की योजना बनाने और उसे अंजाम देने का काम करता है।

# सरकार किसानों से किया वादा निभाना नहीं चाहती: राहुल

**■ कहा: मोदी सरकार ने एमएसपी का वादा नहीं निभाया**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि सरकार ने किसानों से फसल की लागत के साथ ही 50 प्रतिशत और देने का वादा किया था, लेकिन इस दिशा में कोई कदम नहीं उठाया गया है और ऐसा लगता है मोदी सरकार वादे को निभाना नहीं चाहती है।

श्री गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर शनिवार को लिखा कि लोकसभा में मैंने सरकार से सीधा सवाल पूछा था कि 2021 में किसानों से किया गया फसल की लागत के साथ 50 फीसदी कानूनी एमएसपी का वादा अब तक लागू क्यों नहीं हुआ। सरकार ने जवाब देने से बचते हुए सिर्फ अपनी पुरानी एएसपी नीति दोहरा दी। उन्होंने कहा कि सरकार ने यह भी स्वीकार किया कि उसने राज्यों पर एमएसपी बोनस खत्म करने का दबाव डाला, जिसे बिना किसी तर्क के 'राष्ट्रीय प्राथमिकताओं' के नाम पर सही ठहराया गया।

# एआई वकील के दिमाग की जगह नहीं ले सकता: जस्टिस विक्रमनाथ

**■ सुप्रीम कोर्ट के जज बोले- एआई समय बचाने में मददगार, लेकिन अनुशासित फैसले लेने के काबिल नहीं**

**हैदराबाद।** सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस विक्रम नाथ ने शनिवार को कहा कि एआई वकील के प्रशिक्षित दिमाग और जज की नैतिक जिम्मेदारी की जगह नहीं ले सकता। उन्होंने आगे कहा कि अगर समझदारी से इस्तेमाल किया जाए, तो एआई समय बचा सकता है और कानूनी काम के कुछ पहलुओं को ज्यादा आसान बना सकता है।

जस्टिस विक्रम तेलंगाना में एक कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। जस्टिस नाथ ने आगे कहा कि टेक्नोलॉजी किसी नोट का ड्राफ्ट बनाने में मदद कर सकती है, लेकिन इसे कानून बनाने की इजाजत नहीं दी जा सकती। उन्होंने कहा कि एआई के गलत इस्तेमाल की वजह से न्यायिक व्यवस्था को इस हद तक नहीं जाना चाहिए कि वह इससे पूरी तरह से दूरी बना ले। उन्होंने इसके साथ ही कहा कि एआई महज एक टूल है, और एक टूल को टूल ही रहना चाहिए। इस कार्यक्रम में सुप्रीम कोर्ट के जज, सतीश चंद्र शर्मा और तेलंगाना हाई कोर्ट के मुख्य जज, जस्टिस अपारेष कुमार सिंह ने भी बात रखी।

# जोधपुर जेल से रिहा हुए सोनम वांगचुक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**■ केंद्र सरकार ने वांगचुक पर लगे एनएसए को हटाया**
**■ लद्दाख के नए उपराज्यपाल ने किया फैसले का स्वागत**

**नई दिल्ली।** जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को शनिवार को जोधपुर सेंट्रल जेल से रिहा कर दिया गया। यह रिहाई उस समय हुई जब केंद्र सरकार ने वांगचुक पर लगे राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) को हटा दिया। मंत्रालय ने बताया कि यह फैसला राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) के तहत मिले अधिकारों का इस्तेमाल करते हुए लिया गया है।

सरकार का कहना है कि यह फैसला लद्दाख में शांति और स्थिरता का माहौल बनाने के लिए लिया गया है। वांगचुक को 26 सितम्बर 2025 को हिरासत में लिया गया था। इससे ठीक दो दिन पहले लेह में लद्दाख को राज्य का दर्जा देने और संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर बड़े प्रदर्शन हुए थे। इन प्रदर्शनों के दौरान हिंसा भी हुई थी, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई थी और 45 से ज्यादा लोग घायल हुए थे, जिनमें 22 पुलिसकर्मी भी शामिल थे। हिंसा के बाद लेह के जिला मजिस्ट्रेट के आदेश पर वांगचुक को राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) के तहत हिरासत में लिया गया था, ताकि इलाके में कानून-व्यवस्था बनाए रखी जा सके। बाद में उन्हें राजस्थान के जोधपुर स्थित जेल में भेज दिया गया था। वांगचुक की हिरासत रद्द करते हुए गृह मंत्रालय ने बयान जारी कहा कि केंद्र सरकार लद्दाख में शांति, स्थिरता और आपसी भरोसा कायम रखने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि सभी पक्षों के साथ सार्थक और रचनात्मक बातचीत हो सके।

# तृणमूल कांग्रेस पर जमकर बरसे प्रधानमंत्री मोदी



**■ कोलकाता के ब्रिगेड मैदान रैली में भरी हुंकार**
**■ कहा: बंगाल से महाजंगलराज खत्म होगा**

**कोलकाता।** प्रधानमंत्री ने पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में एक जनसभा को संबोधित करते हुए राज्य के सत्ताधारी दल तृणमूल कांग्रेस पर निशाना साधा है। इस दौरान उन्होंने कहा कि आपका ये उत्साह, जोश बता रहा है कि बंगाल क्या सोच रहा है, बंगाल के मन में क्या चल रहा है।

ब्रिगेड परेड ग्राउंड का इतिहास साक्षी है कि जब-जब बंगाल देश को दिशा देता है, ये ब्रिगेड मैदान बंगाल की आवाज बनता है। इस मैदान से अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ उठी आवाज हिंदुस्तान में क्रांति बन गई थी। उसका नतीजा ये हुआ कि अंग्रेजों के अत्याचार और लूट का खात्मा हुआ। शनिवार को एक बार फिर ब्रिगेड ग्राउंड से नए बंगाल की क्रांति का बिगुल बज गया है। प्रधानमंत्री ने इस दौरान कहा कि बंगाल में बदलाव अब दीवारों पर भी लिखा जा चुका है और बंगाल के लोगों के दिलों में भी छप चुका है। अब बंगाल से निर्मम सरकार का अंत होकर रहेगा, अब बंगाल से महाजंगलराज का खात्मा होगा। इसलिए बंगाल के हर कोने से आवाज उठ रही है, चाई बीजेपी सरकार, अबकी बार! सत्ताधारी दल पर निशाना साधते हुए पीएम मोदी ने कहा कि टीएमसी ने इस रैली में आने वाले आप सभी लोगों को चोर कहकर गाली दी है। असली चोर कौन है, ये बंगाल की प्रबुद्ध जनता जानती है। अपनी कुर्सी जाते हुए देखकर यहां की निर्मम सरकार बौखला गई है। आज भी इस सभा को रोकने के लिए निर्मम सरकार ने सारे हथियार निकाल लिए। आप लोगों को आने से रोकने के लिए ब्रिज बंद करवा दिए, गाड़ियां रुकवा दी, ट्रैफिक जाम करवाया, भाजपा के झंडे उखड़वा दिए, पोस्टर फड़वा दिए। लेकिन निर्मम सरकार साफ-साफ देख लो, आज के जनसैलाब को रोक नहीं पाई हो। प्रधानमंत्री मोदी ने आगे कहा कि यहां की निर्मम सरकार चाहे अब जितना जोर लगा ले, परिवर्तन की इस आंधी को वो अब रोक नहीं पाएगी।

### विधानसभा चुनाव से पहले कुनबा बढ़ाने में लगी भाजपा

# मुनस्यारी नगर पंचायत अध्यक्ष सहित कई जनप्रतिनिधि भाजपा में शामिल

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** 2027 में हैट्रिक के लक्ष्य के साथ शनिवार को भाजपा ने पिथौरागढ़ के सीमांत दूरस्थ के कई जनप्रतिनिधियों को पार्टी में शामिल किया है। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने कहा कि मुनस्यारी नगर पंचायत अध्यक्ष एवं बड़ी संख्या में लोगों का पार्टी से जुड़ना, धारचूला विधानसभा में जीत का शुभ संकेत है।

पार्टी में हुए इस ज्वाइनिंग कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष ने सभी नए सदस्यों का फूलमाला एवं पार्टी का पटका पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान अपने सम्बोधन में उन्होंने कहा कि, प्रदेश में डबल इंजन सरकार के कामों से विकास की बयार बह रही है। एक ऐसा विश्वास आम जनमानस में स्थापित हुआ है कि पीएम मोदी और सीएम धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड का विकसित होना अब तय है। यही वजह है कि राजनीतिक, सामाजिक तमाम तरह के कार्यकर्ता, पार्टी के विचारों में विश्वास जताकर, विकास यात्रा में सहयोगी बनना चाहते हैं। जिसका उदाहरण है, आप सब लोगों का सैकड़ों किलोमीटर की दूरी तय कर यहां इतनी बड़ी संख्या में होना।



■ सीमांत क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों का भाजपा में विश्वास, धारचूला जीत का संकेतः भट्ट

उन्होंने कहा कि, दूरस्थ जिले पिथौरागढ़ की सीमांत विधानसभा से आप सब लोगों का आना सरकार और सांगठनिक कामों के प्रभाव को दर्शाता है। सुदूर एवं दुर्गम क्षेत्र से भी जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ लोगों का पार्टी में विश्वास जताना, वहां धारचूला विधानसभा में 27 में जीत का शुभ संकेत है। पिछली बार भी हम बेहद कम लगभग 1118 वोटों से जीत दर्ज करने से रह गए थे, वो कसर इस बार सौ फीसदी पूरी कर दी जाएगी। प्रदेश महामंत्री कुंदन परिहार के संचालन में हुए इस कार्यक्रम में मुनस्यारी नगर पंचायत अध्यक्ष राजेन्द पांगती, गणेश पांगती सभासद, जितेंद्र जोठा सभासद, हंसा देवी सभासद, सुरेन्द्रह सिह बृजवाल पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य, पुष्कर सिह पूर्व प्रधान छूरातोली, नवीन जौपनी, महेश रावत, सुरेंद्र सिंह निखुरप्पा, भूपेंद्र सिंह धर्मसत्तू, मनोज सिंह मर्तोलिया, मनोहर सिंह घपवाल, नितिन रावत, कृष्णा पांगती, दीपू बृजवाल, कैलाश जेरठा, राजू बम, दिनेश बृजवाल, लाजवंत बृजवाल समेत बड़ी संख्या में राजनैतिक सामाजिक कार्यकर्ताओं ने संगठन की रीति नीति में विश्वास जताएइस अवसर पर प्रदेश महामंत्री कुंदन परिहार, प्रदेश कार्यालय सचिव जगमोहन रावत, दायित्वधारी सुभाष बड़थ्वाल, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी राजेंद्र नेगी, प्रदेश प्रवक्ता हनी पाठक, पिथौरागढ़ जिला अध्यक्ष गिरीश जोशी समेत कई मौजूद रहे।

## मौसम विभाग ने 15 और 16 मार्च के लिए जारी किया ऑरेंज अलर्ट

■ पहाड़ी जिलों में बारिश और बर्फबारी का अनुमान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड मे मौसम को लेकर सतर्क रहने की जरूरत हैं भारत मौसम विज्ञान विभाग ने आज दोपहर जो पूर्वानुमान जारी किया है, उसके अनुसार अगले 24 घंटे तक येलो अलर्ट रहेगा. 24 घंटे का येलो अलर्ट 14 मार्च की दोपहर 1:45 बजे से 15 मार्च 2026 के 1:45 बजे तक के लिए है. उधर राज्य मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून ने 15 और 16 मार्च के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार इस येलो अलर्ट के दौरान राज्य के उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर, पिथौरागढ़ जिलों में कुछ स्थानों पर बिजली गिरने और तूफान आने का पूर्वानुमान है। इन स्थानों में उत्तरक. ाशी के बड़कोट और पुरोला चमोली जिले के जोशीमठ, बदरीनाथ, उर्गम घाटी और थराली शामिल हैं बागेश्वर जिले में कपकोट और पिथौरागढ़ जिले के मुनस्यारी और बेरीनाग को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है. इस दौरान 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तूफान आ सकता है.

दूसरी तरफ उत्तराखंड मौसम विज्ञान केंद्र ने भी बारिश और बर्फबारी को लेकर अलर्ट जारी किया है। आज से लेकर 19 मार्च तक उत्तराखंड के पहाड़ी जिलों में बारिश और बर्फबारी का अनुमान है. वहीं इस दौरान तीन दिन मैदानी जिलों में भी बारिश का पूर्वानुमान है। उत्तराखंड मौसम विज्ञान केंद्र ने 15 और 16 मार्च के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

## सरकार के 4 वर्ष पूरे होने पर कुमाऊं में सम्मेलन को सम्बोधित करेंगे राजनाथ

■ 21 मार्च को हल्द्वानी में होने जा रहा कार्यक्रम

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** धामी सरकार के 4 वर्ष पूर्ण होने पर कुमाऊं क्षेत्र में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की उपस्थिति में विशाल सम्मेलन होने जा रहा है। प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने जानकारी देते हुए सदस्यता अभियान पर स्पष्ट किया कि ज्वाइनिंग कमेटी की राय अनुसार नए पुराने सभी लोगों का पार्टी में स्वागत है। वहीं सत्र को लेकर विपक्षी आरोपों पर तंज कसा कि कांग्रेस विधायकों ने तो जनहित के अधिक मुद्दे उठाना भी जरूरी नहीं समझा, जबकि भाजपा के विधायकों ने जनसरोकारों के विषय सदन में उठाए।

पार्टी मुख्यालय में मीडिया के सवालों के जवाब देते हुए भट्ट ने कहा, यह हम सबके लिए बहुत खुशी की बात है कि प्रदेश के विकास और कल्याण का बजट, विस्तृत चर्चा के साथ पारित हो गया है। अब ऐसे में विपक्ष को अनावश्यक बयानबाजी से बचना चाहिए क्योंकि उनके गैर जिम्मेदाराना रवैया को प्रदेशवासियों ने इस मर्तबा भी सत्र में देखा है। उन्होंने सदन में भाजपा विधायकों द्वारा अधिक सवाल किए जाने का स्वागत करते हुए कहा कि हमारे विधायक जनता के स्वाभाविक और जिम्मेदार प्रतिनिधि है।

उन्होंने धामी सरकार के 4 वर्ष पूरे होने पर हो रहे बड़े कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि हरिद्वार में गृहमंत्री की मौजूदगी में हुए विशाल सम्मेलन की तरह कुमाऊं में भी बड़ा कार्यक्रम होने जा रहा है। 21 मार्च को हल्द्वानी में होने वाले इस सम्मेलन में हमे देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का मार्गदर्शन प्राप्त होने जा रहा है। जिस तरह का उत्साह सरकार की उपलब्धियां को लेकर जनता के बीच है उसको देखते हुए हमें वहां भी लाखों लोगों के प्रतिभाग करने की उम्मीद है।

# किसान हमारे अन्नदाता और असली नायकः सीएम

## पंतनगर में 119वें अखिल भारतीय किसान मेले का मुख्यमंत्री ने किया शुभारम्भ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**पंतनगर।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को कृषि एवम् प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर में 119 वें अखिल भारतीय किसान मेला एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने प्रगतिशील किसानों को सम्मानित किया व विश्विद्यालय साहित्य का विमोचन भी किया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि हमारे लिए हर्ष का विषय है कि पंतनगर विश्वविद्यालय में 119वे कृषि मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रकार के मेले आयोजन कृषकों के लिए अति महत्वपूर्ण होते हैं, नवाचारों की जानकारियां मिलती है व वैज्ञानिकों से सीधे संवाद का अवसर मिलता है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान बन्धु हमारे अन्नदाता है व हमारे असली नायक हैं। किसानों की मेहनत व समर्पण से ही हमे अन्न मिल रहा है और देश आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री के विकसित भारत संकल्पना में किसान की महत्वपूर्ण भूमिका है। कृषकों के मेहनत व समर्पण से ही गांव, क्षेत्र और देश का विकास होता है। मुख्यमंत्री ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश के 10 करोड़ से अधिक किसानों को किसान सम्मान निधि का लाभ दिया जा रहा है। शुक्रवार को प्रधानमंत्री ने किसान सम्मान निधि की 22 वीं किस्त जारी की है। प्रदेश के 09 लाख से अधिक किसानों को किसान सम्मान निधि का लाभ प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि कृषि को जंगली जानवरों से बचाव के लिए घेरबाड़ के लिए केंद्र द्वारा हमें प्रथम किस्त के रूप में 25 करोड़ की धनराशि जारी की गई है।

■ कहा -प्रदेश के 9 लाख से अधिक किसानों को मिल रहा किसान सम्मान निधि का लाभ ■ कृषि को जंगली जानवरों से बचाने के लिए केंद्र से 25 करोड़ की पहली किस्त जारी ■ पॉलीहाउस, एरोमा वैली और ड्रैगन फ्रूट को बढ़ावा देकर किसानों की आय बढ़ाने पर जोर

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री, अन्नदाताओं के जीवन को बेहतर बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा किसानों को फसल बीमा योजना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना, किसान मानधन योजना, बागवानी विकास योजना, कृषि यंत्र अनुदान योजना, बूंद बूंद सिंचाई योजना जैसी योजनाएं के माध्यम से किसानों को सशक्त किया जा रहा है। किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए किसान क्रैडिट कार्ड के सीमा 03 लाख से बढ़ाकर 05 लाख कर दी गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा भारत सरकार द्वारा किसानों के लिए 14 हजार करोड़ लागत की 07 नई परियोजनाएं लागू की गई हैं।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य, विधायक तिलक राज बेहड, मेयर विकास शर्मा, दर्जा मंत्री अनिल कपूर डब्बू, फरजाना बेगम, पूर्व विधायक राज. ेश शुक्ला,पूर्व दर्जा मंत्री राजेश कुमार, कुलपति पंतनगर विश्व विद्यालय डॉ मनमोहन सिंह चौहान, जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति, एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

### प्रदेश में 1200 करोड़ की लागत से नई सेब नीति लागू

मुख्यमंत्री ने कहा प्रदेश में भौगोलिक परिस्थितियाँ अलग अलग है। इसलिए, भौगौलिक स्थितियों को देखते हुए क्षेत्र विशेष के लिए योजनाऐं चलाई जा रही हैं।उन्होंने कहा कि 1200 करोड़ के लागत से नई सेब नीति लागू की गई है, कृषकों के हित में कई नई नीतियां लागू की गई है तथा कई योजनाओं में 80 प्रतिशत तक राज्य सहायता दी जा रही है। उन्होंने कहा प्रदेश में 07 एरोमा वैली विकसित किये जा रहे हैं। ड्रेगन फ्रूट की मांग बढ़ रही है इसलिए ड्रेगन फ्रूट को भी बढ़ावा दिया जा रहा है।

# इस साल शिक्षा पर 13,552 और स्वास्थ्य पर खर्च होंगे 4,546 करोड़

■ विधानसभा सत्र के अंतिम दिन शुक्रवार को देर रात विभागों के बजट को दी गई मंजूरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**गैरसैंण।** उत्तराखंड विधानसभा के बजट सत्र 2026 के आखिरी दिन शुक्रवार को देर रात तक चली कार्रवाई के दौरान सदन में विभागवार बजट पारित किए गए। चर्चा के बाद विभिन्न विभागों के लिए रखे गए बजट को मंजूरी दी गई। सदन में वित्तीय वर्ष के लिए सरकार ने शिक्षा, स्वास्थ्य, पुलिस, ग्रामीण विकास और बुनियादी ढांचे जैसे अहम क्षेत्रों पर विशेष फोकस रखते हुए बड़ी धनराशि का प्रावधान किया है। इस साल शिक्षा पर 13,552 व स्वास्थ्य पर 4,546 करोड़ खर्च होंगे। इनके अलावा कई अन्य विभागों को भी भारी भरकम बजट दिया गया है।

सत्र के अंतिम दिन बजट पर चर्चा के बाद विभागवार विनियोग



पारित किए गए। निर्वाचन विभाग के लिए 223 करोड़ रुपये से अधिक का बजट रखा गया, जबकि राजस्व एवं सामान्य प्रशासन विभाग के लिए 2731 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि का प्रावधान किया गया।

**आबकारी के लिए ५५ करोड़ का बजटः** वहीं वित्त, कर, नियोजन, सचिवालय और अन्य सेवाओं के लिए सबसे बड़ा प्रावधान करते हुए 20,361 करोड़ रुपये का बजट रखा गया। आबकारी विभाग के लिए 55 करोड़ रुपये से अधिक और लोकसेवा आयोग के लिए 34 करोड़ रुपये से अधिक का बजट स्वीकृत किया गया।

**पुलिस और जेल विभाग के लिए ३५०० करोड़ से ज्यादा का बजटः** कानून व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से पुलिस और जेल विभाग के लिए 3524 करोड़ रुपये से अधिक का बजट पारित किया गया. शिक्षा, खेल एवं युवा कल्याण और संस्कृति विभाग के लिए 13,552 करोड़ रुपये से अधिक की बड़ी धनराशि का प्रावधान किया गया है, जो इस बजट का प्रमुख हिस्सा माना जा रहा है।

**स्वास्थ्य विभाग के लिए 4500 करोड़ से ज्यादा का बजटः** स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के लिए 4546 करोड़ रुपये से अधिक का बजट रखा गया. वहीं जलापूर्ति, आवास एवं नगर विकास विभाग के लिए 4243 करोड़ रुपये से अधिक का प्रावधान किया गया।

### सूचना का बजट 549 करोड़

सूचना विभाग के लिए 549 करोड़ रुपये से अधिक, श्रम और रोजगार विभाग के लिए 586 करोड़ रुपये से अधिक का बजट पारित किया गया. कृषि एवं कृषि अनुसंधान विभाग के लिए 1495 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि रखी गई, जबकि सहका. रिता विभाग के लिए 132 करोड़ रुपये से अधिक का बजट स्वीकृत किया गया।

# गैरसैंण सत्र में सार्थक चर्चा और सीएम धामी के सामूहिकता के भाव से जगी बेहतर उम्मीदः चौहान

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने गैरसैंण सत्र मे देर रात्रि तक चर्चा तथा बजट पारित करने लिए सभी विधायकों का आभार व्यक्त किया है और इसे राज्य के विकास मे एक और शानदार प्रयास बताया। चौहान ने कहा कि गैरसैंण सत्र में सार्थक चर्चा और सीएम पुष्कर सिंह धामी के सामूहिकता के भाव का ही प्रतिफल है कि विकसित राज्य की और अग्रसर उत्तराखंड विकास के नये आयाम गढ़ेगा। बजट से बेहतर उम्मीद जगी है।

उन्होंने विपक्ष के रुख पर भी तंज कसते हुए कहा कि सत्र की समयावधि कम होने का हल्ला मचाने वाले विधायकों के पास सवालों की कमी पड़ गयी और इससे उनकी मंशा और भी सामने आ गयी।

चौहान ने उम्मीद जताई कि अब तक की इस सबसे अधिक बजट राशि से विकसित होते



■ सदन की कम अवधि का राग अलापने वाले विपक्ष के पास कम पड़ गए सवाल ■ कहा-5 दिन में 41 घंटे 10 मिनट चला सत्र ऐतिहासिक

उत्तराखंड को रफ्तार मिलेगी। अलग अलग विभागों के लिए आवंटित राशि से जनकल्याण योजनाओं का लाभ जनता को मिलेगा।

गैरसैण सिर्फ ग्रीष्मकालीन राजधानी ही नहीं बल्कि प्रदेशवा. सियों के जन भावनाओं का केंद्र भी है। ऐसे में वहां पर बजट सत्र का सभी विषयों पर व्यापक एवं सफल चर्चा के साथ पूर्ण होना बेहद संतोष की अनुभूति देने वाला है। ये बहुत अच्छी पहल है कि देर रात तक बजट पर दोनों पक्षों द्वारा खुलकर चर्चा की गई।

उन्होंने सत्र के दौरान विपक्ष के रवैया पर भी सवाल खड़े किए। क्योंकि राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान जिस तरह विपक्ष का व्यवहार किया, उसे किसी भी तरह से उचित नहीं कहा जा सकता है। महत्वपूर्ण चर्चा के दौरान भी विपक्षी सदस्य शोरगुल और नारेबाजी करते रहे। कांग्रेस विधायकों द्वारा सड़क जैसे व्यवहार को सदन में किया गया वह संवैधानिक प्रक्रिया की गरिमा गिराने वाला था।

चौहान ने सत्र को लेकर विपक्ष पर गंभीर रुख नहीं अपनाने का आरोप लगाया। सत्र को लेकर कांग्रेसी तैयारी पर प्रश्न चिन्ह लगाते हुए कहा कि यही लोग सत्र की अवधि कम होने का रोना रो रहे थे। लेकिन 5 दिन के सत्र के लिए भी प्रश्नकाल के लिए आए कुल सवालों का एक तिहाई सवाल भी वे नहीं जुटा पाए। जबकि जागरुक विपक्ष होने के नाते और सत्र का समय कम होने के आरोप के चलते तो उन्हें बहुत अधिक सवाल पूछे जाने चाहिए थे। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा, हमें तो मालूम है कि कांग्रेस पूरी तरह से मुद्दाविहीन और जन सरोकारों से दूर हो चुकी है, लेकिन सदन के माध्यम से एक बार फिर जनता ने भी उनकी हालत देख ली है। आज स्थिति यह है कि कांग्रेस का मकसद प्रदेश की तस्वीर बदलना नहीं, सिर्फ और सिर्फ हंगामा करना है।

चौहान ने कहा कि 5 दिन में 41 घंटे 10 मिनट चला सत्र ऐतिहा. सिक है। सीएम धामी सामूहिकता के भाव से सबको साथ लेकर चलने और समावेशी विकास के पक्षधर माने जाते हैं। राज्य के लिए समर्पित यह दृष्टिकोण निश्चित रूप से राज्य को आगामी दशक का श्रेष्ठ राज्य के रूप मे स्थापित करेगा।



# जेल रोड पर तीन दुकानों में लगी आग

## लाखों रुपये का सामान जलकर खाक, मेयर ने 50 हजार की फौरी राहत दी

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** महाराणा प्रताप चौक के निकट जेल रोड स्थित तीन दुकानें भीषण अग्निकांड में जलकर खाक हो गईं। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे फायर ब्रिगेड कर्मियों ने आग पर काबू पाया। मेयर व अन्य जनप्रतिनिधियों ने मौके पर पहुंचकर पीड़ितों को सांत्वना दी। महाराणा प्रताप चौक के निकट पुराना आवास विकास निवासी व्यापारी अनिल शर्मा की टायर पंक्चर और साइकिल रिपेयरिंग की दुकानों में आज सुबह करीब सवा छह बजे अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और बराबर में शहजाद की फल की दुकान को भी आग ने अपनी चपेट में ले लिया। कुछ ही देर में तीन दुकानों में भयंकर आग लग गयी। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस बीच दुकानों में रखे टायर, मशीनें, फल और अन्य सामान पूरी तरह जलकर राख हो गए। प्राथमिक तौर पर आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है, हालांकि पुलिस, प्रशासन और दमकल विभाग मामले की जांच कर रहे हैं। तहसीलदार पंकज चंदोला ने भी मौका मुआयना किया। बताया जा रहा है कि पीड़ित व्यापारी अनिल शर्मा आज तड़के अपनी बहन की मौत की खबर सुनकर गाजियाबाद के लिए निकले थे। वह रास्ते में ही थे कि दुकानों में आग लगने की सूचना मिलते ही वापस आ गये। अनिल शर्मा के अनुसार उनका करीब चार-पांच लाख रूपये का नुकसान हुआ है। उधर अग्निकांड की सूचना मिलने पर महापौर दीपक बाली मौके पर पहुंचे और पीड़ित दुकानदारों से मुलाकात कर उन्हें ढांढ़स बंधाया। महापौर ने दुकानदारों को आश्वस्त किया कि शासन-प्रशासन की ओर से हर संभव सहायता दिलाई जाएगी। इस दौरान उन्होंने मानवीय पहल करते हुए अपनी ओर से तत्काल 50 हजार रुपये की निजी सहायता देने की भी घोषणा की। उन्होंने मौके पर मौजूद पटवारी रोहित शर्मा को भी नुकसान की सूची तैयार कर जल्द रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। वहीं महानगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अलका पाल ने भी मौके पर पहुंचकर सरकार से पीड़ितों को मुआवजा देने की मांग की। पीड़ित दुकानदारों को विश्वास दिलाते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस संकट की घड़ी में मजबूती से उनके साथ खड़ी है। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अरूण चौहान, एडवोकेट हरीश कुमार सिंह, विमल गुड़िया, महेंद्र लोहिया, जितेंद्र सरस्वती, चंद्रभूषण डोभाल, इलियास महागीर, खैराती लाल आदि उपस्थित रहे।



### कुंवाली में ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर किया समाधान

**अल्मोड़ा।** जिले के कुंवाली में 'जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार' कार्यक्रम के अंतर्गत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया और विभिन्न विभागों से संबंधित अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। अधिकारियों ने लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए कई मामलों का मौके पर ही समाधान किया। शिविर के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा लोगों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी भी दी गई। साथ ही कई जरूरतमंद लोगों के आय, जाति, निवास सहित अन्य महत्वपूर्ण प्रमाण-पत्र भी मौके पर ही बनाए गए। इससे ग्रामीणों को सरकारी दफ्तरों के बार-बार चक्कर लगाने से राहत मिली और शासन की सेवाएं सीधे गांव तक पहुंचीं। मौके पर संयुक्त मजिस्ट्रेट रानीखेत गौरी प्रभात ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि विकास और जनकल्याण की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के जनसेवा शिविर शासन और जनता के बीच संवाद को मजबूत करने के साथ ही लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान का प्रभावी माध्यम बन रहे हैं। उन्होंने बताया कि शिविरों के माध्यम से लोगों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित भी किया जा रहा है। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य दीपक कन्नू शाह ने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को उनके गांव में ही सरकारी सेवाएं उपलब्ध हों। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के शिविरों से आमजन को काफी राहत मिलती है और लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान संभव हो पाता है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे सरकार की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। शिविर में हेम पांडे, जिला पंचायत प्रतिनिधि भूपेंद्र सिंह, दीवान मेहता, गोपाल सिंह बिष्ट, अंशुल बजेठा रहे।

## एक नजर

### फपना गांव में बंदरों के आतंक से राहत

**अल्मोड़ा।** क्षेत्र में लंबे समय से मिल रही बंदरों के आतंक की शिकायतों के बाद वन विभाग ने कार्रवाई करते हुए बज्वाड़ अनुभाग के अंतर्गत ग्राम फपना में पिंजरा लगाकर 10 कटखने बंदरों को पकड़ लिया। वन विभाग को ग्रामीणों द्वारा लगातार सूचना दी जा रही थी कि कटखने बंदर लोगों पर हमला कर रहे हैं और खेतों को भी नुकसान पहुंचा रहे हैं। उच्च अधिकारियों के निर्देश पर वन विभाग की टीम ने गांव में पिंजरा लगाया, जिसमें 10 कटखने बंदर पकड़े गए। पकड़े गए बंदरों को सुरक्षित तरीके से रेस्क्यू सेंटर अल्मोड़ा पहुंचाया गया। वन दरोगा इंद्रा मर्तोलिया ने बताया कि विभाग को ग्रामीणों से बंदरों के हमलावर होने की शिकायतें मिल रही थीं। इसी के चलते कार्रवाई कर बंदरों को पकड़ा गया है। उन्होंने कहा कि आगे भी यदि किसी क्षेत्र में बंदरों के आतंक की सूचना मिलती है तो विभाग द्वारा आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों ने वन विभाग की इस कार्रवाई पर राहत जताते हुए विभाग का आभार व्यक्त किया है।

### राष्ट्रीय लोक अदालत में 234 वादों का निस्तारण

**अल्मोड़ा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से शनिवार को जिले में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत में तीन बेंचों में लंबित वादों के 57 और प्री-लिटिगेशन के 177 कुल 234 वादों का निपटारा किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव शचि शर्मा ने बताया कि लोक अदालत में मामलों के निस्तारण के लिए जिले में दो बेंच और बाह्य न्यायालय के लिए एक बेंच बनाई थी। जिला न्यायालय में जिला व सत्र न्यायाधीश की बेंच के समक्ष तीन मामले रखे गए। पारिवारिक न्यायालय में वैवाहिक और पारिवारिक विवादों के 4 मामलों का आपसी समझौते के आधार पर निस्तारण किया गया, जिसकी कुल समझौता राशि 5.22 लाख रुपये रही। वहीं बाह्य न्यायालय रानीखेत में गठित तीसरी पीठ के समक्ष एनआई एक्ट से संबंधित 14 मामलों का निस्तारण किया गया, जिनकी कुल समझौता राशि 97.69 लाख रुपये रही। जिले में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत के दौरान कुल 57 लंबित मामलों और 177 प्री-लिटिगेशन मामलों सहित 234 मामलों का निस्तारण किया गया। लंबित मामलों में लंबित वादों में एक करोड़ 21 लाख 49 हजार 670 रुपये तथा प्री-लिटिगेशन मामलों में 95 लाख 64 हजार 843 रुपये की समझौता राशि तय हुई।

### यूकेडी ने राज्य सरकार का पुतला दहन किया

**अल्मोड़ा।** यूकेडी के शीर्ष नेताओं को हिरासत में लेने पर कार्यकर्ताओं में रोष है। शनिवार को नाराज कार्यकर्ताओं ने नगर के चौघानपाटा में राज्य सरकार का पुतला फूंक जमकर प्रदर्शन किया। इस दौरान सरकार पर जनभावनाओं के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगाया। मौके पर यूकेडी जिलाध्यक्ष दिनेश जोशी ने कहा कि भराड़ीसैंण गैरसैंण को जा रहे यूकेडी के शीर्ष नेताओं को रोककर हिरासत में ले लिया गया। जबकि कई कार्यकर्ताओं को नजरबंद कर दिया गया। कहा कि लंबे समय से मांग के बावजूद सरकार गैरसैंण को स्थाई राजधानी घोषित नहीं कर रही है। लोकतांत्रिक तरीके से विरोध के लिए जा रहे नेताओं के साथ इस तरह का व्यवहार कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुतला फूंकने वालों में केंद्रीय मंत्री गिरीश नाथ गोस्वामी, युवा प्रकोष्ठ केंद्रीय संगठन मंत्री नरेंद्र सिंह बिष्ट, पान सिंह लटवाल, महिला जिलाध्यक्ष दीपा जोशी, युवा संगठन जिलाध्यक्ष रघुवर सिंह भाकुनी, सोनू नेगी, विनोद बिष्ट, मोहित साह, किरन मेहरा, दिवेश जोशी, अमित कुमार, अमन सिंह समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### उत्पादों के चयन के बारे में जानकारी दी

**बागेश्वर।** विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस (15 मार्च) की पूर्व बेला पर उपभोक्ता जागरूकता गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी में भारतीय मानक ब्यूरो के रिसोर्स पर्सन दीपचंद्र जोशी ने बीएड प्रशिक्षकों को उपभोक्ता अधिकारों और सुरक्षित उत्पादों के चयन के बारे में जानकारी दी। उन्होंने उपभोक्ताओं को आईएसआई मार्क, हॉलमार्क और आरमार्क वाले उत्पाद खरीदने के लिए प्रेरित किया। गोष्ठी के बाद बीडी पांडे कैंपस से उपभोक्ता जन जागरूकता रैली निकाली गई, कैंपस के निदेशक डा. कमल किशोर जोशी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर बीएड विभाग अध्यक्ष डा. पंकज दुबे, अखिलेश चौहान, डा. अमित जोशी आदि मौजूद थे।

# पड़ोसी के घर में चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार

**काशीपुर।** पड़ोसी के घर में चोरी करने के आरोपी को कोतवाली आईटीआई पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक बीती 10 मार्च को मौहम्मद इस्लाम पुत्र गुलाम हुसैन निवासी ग्राम परमानंदपुर, काशीपुर ने तहरीर देकर बताया कि 28 फरवरी को देर रात करीब पौने बारह बजे उसकी गैरहाजिरी में उसकी छत से एक युवक घर में दाखिल हुआ और उसकी अलमारी खोल कर अलमारी में रखे 5 हजार रूपये नगद व एक मिक्सी और एक आयरन प्रेस चुरा कर ले गया। जब उक्त युवक चोरी कर रहा था तो आवाज सुनकर उसका पुत्र इसरान जाग गया और उसकी चीख सुनकर उक्त युवक उसके घर का मेन गेट खोलकर भाग गया। जब उक्त युवक भाग रहा था तो उसके पुत्र ने उक्त युवक को पहचान लिया जो कि उसके पड़ोस में रहने वाला नदीम पुत्र मुस्तकीम था बाबत दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने धारा 305(ए)/331(4) के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया। छानबीन करती पुलिस ने शुक्रवार को आरोपी नदीम को मोदी कॉलोनी को जाने वाले रास्ते कचनाल गोसाई के पास से 1300 रुपये, एक प्रेस आयरन व एक मिक्सी समेत गिरफ्तार कर उक्त मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की है। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक शंकर सिंह बिष्ट, हेड कांस्टेबल सिराज हुसैन व रिक्रूट कांस्टेबल पंकज जोशी थे।

# दो महिलाओं की हादसे में मौत पर परिवार समेत गांव में शोक

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** बीते दिवस कपकोट से खलझूनी जा रही मैक्स वाहन सड़क दुर्घटना में मृतक दो महिलाओं का शनिवार जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम हुआ। इस बीच मृतकों एवं घायलों के रिश्तेदार व परिजन जिला अस्पताल में पहुंचे। हादसे में पानुली देवी उर्फ परूली देवी (60) पत्नी प्रतापराम, सुपुली देवी (68) पत्नी नरपतराम का शव पीएम के बाद परिजनों को सौंपा। यहां पहुंचे मृतकों के परिजनों को पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश ऐठानी सहित कई जन प्रतिनिधियों ने सांत्वना दी। हालांकि इस बीच परिजन अपने को खोने के गम में रोते बिलखते रहे। वही हादसे में वाहन चालक 31 वर्षीय दीपक राम पुत्र नैन राम, 32 वर्षीय नीमा देवी पत्नी दीपक राम, 45 वर्षीय प्रेमा देवी पत्नी हरीश राम, 38 वर्षीय यशोदा देवी पत्नी रमी राम, 38 वर्षीय कमल चौड़िया पुत्र शेर सिंह घायल हुए थे। घायलों में कमल और दीपक को हायर सेंटर हल्द्वानी रेफर किया गया है। जबकि अन्य तीन घायलों नीमा देवी, प्रेमा देवी, यशोदा देवी का जिला अस्पताल बागेश्वर में उपचार चल रहा है। चिकित्सकों के अनुसार तीनों घायल अब खतरे से बाहर है। शनिवार को उपजिलाधिकारी प्रियंका रानी ने घायलों से मुलाकात कर उनका हाल जाना।



### अनूप अग्रवाल ने कोतवाली में दर्ज कराए बयान

**काशीपुर।** विभिन्न मुकदमों में आरा.पी अनूप अग्रवाल ने उच्च न्यायालय के आदेश पर अपने अधिवक्ताओं के साथ कोतवाली पहुंचकर अपने बयान दर्ज कराये। कोतवाली में सीओ व कोतवाली प्रभारी की मौजूदगी में जांच अधिकारी ने आरा.पी अनूप अग्रवाल के बयान दर्ज किये। बता दें कि अनूप अग्रवाल पर बाजपुर व काशीपुर कोतवाली मे कई मुकदमे दर्ज हैं। उक्त मुकदमों में अनूप अग्रवाल अपने बयान दर्ज नहीं करा रहे थे। उच्च न्यायालय नैनीताल ने आरोपी अनूप अग्रवाल को संबंधित कोतवाली में जाकर जांच अधिकारी के सामने बयान दर्ज कराने के आदेश दिये, जिस पर आज अनूप अग्रवाल अपने अधिवकता आनंद रस्तोगी व अन्य लोगों के साथ बयान दर्ज कराने जांच अधिकारी के सामने पेश हुए। कोतवाली में जांच अधिकारी ने उनके बयान दर्ज किये। अनूप अग्रवाल के साथ गदरपुर के विधायक अरविंद पांडे, गगन कांबोज समेत नगर के विभिन्न लोग मौजूद थे।

# सफल विद्यार्थियों का सम्मान

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**कालाढूंगी।** कालाढूंगी क्षेत्र स्थित कुंवर क्लासेस कोचिंग सेंटर ने अपने छात्रों को सरकारी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने पर सम्मानित किया। 9 वर्षों में सेंटर के सैकड़ों छात्रों ने विभिन्न सरकारी विभागों में अपनी जगह बनाई है। शनिवार को वार्ड नंबर दो स्थित कुंवर क्लासेस में आयोजित कार्यक्रम में 18 छात्रों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने आबकारी विभाग, परिवहन विभाग, पुलिस विभाग सहित अन्य सरकारी विभागों में सफलता प्राप्त की। सफल छात्रों में भास्कर मेहरा, हेमा मेहरा (आबकारी विभाग), कार्तिक सती, कपिल पंत, कृष्णा आर्या (परिवहन विभाग), मयंक सती, भाष्कर बुधलाकोटी, भावेश पाठक, मोहित आर्या, नीरज उपाध्याय, हर्षित बोरा, सौरभ उर्फ अंकू, हर्षिता दानी, प्रियंका बिष्ट, मीना सैनी, कमल बुधलाकोटी जैसे छात्र शामिल थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका परिषद अध्यक्ष रेखा कत्यूरा, विकास भगत, सभासद कविता बालिया, मंडल अध्यक्ष विक्रम जंतवाल, मनोज अधिकारी आदि उपस्थित रहे। संचालिका गीता कुंवर ने बताया कि कुंवर क्लासेस 2017 से चल रहा है और अब तक 540 से अधिक छात्रों ने सरकारी नौकरियां प्राप्त की हैं।



# कमोला से हटवाए अवैध कब्जे

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**कालाढूंगी।** तहसील प्रशासन ने शनिवार को कमोला ग्राम सभा के दो. हनिया नाले के पास स्थित 2 बीघा 3 बीसवां (0.137 हेक्टेयर) खाली जमीन को अवैध कब्जे से मुक्त कराया। यह जमीन बंजर पड़ी हुई थी और इसमें कोई निर्माण आबादी नहीं था।

इस कार्रवाई के दौरान प्रशासन और काबिज ग्रामीणों के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई। एसडीएम बिपिन पंत ने बताया कि जिला अधिकारी के निर्देशन में जिलेभर में अवैध कब्जे हटाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इस भूमि को विद्युत विभाग के लिए बिजली घर बनाने हेतु आवंटित किया गया है, और विद्युत विभाग ने ताड़ बाढ़ कर इसका कब्जा ले लिया है। इस अभियान में तहसीलदार ईश्वर सिंह भीमा, फैजान खान (कानूनगो), राजस्व निरीक्षक आशुतोष चंद्र, एसडीओ दीपक भंडारी (विद्युत विभाग), एसआई जयवीर सिंह, तनवीर आलम, साजिया आदि उपस्थित थे। **वहीं,** कोटाबाग की कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख अपूर्वा बिष्ट ने प्रशासन की इस कार्रवाई पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा बिना सूचना या नोटिस दिए सीधे कब्जा करना उचित नहीं है। उन्होंने बताया कि जिस जमीन पर राजस्व और विद्युत विभाग ने कब्जा किया है, वहां गेहूं की फसल लगी थी। भूमि के कब्जेदार ने अपनी फसल काटने के लिए कुछ और समय देने की मांग की, लेकिन प्रशासन ने उनकी बात नहीं सुनी।



# लोको पायलट की सतर्कता से टला बड़ा रेल हादसा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बनबसा-टनकपुर रेलवे स्टेशन के बीच ट्रैक पर लोहे का एंगल रखने के मामले में रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने एक युवक को गिरफ्तार किया है जहां उसे न्यायालय में पेश किया गया जिस पर आरोपी को अदालत में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार 13 मार्च को इज्जतनगर कंट्रोल से सूचना मिली कि बनबसा स्टेशन के पास किलोमीटर संख्या 59/05-06 पर रेलवे ट्रैक पर लोहे का एंगल पाया गया है। सूचना पर आरपीएफ पोस्ट टनकपुर की टीम मौके पर पहुंची। जांच में पता चला कि ट्रेन संख्या 55322 के लोको पायलट ने ट्रैक पर रखे लोहे के एंगल को हटाकर स्टेशन मास्टर बनबसा को सौंप दिया था। घटनास्थल के आसपास जांच के दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने एक संदिग्ध युवक को पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम आमिर खान (32) पुत्र अनवर निवासी मनिहार गोठ, कोतवाली टनकपुर, जिला चंपावत बताया। आरोपी ने बताया कि वह नशे का आदी है और नशे के लिए चोरी करता है। उसने गांव से दो लोहे के एंगल चोरी किए थे और उन्हें काटने के लिए रेलवे ट्रैक पर रख दिया था ताकि ट्रेन गुजरने पर वे छोटे टुकड़ों में कट जाएं। प्रभारी निरीक्षक रेलवे सुरक्षा बल टनकपुर रणदीप कुमार ने बताया कि लोको पायलट की सतर्कता से एक बड़ा रेल हादसा टल गया। आरोपी के खिलाफ रेलवे अधिनियम की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।



# कूपी बैंड के पास सड़क हादसा

## कार खाई में गिरी, एक व्यक्ति की मौके पर मौत

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** जिले में सड़क हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे है। विकासखंड सल्ट में एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। जहां एक कार गहरी खाई में गिर गई। जिसमें एक व्यक्ति की मौके पर मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसे की जांच की जा रही है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार शनिवार सुबह मारचूला के कूपी बैंड के पास ग्रामीणों ने खाई में गिरा एक वाहन देखा। इसकी सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई। देखा कि वाहन संख्या यूके 19 बी 0880 खाई में गिरी हुई है। जिसमें एक व्यक्ति फंसा हुआ है। पुलिस टीम द्वारा स्थानीय लोगों की सहायता से रेस्क्यू कर व्यक्ति को वाहन से बाहर निकाला गया, लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। मृतक की शिनाख्त 35 वर्षीय सुभाष सिंह बिष्ट पुत्र धीरेंद्र सिंह बिष्ट, निवासी कचनाल गाजी, बिजली घर के पास, काशीपुर ऊधम सिंह नगर के रूप में हुई है। मृतक मूल रूप से ग्राम सुनवर्मा तल्ला, पटवारी क्षेत्र गुजडू, तहसील धुमाकोट, पौड़ी गढ़वाल के निवासी थे। थानाध्यक्ष सल्ट कश्मीर सिंह ने बताया कि मृतक पीएनबी बैंक थलीसैंण में हेड कैशियर के पद पर तैनात थे। पुलिस शव कब्जे में लेकर पंचायतनामा व पोस्टमार्टम की कार्यवाही में जुट गई है।



# अल्मोड़ा में सेवानिवृत्त केंद्रीय कर्मचारियों की बैठक

**अल्मोड़ा।** सेवानिवृत्त केंद्रीय कर्मचारी कल्याण समिति की शनिवार को मासिक बैठक आयोजित हुई। बैठक में सेवानिवृत्त कर्मचारियों समेत नगर की तमाम समस्याओं पर चर्चा हुई।

नगर निगम सभागार में आयोजित बैठक में वक्ताओं ने कहा कि इन दिनों गैस बुकिंग को लेकर लोग परेशान है। उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों के लिए बुकिंग की सरल व्यवस्था करने, जल संस्थान से नालियों की ओर बिछी पाइपलाइनों को हटाने, आवश्यकीय सेवाओं में हड़ताल पर रोक लगाने, केमू बसों के आने जाने के समय से संबंधित सूचना के लिए बोर्ड लगाने, कर्मचारियों की मासिक बैठक के लिए स्थान की व्यवस्था करने समेत तमाम मांगों को रखा। इसके अलावा सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने तमाम समस्याओं को रखा और उनके निराकरण को लेकर शासन-प्रशासन से उचित समाधान करने की मांग उठाई। यहां बैठक में एएस कार्की, रमेश चंद्र तिवारी, दिवान सिंह बिष्ट, सीएस सिराड़ी, गणेश सिंह बिष्ट, बिशन सिंह, गंगा सिंह फर्त्याल, शेष राम, एमडी काण्डपाल, एनडी पांडे, एनसी जोशी मौजूद रहे।

### सूचनाः नाम परिवर्तन

सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम इजाज अहमद (IZAZ AHMAD) से बदलकर इजाज खान (IZAZ KHAN) रख लिया है। भविष्य में मुझे इजाज खान के नाम से जाना व पहचाना जाए।

इजाज खान पुत्र फय्याज अहमद
वार्ड 20, इन्द्रानगर, सिरौली कलां,
किच्छा (उ0सिं0 नगर)

रमज़ान मुबारक

ज़ाहिद कुरैशी
समाजसेवी कालाढूंगी, नैनीताल 9756682163

रमज़ान माह की दिली मुबारकबाद

महमूद हसन बंजारा
प्रदेश महामंत्री
भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा

शाकिर हुसैन (पत्रकार)

नसीम जहां
सभासद, वार्ड 4
नगर पालिका परिषद, कालाढूंगी

रमज़ान मुबारक

सरवर अली
सभासद वार्ड नंबर-03
नगर पालिका कालाढूंगी
जिला नैनीताल
+91 63988 36682

रमज़ान मुबारक

मोहम्मद हसनैन ख़तीबी
(पूर्व उपाध्यक्ष)
उत्तराखण्ड मदरसा बोर्ड
उत्तराखंड सरकार
हल्द्वानी (नैनीताल)
मो. 9719824399

माह-ए-रमज़ान मुबारक

बासित खान
(सदर)
जामा मस्जिद कमेटी
काठगोदाम
जिला - नैनीताल
मो० 9412085347

मून सर्विस प्वाइंट
फ्रिज, वाशिंग मशीन, एयर कंडीशनर
रिपेयर एंड स्पेयर पार्ट्स
(एयर कंडीशनर किराये पर उपलब्ध हैं)

Zubair Khan Najeeb Khan
Near-Axis Bank ATM, Church Compound
Nainital Raod Haldwani Mo: 9837036176, 9837314505

रमज़ान माह की दिली मुबारकबाद


इसरार हुसैन
प्रदेश उपाध्यक्ष
भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा, उत्तराखण्ड।

रमज़ान मुबारक
जनसेवा एकता कमेटी

अध्यक्ष अलीम खान

उपाध्यक्ष अनवर उर्फ मुन्नू
कार्यालयः बरेली रोड, उजाला नगर, हल्द्वानी
मो. 9837519829

रमज़ान माह की दिली मुबारकबाद

मोकिन सैफी
(विधानसभा अध्यक्ष)
यूथ कांग्रेस, हल्द्वानी-नैनीताल
पार्षद पुत्र वार्ड 33, नगर निगम हल्द्वानी

रमज़ान माह की दिली मुबारकबाद


हाजी नदीम अहमद
पूर्व प्रदेश महासचिव
यूथ कांग्रेस उत्तराखण्ड, कालाढूंगी

# शातिर चोर चढ़ा पुलिस के हत्थे

## मुखानी थाना क्षेत्र में हुई चोरी का खुलासा, माल बरामद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मुखानी थानाक्षेत्र के अतंर्गत हुई चोरी का पुलिस ने खुलासा करते हुए एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया। जिसके पास से पुलिस ने 13 लाख के सोने के जेवरात बरामद किए है। पकड़े गए शातिर चोर के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया। शनिवार को पुलिस बहुउद्देशीय भवन में मामले का खुला. सा करते हुए एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी ने बताया कि आदर्श कॉलोनी, गौड़धड़ा बिठौरिया नंबर-1 निवासी हेम चंद लोहनी 2 मार्च को परिवार के साथ अपने पैतृक गांव थापला, ताकुला जिला अल्मोड़ा गए हुए थे। 5 मार्च को जब वह वापस लौटे तो घर का ताला टूटा और अंदर का सामान बिखरा पड़ा था। पीड़ित के अनुसार चोर घर में रखे सोने के जेवरात,



जिनमें मटरमाला करीब 2 तोला, पाइपमाला लगभग डेढ़ तोला, नथ करीब चौथाई तोला, मांगटीका करीब 6 आना, पौंची लगभग 2 तोला, झुमके की एक जोड़ी करीब चौथाई तोला और हार करीब 2 तोला के साथ ही करीब 7 हजार रुपये नकद चोरी कर ले गए। एसएसपी ने बताया कि घटना के अनावरण के लिए मुखानी पुलिस की टीम ने करीब 150 सीसीटीवी कैमरे खंगाले। नतीजा 13 मार्च को पुलिस टीम को हल्दीखाल जाने वाले रास्ते से एक संदिग्ध हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम गौरव कुमार पुत्र संतोष कुमार निवासी चौपला चौराहा दमुवाढूंगा काठगोदाम बताया। उसके पास मौजूद थैले की तलाशी ली तो हेम चंद के घर से चोरी माल बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी के पास से करीब आठ तोला सोने के आभूषण, 2250 रुपए और मोबाइल बरामद किया है। पुलिस ने चोर पकड़ने वाली पुलिस टीम को दो हजार रुपए इनाम की घोषणा की है। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष मुखानी सुशील जोशी, एसआई वीरेंद्र चंद्र, कांस्टेबल रोहित कुमार, बलवंत सिंह, धीरज सुगड़ा, रविंद्र खाती व अरविंद थे।

## नशा मुक्ति केन्द्र से व्यक्ति लापता

**हल्द्वानी।** शहर के एक नशा मुक्ति केंद्र से एक व्यक्ति के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला सामने आया है। नशा मुक्ति केंद्र के संचालक सचिन वर्मा ने हल्द्वानी कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराई है। जानकारी के पुलिस को दी तहरीर में नई पहचान नशा मुक्ति केंद्र के संचालक सचिन वर्मा ने पुलिस को बताया कि नशा मुक्ति केंद्र में राजकुमार वर्मा नाम का व्यक्ति का वर्ष 2014 की 10 दिसंबर को केंद्र में भर्ती हुआ था। उपचार के बाद उसकी नशे की आदत छूट गई और उसे केंद्र में ही छोटो-मोटा काम दे दिया गया। बीती 8 जनवरी को राज. कुमार बिना बताए कहीं गायब हो गया। उसके घर भी पता किया गया, लेकिन वह वहां भी नहीं मिला। कोतवाल विजय मेहता ने बताया कि गुमशुदगी दर्ज कर लापता की तलाश की जा रही है।

# भूखों को खाना खिलाया तो दोनों युवक ले उड़े फोन

## तरस खाना युवक को महंगा पड़ गया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** ड्यूटी से लौट रहे एक युवक को दो लाचार युवकों को खाना खिलाना भारी पड़ गया। तरस खाकर युवक ने खाना खिलाया और ढाबे में ऑन लाइन पेमेंट किया। तभी शातिर दोनो युवक उसका फोन लेकर फरार हो गया और कुछ ही देर में खाता खाली कर दिया। पुलिस ने वारदात को अंजाम देने वाले शातिरों को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार मूलरूप से टीमर बड़ौन खनस्यू निवासी हरेंद्र सिंह पुत्र मकौल सिंह हल्द्वानी में एक इंश्योरेंस कंपनी में काम करते हैं और कुसुमखेड़ा में रहते हैं। हरेंद्र के अनुसार बीती 9 मार्च की दोपहर तकरीब साढ़े तीन बजे वह ड्यूटी से हल्द्वानी बस अड्डा पहुंचे थे। मटर गली के पास उन्हें 19 और 22 वर्षीय दो युवकों ने घेर लिया। दोनों लाचार और बेहद गरीब नजर आ रहे थे। दोनों हरेंद्र के पीछे पड़ गए। बोले कि उन्होंने कई दिनों से खाना नहीं खाया है। खाने के लिए दोनों युवक हरेंद्र के हाथ-पैर जोड़ने लगे। युवकों पर तरस खाकर हरेंद्र ने दोनों को पास के एक ढाबे में भर पेट खाना खिलाया। खाना खाते ही एक युवक चलता बना। इस बीच हरेंद्र मोबाइल निकाल कर ढाबे पर मोबाइल के जरिये बिल का भुगतान किया। वहीं खड़ा दूसरे युवक ने ट्रांजेक्शन के दौरान पासवर्ड देख लिया। हरेंद्र अनभिज्ञ थे और कुछ समझ पाते इससे पहले ही युवक ने झपट्टा मारा और मोबाइल छीन कर फरार हो गया। हरेंद्र ने पीछा भी किया, लेकिन वह हाथ नहीं आया। जिसके बाद हरेंद्र सीधा हल्द्वानी कोतवाली पहुंचे। तभी उन्हें पता लगा कि उनके खाते से 42 हजार रुपए निकाल लिए गए हैं। जानकारी मिलते ही पुलिस घटना स्थल पहुंची। सीसीटीवी चेक किए और शातिरों की तलाश शुरू कर दी। हरेंद्र के अनुसार पुलिस ने दोनों शातिरों को पकड़ लिया और लगभग आधी रकम भी बरामद कर ली है। कोतवाल विजय मेहता ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और जांच की जा रही है।

## ठेकेदार और महिला कांस्टेबल के बीच का विवाद कोतवाली पहुंचा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मकान बनाने का ठेका लेने वाले ठेकेदार और महिला कांस्टेबल के बीच चल रहा विवाद कोतवाली पहुंच गया। पुलिस ने दोनों पक्षों को पूछताछ के हल्द्वानी कोतवाली बुलाया तो विवाद और बढ़ गया। आपा खो बैठे महिला कांस्टेबल के पति ने कोतवाली के एसएसआई के सामने ही शिकायतकर्ता ठेकेदार को थप्पड़ जड़ दिया। थप्पड़ खाने के बाद पीड़ित ने एसएसपी से शिकायत की। एसएसपी के निर्देश पर कोतवाली पुलिस ने महिला कांस्टेबल के पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार मूलरूप से बेतालघाट निवासी ठेकेदार दिगंबर मेहरा ने पहले इस मामले में एसपी सिटी मनोज कत्याल को शिकायती पत्र देकर कहा कि था कि उसने सीबीसीआईडी में तैनात महिला सिपाही पूनम कोरंगा पत्नी राकेश बिष्ट का टीपी नगर क्षेत्र में मकान बनाया था। आरोप है कि मकान बनाने के बाद उक्त लोगों ने उसके लाखों रुपए रोक लिए। दिगंबर की शिकायत पर एसपी ने हल्द्वानी कोतवाली को मामले की जांच के निर्देश दिए। इसके तहत बीती 12 मार्च को पुलिस ने दोनों पक्षों को कोतवाली बुलाया। आरोप है कि कोतवाली में राकेश बिष्ट ने एसएसआई भूपेंद्र सिंह मेहता के सामने उसे थप्पड़ जड़ दिया और जान से मारने की धमकी दी। आरोप पूनम पर भी है कि उसने दिगंबर को झूठे केस में बंद कराने की धमकी दी। अगले दिन दिगंबर पूरे मामले की शिकायत लेकर एसएसपी डा.मंजूनाथ टीसी के पास पहुंचा। कोतवाल विजय मेहता ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# एक और मुसीबत में फंसी ब्लॉगर ज्योति अधिकारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सोशल मीडिया पर अपनी सक्रियता के लिए पहचानी जाने वाली ब्लॉगर ज्योति अधिकारी की

### ब्लॉगर पर दर्ज हुआ एक और मुकदमा, पति पर भी कानूनी शिकंजा

मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। अब उनके खिलाफ एक और मुकदमा दर्ज किया गया है, जो इस बार उनके पति से जुड़ा हुआ है। यह मुकदमा एक कथित शराब बिक्री के मामले में दर्ज हुआ है, जिसका वीडियो हाल ही में सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। वीडियो में ज्योति अधिकारी के पति को अवैध रूप से शराब बेचते हुए देखा गया है, जिसके बाद हल्द्वानी कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। नए मुकदमे में नीरज भट्ट नामक एक व्यक्ति ने ज्योति अधिकारी और उनके पति के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। नीरज जो कि हल्द्वानी के संपदा विहार, लालमणि निवाड़ फेज 1 में किराने की दुकान चलाता है, ने आरोप लगाया कि कुछ समय पहले ज्योति के पति ने उसकी दुकान के पास शराब बेचने की कोशिश की थी। जब नीरज ने उन्हें ऐसा करने से रोका, तो आरोप है कि ज्योति के पति ने नीरज के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इस घटना का दावा किया गया है कि सीसीटीवी कैमरे में भी यह पूरी वारदात कैद हुई है।

नीरज का कहना है कि इस घटना के बाद ज्योति अधिकारी ने फेसबुक लाइव वीडियो के जरिए उनकी पत्नी पर झूठे आरोप लगाए और उन्हें जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद 12 मार्च को ज्योति के पति ने नीरज के घर पर आकर उन्हें धमकी दी और फिर उनकी दुकान पर जाकर गाली-गलौज की। नीरज के मुता. बिक, जब ज्योति ने डायल 112 पर झूठी सूचना दी कि नीरज उनके घर पर आया था, तो उनके पास इसका भी साक्ष्य है। नीरज का कहना है कि उस समय वह अपनी दुकान पर ही मौजूद थे और यह भी सीसीटीवी फुटेज में साफ दिखाई देता है। कोतवाली प्रभारी विजय मेहता ने बताया कि तहरीर के आधार पर ज्योति अधिकारी और उनके पति के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 115(2), 351(2), 351(3), 352 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

### गालियों पर ठहाके लगाने वाली महिला पुलिस कर्मियों को नोटिस

**हल्द्वानी। काठगोदाम** थानाक्षेत्र के चौपाटी में ब्लॉगर ज्योति अधिकारी और सुनीता भट्ट के बीच हुए विवाद को लेकर पुलिस महकमे में हलचल मच गई है। एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी ने इस घटना को गंभीरता से लेते हुए वायरल हो रहे



वीडियो की जांच शुरू कर दी है। इस वीडियो में ज्योति अधिकारी, सुनीता भट्ट को गालियां देती हुई सुनाई दे रही हैं, जबकि मौके पर मौजूद महिला पुलिस कर्मी ज्योति की गालियों पर ठहाके लगाते हुए नजर आ रही हैं। इस घटना के बाद पुलिस की सोशल मीडिया पर खासी किरकिरी हो रही है, जिससे पुलिस विभाग की असंवे. दनशीलता पर सवाल उठने लगे हैं। इतना ही नहीं, इस घटना के बाद काठगोदाम पुलिस ने दोनों ब्लॉगर को 23 घंटे से अधिक समय तक हवालात में रखा। हवालात से बाहर आते ही एक बार फिर ज्योति के साथ कुछ महिला पुलिस कर्मी ठहाके लगाते हुए दिखीं, जिससे घटना की गंभीरता और बढ़ गई। एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी ने इस मामले को बेहद असंवेदनशील पुलिसिंग करार दिया और इस पर कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने बताया कि ठहाके लगाने वाली सभी महिला पुलिस कर्मियों को चिह्नित किया गया है और उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया जा रहा है। इसके बाद उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## आज यातायात डायवर्जन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** कैंची धाम, भवाली और भीमताल क्षेत्र में वीकेंड के दौरान बढ़ती श्रद्धालुओं और पर्यटकों की भीड़ को देखते हुए पुलिस ट्रैफिक डायवर्जन प्लान लागू किया है। कैंची धाम मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या अधिक संख्या को देखते हुए भारी वाहनों की आवाजाही नियंत्रित करने के साथ पर्यटकों के वाहनों के लिए पार्किंग और शटल सेवा की व्यवस्था की गई है। वीकेंड के दौरान अल्मोड़ा और रानीखेत से हल्द्वानी की ओर आने वाले भारी वाहनों को क्वारब और खैरना से डायवर्ट कर रामगढ़-मुक्तेश्वर मार्ग से हल्द्वानी भेजा जाएगा, ताकि कैंची धाम, भवाली और भीमताल क्षेत्र में यातायात का दबाव कम किया जा सके। हल्द्वानी से पर्वतीय क्षेत्रों की ओर जाने वाले आवश्यक सेवाओं से जुड़े भारी वाहन अपने निर्धारित मार्ग से संचालित होते रहेंगे। अन्य भारी वाहनों को यातायात की स्थिति के अनुसार भवाली मस्जिद तिराहा से पहले रोका जा सकता है या उन्हें रामगढ़ और खुटानी मोटर मार्ग से उनके गंतव्य की ओर भेजा जाएगा। बाहरी जनपदों और राज्यों से आने वाले पर्यटक यदि अपने निजी वाहनों से भीमताल मार्ग से कैंची धाम मंदिर जाना चाहते हैं तो उनके वाहनों को भीमताल विकास भवन पार्किंग में खड़ा कराया जाएगा। यहां से श्रद्धालुओं को स्थानीय शटल सेवा के जरिए भवाली और कैंची धाम मंदिर दर्शन के लिए भेजा जाएगा। पुलिस ने सभी अपील की है कि वीकेंड के दौरान लागू ट्रैफिक डायवर्जन प्लान का पालन करें और यातायात व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें।

# भिक्षावृत्ति से जुड़े लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण

## सोबन सिंह जीना बेस अस्पताल में चिकित्सा शिविर संपन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय और समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित स्माइल प्रोजेक्ट योजना के तहत शनिवार को भिक्षावृत्ति में लिप्त व्यक्तियों के चिकित्सा परीक्षण के लिए बेस अस्पताल में एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य भिक्षावृत्ति में संलिप्त व्यक्तियों की पहचान कर उन्हें स्वास्थ्य सेवाएं, परामर्श और पुनर्वास से जुड़ी सुविधाएं प्रदान करना था, ताकि उन्हें समाज की मुख्य धारा से जोड़ा जा सके। शिविर के दौरान भिक्षावृत्ति से जुड़े व्यक्तियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, उन्हें चिकित्सकीय परामर्श



प्रदान किया गया और पुनर्वास योजनाओं की जानकारी दी गई। इसके साथ ही, स्वरोजगार, कौशल विकास और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोड़ने के लिए मार्गदर्शन भी दिया गया। कार्यक्रम के समापन पर मौजूद अधिकारियों और चिकित्सकों ने इस तरह के शि. विरों के महत्व पर बल देते हुए कहा कि यह पहल भिक्षावृत्ति में लिप्त व्यक्तियों को सम्मानजनक जीवन जीने का अवसर प्रदान करेगी और वे समाज की मुख्यधारा में सम्मिलित हो सकेंगे। शिविर में अपर सचिव समाज कल्याण और प्रबंध निदेशक बहुउद्देशीय विश्वविद्यालय देहराद. ून, प्रकाश चन्द्र, सीएमएस डा. केएस दताल, अस्थिरोग विशेषज्ञ डा. हर्ष हेरी, फिजिशियन डा. कुवंर, समाज कल्याण सहायक निदेशक केआर जोशी, जिला समाज कल्याण अधिकारी विश्वनाथ गौतम, विमला जोशी सहित कई लोग मौजूद मौजूद रहे।

## काठगोदाम में दो छात्र गुटों में भिड़ंत, चाकू से हमला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** काठगोदाम थाना क्षेत्र के नरीमन तिराहे के पास शनिवार को स्कूल की छुट्टी होने के बाद दो छात्र गुटों के बीच जमकर विवाद हो गया। देखते ही देखते मामला इतना बढ़ गया कि एक छात्र ने दूसरे पर चाकू से हमला करने का प्रयास किया। लेकिन गनीमत रही कि किसी को चाकू नहीं लगा। जानकारी के अनुसार बीते शनिवार को परीक्षा समाप्त होने के बाद नरीमन तिराहे के पास स्थित एक सरकारी स्कूल के बाहर कुछ छात्रों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। देखते ही देखते दोनों पक्षों के छात्र आमने-सामने आ गए और सड़क पर ही झगड़ा शुरू हो गया। दोनो छात्र गुटों के बीच जमकर हाथापाई हो गई, और देखते ही देखते एक छात्र ने गुस्से में आकर चाकू निकाल लिया और दूसरे छात्र पर हमला करने का प्रयास किया, लेकिन वार खाली चला गया। इसके बाद दोनों के बीच हाथापाई भी हुई। सड़क पर हो रहे इस हंगामे को देखकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और दोनों पक्षों को किसी तरह अलग कर मामला शांत कराया। बताया जा रहा है कि किसी छात्रा को लेकर दोनों छात्रों के बीच पहले से तनाव चल रहा था, जो शनिवार को विवाद का कारण बन गया। मल्ला काठगोदाम चौकी प्रभारी दिलीप कुमार ने बताया कि इस संबंध में पुलिस को अभी तक कोई औपचारिक शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। शिकायत मिलने पर मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# विज्ञान संचेतना कार्यशाला सम्पन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** विकासखंड संसाधन केंद्र पीरुमदारा में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान भीमताल के तत्वाधान में आयोजित तीन दिवसीय विज्ञान संचेतना कार्यशाला का समापन शनिवार को प्राचार्य सुरेश चंद्र आर्य द्वारा किया गया। समापन अवसर पर प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए प्राचार्य ने कहा कि बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण और जिज्ञासा विकसित करने के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। खंड शिक्षा अधिकारी रामनगर हवलदार प्रसाद की अध्यक्षता एवं प्रधानाध्यापक सुभाष चंद्र जुयाल के संचालन में आयोजित इस कार्यशाला में राजकीय कन्या उच्च प्राथमिक



विद्यालय के 67 बच्चों ने हिस्सा लिया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य बच्चों में भौतिक, रसायन एवं जीव विज्ञान के विभिन्न पहलुओं पर वैज्ञानिक दृष्टिकोण और रुचि उत्पन्न करना था। इस दौरान सभी प्रतिभागी बच्चों को प्रमाण पत्र और पुरस्कार वितरित कर किया गया। कार्यशाला में वरिष्ठ प्रवक्ता ललित प्रसाद तिवारी, डा. पूरन सिंह, राजेश जोशी, विमल थपलियाल, शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष मनोज तिवारी, डा. विजेता बिष्ट, डा.विजेता मनराल, रश्मि जोशी, कमलकांत पांडे, शिवोम अग्रवाल, रूपाली, राखी धनगर, कुमारी सारिका चौहान, गुमान सिंह राणा, जीत सिंह कठयत आदि शिक्षक मौजूद रहे।

## कृड़ा पृथक्करण को लेकर जन जागरूकता अभियान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नगर निगम की ओर से शहर में स्रोत पर कूड़ा पृथक्करण को लेकर जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। शनिवार को वार्ड-43 कार्तिकेय कॉलोनी में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। अभियान के तहत निगम की टीम ने स्थानीय लोगों से गीले और सूखे कूड़े को अलग-अलग कर नगर निगम की गाड़ी को देने की अपील की गई। नगर निगम के सफाई निरीक्षक अमूल असवाल और चतर सिंह ने लोगों को कूड़ा पृथक्करण के महत्व के बारे में जानकारी दी। इस दौरान सिटी मिशन मैनेजर आईपी पंत भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने भी सक्रिय भागीदारी करते हुए घर-घर जाकर लोगों को जागरूक किया। उन्होंने लोगों को बताया कि गीला और सूखा कूड़ा अलग करने से कूड़े के निस्तारण की प्रक्रिया आसान होती है और शहर को स्वच्छ बनाए रखने में मदद मिलती है। उन्होंने बताया कि यह जनजागरूकता अभियान पूरे नगर क्षेत्र में चलाया जा रहा है। इसके तहत अलग-अलग वार्डों में स्वच्छता टीम और स्वयं सहायता समूह की महिलाएं लोगों को जागरूक कर रही है। निगम अधिकारियों ने बताया कि घर-घर जाकर चलाए जा रहे सूखा और गीला कूड़ा पृथक्करण अभियान का आज तीसरा दिन था। अब काफी लोग इस विषय को समझने लगे है और कूड़ा अलग-अलग कर गाड़ी में देने लगे हैं।

## श्री रंगीला श्याम महोत्सव में झूमे भक्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** श्री श्याम महिला व मित्र मंडल एवं श्री श्याम सखी मंडल हल्द्वानी के तत्वाधान में आयोजित श्री रंगीला श्याम महोत्सव एवं भजन संध्या में भक्तों ने आध्यात्मिक आनंद का अनुभव किया। कार्यक्रम में शीश के दानी की अमर कथा पर आधारित नाटिका चुनरी उत्सव का मंचन किया गया।

इसके साथ ही अखंड ज्योति और श्री श्याम रसोई 56 भोग का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम की विशेष प्रस्तुति में विश्वविख्यात भजन सम्राट कोलकाता के केशव मधुकर ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर देने वाले भजनों की प्रस्तुति दी। हल्द्वानी के विवेक शर्मा ने भी श्री श्याम की महिमा का गुणगान करते हुए भजनों



में भाग लिया।

कार्यक्रम में प्रस्तुत भजनों में भगत के बस में है भगवान, दिल दीवाना हो गया, सांवली सूरत पे मोहन जैसे भजन शामिल थे, जिन्होंने भक्तों को पूरी तरह मंत्रमुग्ध कर दिया। भजन संध्या में मेयर गजराज सिंह बिष्ट, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रदीप बिष्ट, भाजपा नगर अध्यक्ष मधुकर, तरूण बंसल, मधु अग्रवाल, आशा गोयल, किरण गर्ग, प्रिया गुप्ता, अनीता अग्रवाल, गोल्डी दिनेश चंद अग्रवाल, डा. प्रमोद अग्रवाल गोल्डी, पवन, अशोक अग्रवाल, शशि भूषण, राक. ेश गर्ग, श्रुति, साक्षी अग्रवाल, सीमा गोयल, वैभव गुप्ता, स्मृति, स्नेहा, प्रतिभा, सान्विता सहित भारी संख्या में श्याम प्रेमी मौजूद रहे।

# खाली सिलेंडर लेकर उतरे सड़कों पर

## जनता पर गैस और तेल की बढ़ती कीमतों का बोझ बर्दाश्त नहीं: भाकपा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** रसोई गैस किल्लत के विरा.



ेध में शनिवार को भाकपा माले के कार्यकर्ताओं ने कार रोड चौराहे बिंदुखत्ता पर केन्द्र सरकार व राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पुतला दहन किया। इस दौरान भाकपा माले के जिला सचिव डा. कैलाश पाण्डेय ने कहा कि रसोई गैस संकट ने यह साबित कर दिया है कि मोदी सरकार की ऊर्जा नीति पूरी तरह कॉरपोरेट-परस्त और जनविरोधी है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार अंतरराष्ट्रीय बाजार के उतार-चढ़ाव का बहाना बनाकर रसोई गैस, पेट्रोल और डीजल की कीमतों का बोझ आम जनता पर डाल रही है। सरकारी नीतियों ने रिलायंस, अडानी जैसे बड़े कॉरपोरेट घरानों को लाभ पहुंचाया जबकि आम लोगों को महंगाई और ऊर्जा असुरक्षा झेलनी पड़ रही है। किशन बघरी ने कहा कि लगातार बढ़ती गैस कीमतों के कारण गरीब और मध्यम वर्ग के घरों में रसोई संकट पैदा हो गया है। विमला रौथाण ने कहा कि उत्तराखंड में स्थिति और गंभीर है। एक ओर गैस संकट है और दूसरी ओर बिजली लगातार दस घंटे तक गायब रहती है। भाकपा माले ने सरकार से मांग की कि ऊर्जा क्षेत्र को कॉरपोरेट मुनाफे का साधन नहीं बल्कि जनता की जरूरतों के अनुसार चलाया जाए। उन्होंने कहा कि रसोई गैस, पेट्रोल और डीजल पर लगे भारी कर तुरंत कम किए जाएँ, और रसोई गैस पर सार्वजनिक सब्सिडी बहाल की जाए। पुतला दहन करने वालो में पुष्कर दुबड़िया, गोविंद जीना, बिशन दत्त जोशी, आनंद दानू, नैन सिंह कोरंगा, प्रमोद कुमार, वीरभद्र भंडारी, गोपाल गड़िया, उमेश बैठा, गोलू, अजय पाल, भगवती, आयशा आदि मौजूद रहे।

# यूकेडी ने फूंका सरकार का पुतला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** यूकेडी के शीर्ष नेताओं की गिरफ्तारी के विरोध में यूकेडी कार्यकर्ताओं ने राज्य सरकार के



खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए पुतला दहन किया। जिसके बाद यूकेडी कार्यकर्ताओं ने सिटी मजिस्ट्रेट के माध्यम से मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन भेजते हुए उन्हें शीघ्र ही रिहा करने की मांग की। शनिवार को यूकेडी के जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह चौहान व युवा जिलाध्यक्ष हरीश मेवाड़ी के नेतृत्व में दर्जनों यूकेडी कार्यकर्ता तिकोनिया स्थित बुद्धपार्क में एकत्र हुए और यूकेडी के शीर्ष नेताओं को शीघ्र ही रिहा करने की मांग को लेकर प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया, और पुतला दहन किया। जिसके बाद यूकेडी कार्यकर्ताओं ने सिटी मजिस्ट्रेट के माध्यम से मुख्यमंत्री को सौंपे गए ज्ञापन में कहा कि गिरफ्तार किए गए यूकेडी के शीर्ष नेताओं को तत्काल प्रभाव से रिहा किया जाए। इसके साथ ही उत्तराखंड की राजधानी स्थाई राजधानी की आरक्षण बनाने का संकल्प लिया गया। इस मौके पर पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष भुवन चंद जोशी, पार्षद रवि बाल्मीकि, उत्तम सिंह बिष्ट, श्याम सिंह नेगी, मोहन कोमल, मोहन सिंह नेगी, गोविंद सिंह, हीरा सिंह बिष्ट, रवि कन्याल, मोहम्मद फुरकान, विनय शर्मा, प्रवीण जोशी, करण मेहता, राजीव लोचन, विनोद बोरा, दीवान सिंह मेवाड़ी, आनंद बोरा, नीरज बिष्ट, दीपक भारती, अशोक बोरा आदि मौजूद रहे।

**सूचना: नाम परिवर्तन**

सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पूर्व नाम तस्लीम अहमद से बदलकर तस्लीम खान (TASLEEM KHAN) एवं पिता का नाम इजाज अहमद से बदलकर इजाज खान (IZAZ KHAN) कर लिया है। भविष्य में हमें नए नाम से जाना-पहचाना जाए।

तस्लीम खान पुत्र इजाज खान वार्ड 20, इन्द्रानगर, सिरौली कलां, किच्छा (उ0सिं0 नगर)।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादक:** एस.एन. राना

*कार्यकारी सम्पादक **आनन्द बत्रा 'सुमन'**

☎05946-250286

मुख्यालय: मोबाइल-9720007290

R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264

www.shahtimesnews.com

email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# गैस की किल्लत और महंगाई को लेकर सरकार का पुतला दहन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** गैस की किल्लत तथा बढ़ती हुई महंगाई को लेकर महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश देखने को मिला।

महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष रेखा सोनकर के नेतृत्व में आक्रोशित महिलाओं ने ग्रामीण क्षेत्र में भाजपा सरकार का पूतला दहन किया तथा भाजपा सरकार के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए अपना गुस्सा जाहिर किया। आपको बता दें कि ग्रामीण क्षेत्रों में रसोई गैस की होम डिलीवरी बंद होने तथा ऑनलाइन बुकिंग में दिक्कत होने से रसोई गैस को लेकर खटीमा क्षेत्र में काफी मारामारी मची हुई है। खटीमा के शिव इंडेन गैस एजेंसी पर उपभोक्ताओं का तांता लगा हुआ है। उपभोक्ता सुबह से लेकर शाम तक एजेंसी पर सिलेंडर की लाइन लगाकर सिलेंडर के लिए इंतजार करते नजर आ रहे हैं। जबकि प्रशासन का दावा है कि खटीमा में गैस वितरण व्यवस्था सामान्य है, रसोई गैस की कोई किल्लत नहीं है, कुछ लोगों द्वारा बेवजह अफवाह फैलाया जा रहा है। वहीं परेशान जनता सिलेंडर के दाम बढ़ाने के साथ ही सिलेंडर नहीं मिलने से दो. हरी मार झेल रही है तथा तेज धूप में भी कंजाबाग रोड स्थित गैस एजेंसी व गोदाम के चक्कर काटने को मजबूर है। जबकि प्रशासन सिर्फ निरीक्षण कर बयान जारी करने तक सीमित है। इसके साथ ही प्रशासन और एजेंसी संचालक स्पष्ट जानक. ारी भी नहीं दे पा रहे हैं। वहीं कांग्रेस महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष रेखा सोनकर में कहा कि बढ़ती हुई महंगाई से आम जनता त्रस्त है। सुबह से शाम तक महिलाएं सिलेंडर के लिए गैस एजेंसी पर लाइन लगाकर खड़ी रहती हैं। इसके बावजूद भी सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने बुकिंग अवधि पर भी सवाल खड़े करते हुए कहा कि अब गरीब का चूल्हा बिल्कुल बंद होने वाला है। इस मौके पर महिला कांग्रेस की प्रदेश उपाध्यक्ष कृष्ण नेगी, प्रदेश महासचिव बिना राणा, हीरा देवी, किशोरी देवी, शांति सामंत तथा लीला अधिकारी सहित तमाम महिलाएं उपस्थित रहीं।

# छह किलो गांजे के साथ तस्कर दबोचा

**51 हजार से अधिक की नकदी और आईफोन बरामद**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार जनपद में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे कड़े अभियान के तहत रुद्रपुर कोतवाली पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस टीम ने बगवाड़ा क्षेत्र से एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से करीब छह किला. ग्राम अवैध गांजा बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है।

शनिवार तड़के उपनिरीक्षक प्रियांशु जोशी के नेतृत्व में पुलिस टीम रात्रि गश्त और संदिग्धों की चौकिंग कर रही थी। चौकिंग के दौरान पुलिस टीम बगवाड़ा चौकी क्षेत्र में किच्छा रोड पर पहुंची, जहां भट्टे वाली गली में एक संदिग्ध व्यक्ति कंधे पर प्लास्टिक का कट्टा लेकर जाता दिखाई दिया। पुलिस को देख वह भागने लगा, जिसे टीम ने घेराबंदी कर दबोच लिया। तलाशी लेने पर पकड़े गए व्यक्ति के पास मौजूद कट्टे से 5-890 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। इसके अलावा अभियुक्त की जामातलाशी में पुलिस को 51,300 रुपये की नकद धनराशि, एक आईफोन 16 प्रो मैक्स और आधार कार्ड बरामद हुआ। पुलिस पूछताछ में अभियुक्त ने अपना नाम राजीव कुमार निवासी बगवाड़ा भट्टा, रुद्रपुर बताया। अभियुक्त मूल रूप से बिलासपुर, जिला रामपुर का रहने वाला है। पूछताछ में अभियुक्त राजीव ने कबूल किया कि वह पिछले डेढ़ साल से गांजे की तस्करी कर रहा है। उसने बताया कि वह भूरारानी निवासी मुकेश साहनी उर्फ डल्ला से कम दाम में गांजा खरीदकर लाता था और फिर छोटे-छोटे पैकेट बनाकर ऊंचे दामों पर बेचता था। बरामद हुई नकदी को उसने गांजा बेचकर कमाई गई रकम बताया। पुलिस अब गांजा सप्लाई करने वाले मुख्य आरोपी की तलाश में जुट गई है। सफलता प्राप्त करने वाली टीम में उपनिरीक्षक प्रियांशु जोशी, उपनिरीक्षक सुरेंद्र रिंगवाल, उपनिरीक्षक जीवन अधिकारी, एएनटीएफ के हेड कांस्टेबल भुवन पांडे, कांस्टेबल विनोद खत्री, कृष्णा टम्टा, ताजवीर शाही, देवेंद्र तोमक्याल और महिला कांस्टेबल ममता आर्या शामिल रहीं। पुलिस ने मौके पर वीडियोग्राफी और ई-साक्ष्य ऐप के माध्यम से विधिक कार्यवाही पूरी की।

## एक नजर

# खाली सिलेंडरों के साथ कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** रसोई गैस की भारी किल्लत और वितरण व्यवस्था में विफलता को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं का गुस्सा फूट पड़ा। शनिवार को महिला कांग्रेस की प्रदेश उपाध्यक्ष मीना शर्मा और महानगर अध्यक्ष ममता रानी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेसियों ने खाली गैस सिलेंडर लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की धामी सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए महिला कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष मीना शर्मा ने कहा आज उत्तराखंड की जनता भाजपा सरकार की गलत नीतियों का खामियाजा भुगत रही है। गैस के लिए लोगों को घंटों लाइनों में खड़ा होना पड़ रहा है और सरकार मूकदर्शक बनी हुई है। महंगाई ने पहले ही आम आदमी की कमर तोड़ दी है, ऊपर से अब रसोई गैस की उपलब्धता न होना सरकार की बड़ी प्रशासनिक नाकामी है। महानगर अध्यक्ष ममता रानी ने कहा सरकार के गलत फैसलों के कारण महंगाई आज आसमान छू रही है। लोग अपने घरों के जरूरी काम छोड़कर गैस एजेंसियों के चक्कर काट रहे हैं। यह स्थिति बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है और कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी। यदि जल्द ही गैस आपूर्ति सुचारू नहीं की गई, तो आंदोलन को और भी उग्र किया जाएगा। प्रदर्शन में उमा सरकार, मोहन कुमार, राकेश अधिकारी, अनुज कुमार, चमन सागर, जयदीप मिस्त्री, बेबी सिकदार,प्रीति साना, राकेश कुमार, छत्रपाल, राहुल प्रजापति, बबलू सागर, बाबू विश्वकर्मा, मधु सिकदर, शम्भू नाथ मौर्य, कविता, गौरी, चांदनी, राकेश कोली, राजवीर, राजेश कुमार, अनिल शर्मा, अरविन्द सक्सेना, भूरी, राजरानी, मानस विश्वासी, अर्जुन विश्वास और अंकित अधिकारी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# डायनेस्टी मॉडर्न गुरुकुल एकेडमी में धूमधाम के साथ मनाया गया लोक पर्व फूलदेई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा** डायनेस्टी मॉडर्न गुरुकुल एकेडमी छिनकी फॉर्म खटीमा में उत्तराखंड का लोक पर्व 'फूलदेई' धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय की कन्याओं ने परंपरानुसार विद्यालय की सभी कक्षाओं में जाकर देहली पूजन किया और विद्यालय को आशीर्वाद प्रदान किया। विद्यालय के समस्त अध्यापकों द्वारा छात्राओं का अपनी कक्षा में आने पर भव्य स्वागत किया गया व छात्राओं को भेंट स्वरुप गुड़, चावल दिया।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंध निदेशक श्री धीरेंद्र चंद्र भट्ट ने समस्त उत्तराखंड वासियों को लोक पर्व की बधाई देते हुए कहा कि उत्तराखंड में चौत्र मास की संक्रांति अर्थात पहले दिन से ही बसंत आगमन की खुशी में फूलों का त्योहार फूलदेई मनाया जाता है। चौत्र के महीने में फुलारी पर्व के अवसर पर छोटे-छोटे बच्चे सूर्योदय के साथ ही घर की देहली पर रंग-बिरंगे फूलों को बिखरकर,घर की खुशहाली व सुख- समृद्धि की कामना के गीत गाते हैं। इस अवसर पर विद्यालय में लोक पर्व से जुड़े अनेक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विद्यालय की डायरेक्टर श्रीमती प्रेमा भट्ट ने कहा कि छात्राएं लक्ष्मी स्वरूपिणी व मां सरस्वती की प्रतिमा के स्वरूप हैं। कन्या के आगमन से घर में खुशियां व समृद्धि आती है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री चंद्रकांत पनेरु, प्रशासनिक अधिकारी श्री मनीष चंद, एकेडमिक डायरेक्टर श्री विक्टर आइवन,दिगंबर भट्ट , हरीश भट्ट ,सुरेश ओली, मनीष ठाकुर, अशोक जोशी, ऊषा भट्ट , ऊषा चौसाली, हेमलता बोरा,कमला राय, लिंसी त्यागी, शिल्पा सक्सेना, हेमा भट्ट , दीपा डसीला, देवकी रावत, पिंकी चंद, पिंकी कापड़ी, दीप डसीला, मनोज जोशी, केशव जोशी, रूचि चौहान,राहुल कुमार, रमेश जोशी, पूरन पांडेय, चामू दानू व विद्यालय परिवार के समस्त अध्यापकों ने समस्त अभिभावकों, प्रदेशवासियों व देशवासियों को लोक पर्व फूलदेई की शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

# जेवर-नकदी छोड़ भरा गैस सिलेंडर ले उड़े चोर

**पीड़ित ने दर्ज कराई शिकायत, पुलिस जांच में जुटी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** शहर के ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में चोरी की एक अजीबोगरीब घटना सामने आई है। हैरानी की बात यह है कि चोर घर में घुसे, लेकिन उन्होंने न तो सोने-चांदी के जेवरों को हाथ लगाया और न ही घर में रखी नकदी को। इसके बजाय चोर रसोई में रखा भरा हुआ गैस सिलेंडर उठाकर फरार हो गए।

जानकारी के अनुसार घटना बीती रात की बताई जा रही है। सुबह जब परिवार के लोगों ने रसोई में देखा तो गैस सिलेंडर गायब था। घर में अन्य सामान और कीमती वस्तुएं सुरक्षित मिलने से परिवार भी हैरान रह गया।बताया जा रहा है कि पीड़ित परिवार द्वारा ट्रांजिट कैंप थाने में तहरीर देने की तैयारी की जा रही है। वहीं पुलिस भी मामले की जानक. ारी मिलने के बाद जांच में जुट गई है।

इधर क्षेत्र में यह अनोखी चोरी चर्चा का विषय बन गई है। लोग तरह-तरह के कयास लगा रहे हैं। कुछ लोगों का कहना है कि संभवत: चोर की मजबूरी रही होगी और घर में गैस खत्म होने के कारण उसने सिलेंडर उठा लिया होगा। हालांकि सिलेंडर चोरी के पीछे असली वजह क्या है, यह तो पुलिस जांच के बाद ही साफ हो सकेगा।फिलहाल इलाके में यह घटना लोगों के बीच चर्चा का विषय बनी हुई है कि चोर घर में घुसा, लेकिन जेवर और नगदी छोड़कर केवल गैस सिलेंडर ही लेकर चला गया। गौरतलब है कि पिछले कुछ दिनों से हर जगह गैस सिलेंडर किल्लत होने से लोगों की मारामारी मची हुई वहीं अब सिलेंडर चोरी की घटना से लोगों में भय व्याप्त हो गया है।

# गरीब रथ एक्सप्रेस बंद, जनता में रोष

**पुनः संचालन की मांग को लेकर व्यापार मंडल ने सौंपा ज्ञापन**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों एवं व्यापारियों ने क्षेत्रीय रेल उपभोगकर्ता परामर्शदात्री समिति के सदस्य सरदार भूपेंद्र सिंह से मुलाकात कर उन्हें एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से काठगोदाम से जम्मूतवी के लिए संचालित होने वाली ट्रेन संख्या 12207 जम्मूतवी गरीब रथ एक्सप्रेस को पुनः संचालित करने की मांग उठाई।

व्यापारियों ने बताया कि उक्त पिछले 15 वर्षो से ट्रेन चल रही थी और पूरी गाड़ी यात्रियों से फूल चलती थी, मगर लगभग पिछले चार माह से बंद है, जिसके कारण रुद्रपुर एवं आसपास के क्षेत्रों के यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि यह ट्रेन पूर्व में प्रत्येक मंगलवार को काठगोदाम से जम्मूतवी के लिए संचालित होती थी और रुद्रपुर, नानकमत्ता, सितारगंज, बाजपुर, किच्छा, गदरपुर के व्यापारियों और माता वैष्णो दरबार जाने वाले भक्त, राधा स्वामी डेरे ब्यास जाने वाली संगत, पहाड़ के सैनिकों को जम्मू बॉडर, पठानकोट छावनी कैम्प जाने वाले फौजी भाईयों, देवी तालाब मन्दिर जलन्धर जाने वाले भक्तों के साथ साथ लुधियाना से हौजरी का कारोबार करने वाले हजारों व्यापारी तथा तराई की आम जनता की रिश्तेदारी पंजाब में होने वजह से पंजाब जाने वालां की बड़ी संख्या में यात्री इस ट्रेन के माध्यम से जम्मू-कश्मीर, पंजाब, पठानकोट, जालंधर, लुधियाना अंबाला, सहारनपुर, युमना नगर, जगाधरी व अन्य शहरों की यात्रा करते थे। अचानक से ट्रेन बंद होने से यात्रियों को वैकल्पिक साधनों का सहारा लेना पड़ रहा है, जिससे समय और धन दोनों की अतिरिक्त परेशानी उठानी पड़ रही है।

व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने रेलवे प्रशासन से जनहित को ध्यान में रखते हुए ट्रेन संख्या 12207 जम्मूतवी गरीब रथ एक्सप्रेस को पूर्व की भांति पुनः संचालित करने की मांग की। साथ ही यह भी मांग की गई कि यात्रियों की सुविधा को देखते हुए इस ट्रेन का संचालन सप्ताह में तीन दिन किया जाए। इस पर क्षेत्रीय रेल उपभोगकर्ता परामर्शदात्री समिति के सदस्य सरदार भूपेंद्र सिंह ने व्यापारियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि इस विषय को रेलवे बोर्ड की आगामी बैठक में रखा जाएगा, ताकि ट्रेन का पुनः संचालन सुनिश्चित कराया जा सके। इस मौके पर प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला महामंत्री निर्मल हंसपाल, जिला उपाध्यक्ष सतपाल गाबा, जिला उपाध्यक्ष सुरमुख सिंह विर्क, महानगर अध्यक्ष संजय जुनेजा, पार्षद इंद्रजीत सिंह, राजेश कामरा, पवन गाबा, गौरव गांधी, रूप सिंह विर्क, आशु गंभीर, सागर छाबड़ा, पारस अरोरा, अमित बांगा, चंद्र सचदेवा, अपार सिंह बेदी, लवली परूथी, रमन अरोरा, मानस दुनेजा, चीनू दुआ, राजकुमार सीकरी, जतिन नागपाल, जीत सिंह चाचू, दीपू तनेजा, प्रशांत शर्मा, जिम्मी बांगा सहित तमाम लोग मौजूद थे।

# पुलिस ने स्मैक के साथ दो तस्करों को दबोचा

**पकड़े गए दोनों तस्करों ने बताया नानकमत्ता का सोनू करता है स्मैक की सप्लाई**

**पुलिस ने दोनों के कब्जे से 4.47 ग्राम स्मैक बरामद की**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानकमत्ता।** चैकिंग के दौरान कोतवाली पुलिस ने बाइक सवार दो लोगों को मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया है।

शनिवार को पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नशे के विरुद्ध चला जा रहे अभियान के तहत कोतवाली प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने नानक सागर डैम बैराज से बंदे बंदे बिसौटा की तरफ जाने वाले कच्चे रास्ते में बिसौटा की तरफ जा रहे मोटरसाइकिल UK06BB 0603 पर सवार दो लोगों को शक होने पर चैकिंग के लिए रोका तो दोनों ने भागने का प्रयास किया जिन्हें पुलिस ने मौके पर ही दबोच लिया तलाशी लेने पर कब्जे से 4.47 ग्राम स्मैक बरामद हुई, पूछताछ में दोनों ने अपना नाम अजय शंकर डुंगराकोटी पुत्र दुर्गादत्त डुंगराकोटी निवासी भुजिया नंबर-3, जय ईष्ट देव कॉलोनी पोस्ट चारुबेटा, खटीमा व अरुण गोस्वामी पुत्र राजकुमार गोस्वामी निवासी ग्राम मुंडेली चौराहा बताया है। पूछताछ में दोनों ने बताया कि हम दोनों लोग स्मैक पीने के आदि हैं।

पूछताछ में पकड़े गए दोनों लोगों ने बताया की वह स्मैक को नानकमत्ता के सोनू से खरीद कर लाये है। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर मोटरसाइकिल को अपने कब्जे में ले लिया तथा दोनों के विरुद्ध धारा 8/21 व धारा 60 एनडीपीसी एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया है।

पकड़ने वाली पुलिस टीम में कस्बा इंचार्ज उप निरीक्षक सुनील कुमार, उप निरीक्षक कृपाल सिंह, मुख्य आरक्षी नवनीत कुमार, सिपाही नवीन बमेठा शामिल है।

# मच्छरों से बचाव को लेकर कीटनाशक का छिड़काव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** क्षेत्र में बढ़ते मच्छरों के प्रकोप और बीमा. रियों के डर के बीच एक राहत भरी खबर सामने आई है। उत्तरांचल जीवन ज्योति ट्रस्ट ने सक्रिय कदम उठाते हुए गांव के विभिन्न वार्डों में कीटनाशक दवाओं के छिड़काव का अभियान शुरू कर दिया है। जहां आप देख सकते हैं कि उत्तरांचल जीवन ज्योति ट्रस्ट की टीम पूरी मुस्तैदी से कीटनाशक का छिड़काव कर रही है।



पिछले कुछ दिनों में मच्छरों की बढ़ती संख्या स्थानीय निवासियों के लिए चिंता का विषय बनी हुई थी। इसी को देखते हुए ट्रस्ट ने जनहित में यह महत्वपूर्ण अभियान चलाया है। इस दौरान ट्रस्ट के अध्यक्ष ईश्वर सिंह ने बताया कि हमारा ट्रस्ट मानव सेवा समाज सेवा तथा पर्यावरण पर क्षेत्र में लगातार कार्य करते आ रहा है। इसी क्रम में हमारी टीम द्वारा भूडा किसनी में किया छिड़काव। हमारा उद्देश्य क्षेत्र को मच्छर मुक्त बनाना और संचारी रोगों को रोकना है। हम न केवल दवाओं का छिड़काव कर रहे हैं, बल्कि लोगों को घर के आसपास पानी इकट्ठा न होने देने के प्रति भी जागरूक कर रहे हैं। छिड़काव आमतौर पर सुबह या शाम के समय किया जा रहा है, जब तापमान कम और दवा अधिक प्रभावी होती है। ट्रस्ट की इस पहल पर स्थानीय निवासियों ने काफी सराहना की है। स्वास्थ्य विभाग भी अपील कर रहा है कि नागरिक स्वच्छता बनाए रखें ताकि मच्छरों के प्रजनन को रोका जा सके। वहीं ग्राम प्रधान भूड़ा किसनी के जितेंद्र राणा ने भी ट्रस्ट की सराहना करते हुए अपना भरपूर सहयोग दिया। इस दौरान ट्रस्ट के अध्यक्ष ईश्वर सिंह, उपाध्यक्ष अमित कुमार, पियूष राणा, घुम्मन मनीष कुमार, सपन विश्वास के साथ ट्रस्ट के सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सीसीटीवी में कैद हुआ साइकिल चोरी का आरोपी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** संजय नगर वार्ड नंबर-07 निवासी एक व्यक्ति ने घर से साइकिल चोरी होने के मामले में कोतवाली बाजपुर में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

संजय नगर निवासी अजय सिंह ढौंडियाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 10 मार्च 2026, मंगलवार को दोपहर लगभग 3:25 बजे एक अज्ञात व्यक्ति उनके घर का दरवाजा खोलकर उनके पिता की साइकिल चोरी कर ले गया। घटना के बाद जब आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की गई तो उसमें एक व्यक्ति साइकिल ले जाते हुए दिखाई दिया। पीड़ित के अनुसार सीसीटीवी फुटेज और फोटो में स्पष्ट रूप से वही व्यक्ति साइकिल ले जाता हुआ नजर आ रहा है। पीड़ित ने उक्त व्यक्ति की फोटो और वीडियो को तहरीर के साथ संलग्न कर कोतवाली पुलिस को सौंप दिया है। पीड़ित अजय सिंह ढौंडियाल ने पुलिस से मामले की जांच कर आरोपी के खिलाफ उचित कार्रवाई करने तथा चोरी हुई साइकिल बरामद कराने की मांग की है।

# यूकेडी नेता काशी सिंह ऐरी पहुंचे रामनगर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** उत्तराखंड क्रांति दल के वरिष्ठ नेता व संरक्षक काशी सिंह ऐरी रामनगर पहुंचे। जहां यूकेडी कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया।

काशी सिंह ऐरी ने पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में प्रेसवार्ता करते हुए भाजपा सरकार पर कई गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि आने वाले 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा का सुपड़ा साफ हो जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा राज में गुंडाराज और जंगलराज चल रहा है। उन्होंने कहा कि बीते दिनों भाजपा सरकार के इशारों पर यूकेडी कार्यकर्ताओं को गैरसैंण नहीं जाने दिया और उन्हें पाण्डुखाल में नजर बंद कर दिया गया। उन्होंने कहा कि बेरोजगारी,पहाड़ से युवाओं का पलायन लगातार बढ़ता जा रहा है, रोजगार के कोई साधन नहीं है। प्रदेश में भ्रष्टाचार लगातार बढ़ता जा रहा है। गैस सिलेंडर के लिए लंबी लंबी लाइने लगी हुई है। गैस सिलेंडर के लिए हाहाकार मचा हुआ है। गैस सिलेंडर के लिए उपभोक्ता बहुत ज्यादा परेशान हो रहे हैं और उसके बाद भी गैस सिलेंडर नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा कि ऑलनाइन बु. कंग नहीं हो रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार को चाहिए कि इस मामले में ठोस कदम उठाए। इस दौरान प्रेसवार्ता में यूकेडी नेता इंदर सिंह मनराल आदि मौजूद रहे।

# गैस की किल्लत पर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व विधायक रणजीत रावत के नेतृत्व में रामनगर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं नें गैस की कीमतों में बढ़ोतरी एवं घरेलू व व्यावसायिक गैस की किल्लतों के विरोध में भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबा. जी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया।

कांग्रेस कार्यकर्ता कांग्रेस कार्यालय में एकत्र हुए जहा से पूर्व विधायक रणजीत रावत के नेतृत्व में कार्यालय से रानीखेत रोड तक प्रदर्शन करते हुए कहा कि सदन से नरेंद्र गायब, किचन से सिलेंडर गायब, गैस की बढ़ी हुई कीमतें वापस लो, नहीं चाहिए हमें अच्छे दिन, हमें लौटा दो हमारे पुराने दिन,तानाशाही सरकार नहीं चलेगी नारों के साथ भाजपा सरकार के खिलाफ विरोध प्रकट किया।इस दौरान रानीखेत रोड में रणजीत रावत नें विरोध स्वरुप देश के प्रधानमंत्री के गैस बनाने के फार्मूले का प्रयोग करते हुए गैस पाइप को नाले में डालकर चाय बनाने की भी कोशिश की। उन्होंने कहा की आज देश बड़ी दुविधा में है। अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप के इशारों पर नाच कर देश के सम्मान के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। केंद्र सरकार की नीति के चलते यह परेशानी लोगों को उठानी पड़ रही है। देश की अव्यवस्थाओं के हाल देश के पीएम के दबाव में आने के कारण हो रहे हैं। इस दौरान भुवन शर्मा, देशबंधु रावत, ओम प्रकाश, अनिल अग्रवाल खुलासा, भुवन पाण्डेय, ललिता उपाध्याय, ऊषा जोशी, पुष्पा देवी, बीना रावत, अनीता बिष्ट, सतेश्वरी रावत, ममता आर्य, एड दीप्ति भारद्वाज, किशन सेठ, गिरधारी लाल, लीलाधर जोशी, रमेश पंडित, हरदीप सिंह दिप्पा, डूंगर कनवाल, पंकज जोशी, जावेद खान, मोहसिन खान, एन. डी पंत, गुलाम सादिक, राजीव अग्रवाल, धीरज मौलिखी, ओम प्रकाश आर्यवंशी, अजय छिमवाल, उमाकांत ध्यानी, वीरेंद्र तिवारी आदि मौजूद रहे।

# सीएम ने जनता से मुलाकात कर जनसमस्याएं सुनीं

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**खटीमा।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को अपने खटीमा भ्रमण के दौरान अपने निजी आवास नगला तराई व कैंप कार्यालय लोहियाहेड में जनप्रतिनिधियों व जनता से मुलाकात कर जनसमस्याएं सुनीं तथा समस्याओं का समाधान करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य, अध्यक्ष नगर पालि. का खटीमा रमेश चंद्र जोशी, सतीश भट्ट, जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति, मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी, अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, एसपी जितेन्द्र चौधरी, उप जिलाधिकारी तुषार सैनी, तहसीलदार वीरेन्द्र सजवान सहित अनेक अधिकारी व जनप्रतिनिधि,जनता उपस्थित थे।

# कांदला में फायरिंग का आरोपी युवक तमंचे के साथ दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रामनगर के ग्राम कांदला में बीते एक मार्च को अपने साथियों के साथ कांदला गांव में फायरिंग करने वाले एक युवक को पुलिस ने तमंचे के साथ गिरफ्तार कर लिया है।

कोतवाल सुशील कुमार ने बताया कि कांदला गांव के गुरमीत सिंह पुत्र जनरैल सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि अर्जुन, रोहित गुज्जर, हितेश, हिमांशु आदि पर अपने घर में घुसकर परिवार को जान से मारने की नियत से फायरिंग व मारपीट का आरोप लगाया था। कोतवाली पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 109, 191(2), 191(3), 333, 351 (3), 352 व शस्त्र अधिनियम की धारा 3/25 के तहत मुकदमा दर्ज किया था। उन्होंने बताया कि पुलिस को गश्त के दौरान गुमानपुर क्षेत्र में एक युवक पैदल गुमानपुर की ओर जाते दिखा। पुलिस को देखते ही युवक बागीचे की ओर भागने के प्रयास में नीचे गिर गया।

पुलिस ने युवक की पहचान वांछित के रूप में करने के बाद आरोपी को मौके पर ही दबोच लिया। पुलिस को आरोपी हितेश शर्मा उर्फ हितेश पण्डित पुत्र जितेन्द्र कुमार शर्मा निवासी ग्राम जमुनाठेर कोतवाली देहात जिला बुलन्दशहर यूपी के कब्जे से एक तमंचा 315 बोर का बरामद हुआ। हितेश ने बताया कि यह वहीं तमंचा है जिससे उसने गुरुमीत लोगो पर फायर किया था।पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश करने की कार्यवाही की।कोर्ट ने आरोपी को जेल भेज दिया है।

इस दौरान पुलिस टीम में कोतवाल सुशील कुमार, एसएसआई कालाढूंगी पंकज जोशी, एसएसआई रामनगर दीपक बिष्ट, बैलपड़ाव पुलिस चौकी इंचार्ज राजवीर सिंह नेगी,पीरूमदारा पुलिस चौकी प्रभारी वीरेन्द्र सिंह बिष्ट, एसओजी हेड कांस्टेबल त्रिलोक रौतेला,एसओजी हेड कांस्टेबल कुंदन कथायत,एसओजी कांस्टेबल अनिल गिरी,कांस्टेबल संजय दोसाद, कांस्टेबल अमित गहतोड़ी, कांस्टेबल भूपेंद्र सिंह शामिल रहे।



## सम्मन

**न्यायालय श्रीमान परगनाधिकारी/ सहा.कले.प्र.श्रे. मजि. गदरपुर जिला उधम सिंह नगर**

वाद सं.-1 सन्- 2025

**वादी-** शमीम जहां

**बनाम**

**प्रतिवादीगण-** मो. नफीस आदि

सम्मन बनाम- नाजिया अंजुम पत्नी मौ. नफीस नि. सुभाष कालोनी रुद्रपुर, उधमसिंह नगर।

चूंकि मुसम्मी मुद्दई उपरोक्त ने आपके नाम एक नालिश वास्ते अर्न्तगत धारा भरण पोषण अधि. के दायर की है। लिहाजा आपको हुक्म दिया जाता है कि आप बतारीख 20/3/2026 को असालतन या मारफत किसी वकील के, जो मुकदमा हाजा से बाखूबी वाकिफ हो और मुकदमा हाजा की जवाबदेही कर सके, मय काग. जात के मुकदमा हाजा में उपस्थित हो। वरना आपकी गैर हाजरी में मुकदमा हाजा फैसला होगा।

आज बतारीख 13/3/2024 को मेरे दस्तखत व मोहर में जारी किया गया।

**रीडर**

**प्रथम श्रेणी परगना मजिस्ट्रट**

# एयरलाइंस व हॉस्पिटेलिटी सेक्टर में करियर पर कार्यशाला आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बाजपुर में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताहांत के अवसर पर महिला विकास प्रकोष्ठ के तत्वावधान में "एयरलाइंस एंड हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में करियर निर्धारण" विषय पर करियर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में महिला विकास प्रकोष्ठ की संयोजक डॉ. मनुहार आर्य ने कार्यशाला की विषयवस्तु पर प्रकाश डालते हुए मुख्य अतिथि फ्लाई विंग एकेडमी की निदेशक नेहा आर्या की उपलब्धियों का विस्तार से परिचय दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बी.के. सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में महिलाओं के लिए सभी क्षेत्रों में अवसर उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति और परंपराओं में भी देवियों को सदैव प्रथम स्थान दिया गया है। कार्यक्रम का संचालन आंतरिक परिवाद समिति की सदस्य डॉ. संगीता ने किया। इस अवसर पर डॉ. जया कांडपाल, डॉ. नीलम मनोला, डॉ. पूजा रानी, डॉ. वंदना बंसल, डॉ. मेहराज बानो, डॉ. भावना कपकोटी, डॉ. वंदना, डॉ. विकास रंजन, डॉ. आदर्श चौधरी, डॉ. दर्शन सिंह, डॉ. दीपक कुमार, डॉ. जाहिद मुस्तफा आदि उपस्थित रहे।

# मार्ग निर्माण न होने से भड़का ग्रामीणों में आक्रोश

- पूर्व विधायक ठुकराल के साथ मुख्य मार्ग पर धरना देकर घंटों लगाया जाम
- मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने दिया शीघ्र समाधान का आश्वासन



शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** महतोष से नवाबगंज तक के करीब चार किलोमीटर लंबे मार्ग का निर्माण वर्षों से लंबित रहने से आक्रोशित ग्रामीणों ने रतनपुरी स्थित शिव मंदिर के पास एकत्र होकर जोरदार प्रदर्शन किया और मुख्य मार्ग पर धरना देकर घंटों जाम लगा दिया।

ग्रामीणों के इस आंदोलन को समर्थन देने पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल भी मौके पर पहुंचे और उन्होंने सरकार व क्षेत्रीय जनप्रति. निधियों की कार्यप्रणाली पर तीखा प्रहार किया। ग्रामीणों का आरोप है कि महतोष-नवाबगंज मार्ग की स्थिति अब चलने लायक भी नहीं बची है। सबसे आश्चर्यजनक और विडंबनापूर्ण पहलू यह है कि इस मार्ग का जनप्रतिनिधियों द्वारा औपचारिक रूप से शिलान्यास भी किया जा चुका है, लेकिन मौके पर पत्थर लगने के बावजूद धरातल पर निर्माण कार्य एक इंच भी आगे नहीं बढ़ा। प्रदर्शनकारियों ने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि नेता केवल नारियल फोड़ने और फीता काटने तक सीमित रह गए हैं, जबकि क्षेत्रीय जनता धूल, कीचड़ और जानलेवा गड्ढों के बीच खुद को ठगा हुआ महसूस कर रही है। रतनपुरी, रतनपुरा, अलखदेवी, महतोष, संजय नगर और नवाबगंज से आए ग्रामीणों ने बताया कि इस जर्जर सड़क पर दिन-रात भारी डंपर और ट्रक दौड़ते हैं, जिससे सड़क अब बड़े-बड़े खड्डों में तब्दील हो चुकी है। आए दिन होने वाली दुर्घटनाओं के कारण इस मार्ग पर सफर करना अब जान जोखिम में डालने जैसा हो गया है।

दोपहर बाद लोक निर्माण विभाग के जेई हरीश बसेड़ा और सचिन नौटियाल मौके पर पहुंचे, जहां पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल के नेतृत्व में ग्रामीणों ने उनका घेराव कर जमकर खरी-खोटी सुनाई। ठुकराल ने शासन-प्रशासन की उदासीनता पर सवाल उठाते हुए कहा कि शिलान्यास के बाद भी बजट या कार्य का अता-पता न होना सीधे तौर पर प्रशासन की विफलता है। उन्होंने लोनिवि अधिकारियों को अल्टीमेटम देते हुए चेतावनी दी कि यदि एक सप्ताह के भीतर सड़क का निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ, तो वे ग्रामीणों के साथ मिलकर लोक निर्माण विभाग के कार्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर देंगे। लोनिवि अधिकारियों ने स्थिति को भांपते हुए जल्द से जल्द निर्माण प्रक्रिया शुरू करने का आश्वासन दिया। यहां ग्राम प्रधान प्रदीप सिंह बतरा, उज्जवल सिंह, मुख्त्यार सिंह, प्रदीप सिंह, भजनीक सिंह, गुरदीप सिंह, गगन दीप सिंह, सरदार सिंह, बलविंदर सिंह, भूपेन्द्र सिंह, मलकीत सिंह, मंजीत सिंह, गुरबाज सिंह, रणजीत सिंह, पवनदीप, रामपाल, लाल चन्द्र, जोगेन्द्र सिंह, बलिहार सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में क्षेत्रीय ग्रामीण मौजूद थे।

## प्रशासन के दावे की खुली पोल

### सिलेंडर के लिए मची मारामारी, जनता परेशान



शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** वर्तमान में गैस की किल्लत की खबरों के बीच भले ही प्रशासन या गैस एजेंसी संचालक द्वारा खटीमा क्षेत्र में बेहतर गैस वितरण व्यवस्था के दावे किए जा रहे हों लेकिन धरातल पर गैस वितरण व्यवस्था से अब आमजनता खासा परेशान नजर आ रही है। खटीमा में गैस वितरण की बदहाली से आमजनता को घरेलू गैस के लिए सुबह से शाम तक लाइनों में खड़ा होकर इंतजार करना पड़ रहा है, लेकिन इसके उलट गैस एजेंसियों द्वारा गैस वितरण के बेहतर होने के दावे किए जा रहे हैं जो धरातल पर आमजनता को अब मुंह चिढ़ाने लगे है।

घरेलू गैस वितरण व्यवस्था के सुचारू होने के भले ही प्रशासन या गैस एजेंसियों द्वारा लाख दावे किए जा रहे हो लेकिन धरातल पर घरेलू गैस की पर्याप्त मात्रा के दावे हवा हवाई दिखाई दे रहे है। खटीमा नगर में घरेलू गैस सिलेंडर भराए जाने को लेकर जनता के पसीने छूट रहे है। जनता गैस सिलेंडर को लेकर सुबह से शाम तक लंबी लंबी लाइनों पर खड़े होने को मजबूर है, लेकिन गैस वितरण व्यवस्था इस कदर बदहाल दिख रही है की आमजनता गैस की गाड़ी का इंतजार करने के अलावा कुछ नही कर सकती। भरी दोपहरी में गर्मी की मार झेलते हुए आम. जनता बस यह सोच रही है की किसी तरह उनका गैस सिलेंडर भर जाए। जबकि दूसरी तरफ गैस एजेंसी संचालक अभी भी पर्याप्त मात्रा में गैस होने के दावे कर गैस बुकिंग में परेशानी की बात कह रहे है। साथ गैस वितरण व्यवस्था को एक दो दिनों में बेहतर करने के भी दावे कर रहे है। लेकिन गैस एजेंसियों के दावे धरातल पर जनता की लाइनों को देख अनके दावों की पोल खोल रहे है।

## एक नजर

## चम्पावत में बड़ा बदलाव, अब घर तक पहुंचेगा सिलेंडर



शाह टाइम्स संवाददाता

**चम्पावत।** जनपद में घरेलू गैस सिलेंडरों की आपूर्ति को व्यवस्थित और सुचारु बनाने के लिए जिला प्रशासन ने अहम निर्णय लिया है। अब उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर लेने के लिए एजेंसियों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे, बल्कि डिलीवरी प्वाइंट और डोर-टू-डोर व्यवस्था के माध्यम से सिलेंडर सीधे घर तक पहुंचाए जाएंगे।

जिलाधिकारी मनीष कुमार ने बताया कि वर्तमान में गैस बुकिंग से जुड़ी ऑनलाइन प्रक्रिया, डीएसपी और ओटीपी सत्यापन के दौरान बड़ी संख्या में फोन कॉल आने से कई उपभोक्ताओं को एजेंसियों तक जाना पड़ रहा है। इससे एजेंसी परिसरों में भीड़ बढ़ने के साथ कानून-व्यवस्था और समय पर आपूर्ति प्रभावित होने की स्थिति बन जाती है। इसी को देखते हुए प्रशासन ने जनपद की सभी गैस एजेंसियों को निर्देश दिए हैं कि घरेलू गैस सिलेंडरों का वितरण केवल निर्धारित डिलीवरी प्वाइंट्स और डोर-टू-डोर प्रणाली के माध्यम से ही किया जाए, ताकि उपभोक्ताओं को घर पर ही सुरक्षित और आसानी से गैस उपलब्ध हो सके। प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि जिन उपभोक्ताओं की गैस बुकिंग फोन, एसएमएस या मोबाइल ऐप से नहीं हो पा रही है, वे केवल बुकिंग कराने के लिए एजेंसी जा सकते हैं। बुकिंग के बाद गैस एजेंसियां नियमानुसार उपभोक्ताओं के घर तक सिलेंडर की आपूर्ति सुनिश्चित करेंगी।

## अवैध स्मैक के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** उच्च अधिकारियों के निर्देश पर पुलिस क्षेत्राधिकारी खटीमा के निर्देशन में तथा प्रभारी निरीक्षक खटीमा के नेतृत्व में नशा मुक्त उत्तराखंड के दृष्टिगत चलाए गए अभियान के तहत खटीमा पुलिस द्वारा कार्रवाई करते हुए रेलवे स्टेशन खटीमा पार्किंग के पास से वार्ड नंबर 9 हुसैनी मस्जिद के पास इस्लामनगर खटीमा निवासी 29 वर्षीय मोहम्मद कामरान उर्फ मंत्री पुत्र कय्यूम को गिरफ्तार किया जिसके कब्जे से 2.41 ग्राम अवैध स्मैक बरामद किया गया। वहीं गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ 8 /21 एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा पंजीकृत कर कार्रवाई की गई। पुलिस टीम में बाजार चौकी प्रभारी उप निरीक्षक जीवन सिंह चुफाल, कांस्टेबल दीपक कुमार तथा मोहन बोरा शामिल रहे।

## रोजा इफ्तार का किया आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा की ओर से मुकद्दस रमजान के मुबारक के महीने में रोजा अफ्तार का आयोजन किया गया। रोजा अफ्तार सब्जी मंडी समिति के परिसर में किया गया।



रोजा अफ्तार में भाजपा नेताओं और मंडी के लोगों ने भागेदारी की। इस दौरान विधायक दीवान सिंह बिष्ट, भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व पालिकाध्यक्ष भगीरथ लाल चौधरी, इंदर सिंह रावत, भूपेंद्र सिंह खाती,सहील अहमद, फईम कुरैशी, विपिन काण्डपाल, मनोज पांडे, अजीजुर्रहमान, जिकरान कुरैशी, मोहम्मद आदिल, मोहसिन खान, मोहम्मद नईम आदि मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में 101 मामले निपटाए



शाह टाइम्स संवाददाता

**चम्पावत।** जनपद में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत ने एक बार फिर त्वरित और सुलभ न्याय की मिसाल पेश की। जिला न्यायालय परिसर चम्पावत तथा बाह्य न्यायालय टनकपुर में आयोजित लोक अदालत के दौरान कुल 101 वादों का निस्तारण करते हुए ₹85,02,128 की धनराशि का सेटलमेंट कराया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन अनुज कुमार संगल (जिला जज एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चम्पावत) की अध्यक्षता तथा भवदीप रावते (सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण) के दिशा-निर्देशन में किया गया।

कार्यक्रम में जिला बार संघ चम्पावत और तहसील बार संघ टनकपुर के अधिवक्ता, नामित सदस्य, पैनल अधिवक्ता, बैंक अधिकारी तथा बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे। लोक अदालत में आपसी सहमति के आधार पर मामलों का त्वरित निस्तारण किया गया, जिससे वादकारियों को राहत मिली।

प्रथम पीठ, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय चम्पावत द्वारा 35 वादों का निस्तारण करते हुए ₹19,26,600 की धनराशि का सेटलमेंट कराया गया। वहीं द्वितीय पीठ, सिविल जज (जूनियर डिवीजन) टनकपुर न्यायालय में 24 वादों का निस्तारण करते हुए ₹26,36,750 का समझौता हुआ।

इसके अतिरिक्त प्री-लिटिगेशन स्तर पर मनी रिकवरी से जुड़े 42 मामलों का निस्तारण करते हुए ₹39,38,778 की धनराशि का सेटलमेंट कराया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से मामलों का सरल, त्वरित और आपसी सहमति से समाधान होने के कारण वादका. रियों को समय और धन दोनों की बचत के साथ शीघ्र न्याय प्राप्त हुआ।

## एपेक्स में ICIRTMPE-2026 अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का सफल आयोजन



शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** एपेक्स ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशंस, रामपुर (उत्तर प्रदेश) में द्वितीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन ICIRTMPE-2026 का आयोजन हाइब्रिड मोड (ऑनलाइन एवं ऑफलाइन) में सफलतापूर्वक किया गया। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों के शोधकर्ताओं, शिक्षाविदों और उद्योग विशेषज्ञों को एक साझा मंच प्रदान करना था, जहां वे अपने शोध कार्यों, नवीन विचारों और तकनीकी नवाचारों को साझा कर सकें।

सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी के कुलपति प्रो. (डॉ.) नवीन चंद्र लोहनी ने अपने संबोधन में अंतर्विषयक अनुसंधान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्तमान समय में विज्ञान, प्रौद्योगिकी, प्रबंधन और शिक्षा के क्षेत्र में समन्वित प्रयासों के माध्यम से ही सतत विकास संभव है। इस अवसर पर संस्थान के पैट्रन आरपी सिंह एवं अशोक अदलखा ने ऐसे शैक्षणिक आयोजनों के महत्व को रेखांकित करते हुए संस्थान की अनुसंधान एवं नवाचार के प्रति प्रतिबद्धता को व्यक्त किया। पैट्रन डॉ. प्रदीप अदलखा एवं चेतन भसीन ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए ऐसे अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों को ज्ञान-विनिमय और शोध को बढ़ावा देने का महत्वपूर्ण माध्यम बताया। इस अवसर पर डा. आरबी सिंह, प्रधानाचार्य राजकीय पॉलिटेक्निक चमरौआ ने सतत विकास और जल संसाधन प्रबंधन के क्षेत्र में अनुसंधान की आवश्यकता पर अपने विचार प्रस्तुत किए, जबकि डा. अश्वनी कुमार विभागाध्यक्ष मैकेनिकल इंजीनियरिंग ने आधुनिक तकनीकों और नवाचार आधारित शोध की भूमिका पर प्रकाश डाला।

संस्थान के मैनेजिंग डायरेक्टर डा. मंदीप सिंह ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा कि इस प्रकार के सम्मेलन शिक्षाविदों, शोधार्थियों और उद्योग विशेषज्ञों के बीच संवाद स्थापित करने का प्रभावी मंच प्रदान करते हैं। सम्मेलन के संयोजक डा. धीरज गुणवन्त ने सम्मेलन की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि इस सम्मेलन में देश के विभिन्न राज्यों तथा प्रतिष्ठित संस्थानों से 200 से अधिक शोधकर्ताओं, शिक्षाविदों और विद्यार्थियों ने भाग लिया।

सम्मेलन में डा. गुरप्रीत सिंह, डा. मनोज भारद्वाज, डा. पूजा पाठक, गौरव सक्सेना, गौरव कालरा, प्राश अदलखा आदि मौजूद रहे।

## हल्द्वानी प्राइवेट बस अड्डे पर लाइट व कैमरे लगाए जाएं

शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** हल्द्वानी प्राइवेट बस अड्डे पर लाइट व कैमरे लगाये जाने एवं पूर्व में हुई चोरी के खुलासे की मांग को लेकर रामनगर विधायक दीवान सिंह बिष्ट को संबोधित एक ज्ञापन उनके पीए दिया गया।

भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के नगर अध्यक्ष इंद्रपाल सिंह के नेतृत्व में रामनगर क्षेत्रिय विधायक दीवान सिंह बिष्ट की अनुपस्थिति में उनके सहायक प्रकाश थापा को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में प्राइवेट बस अड्डा हल्द्वानी नेशनल हाईवे मार्ग पर बीती 8 फरवरी को बसों और दुकानों में लाखों रुपए की चोरी हुई थी। इस मामले में ड्राइवरों और दुकानदारों ने कोतवाली रामनगर में लिखित सूचना दी थी लेकिन पुलिस के द्वारा अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गयी। ज्ञापन में यात्रियों की जानमाल की सुरक्षा को देखते हुए हल्द्वानी बस अड्डे पर लाइटे व केमरे लगाये जाने व चोरी का खुलासा शीघ्र ही किये जाने की मांग की है। इस दौरान ज्ञापन देने वालो में एडवोकेट शुभम कुमार, राहुल कुमार, यश आर्य, बबलू आर्य, केशव चौधरी, कुलदीप चंद, दिवाकर,अक्षय मनराल, विकास अंकुश, ध्रुव, मुकुल, लक्ष्मी आदि शामिल रहे।

## बजट सत्र में नानकमत्ता के विधायक राणा ने उठाई क्षेत्र की समस्याएं

शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** विधानसभा क्षेत्र नानकमत्ता के विधायक गोपाल सिंह राणा ने विधानसभा क्षेत्र की समस्याओं का कच्चा चिट्ठा खोलते हुए कहा कि सरकार के गड्ढा मुक्त सड़क की घोषणा हवाई साबित हुई है। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र के लोग गुड्ढों के बीच सड़कें खोजने को मजबूर हैं। ऊर्जा प्रदेश के नानकमत्ता विधानसभा क्षेत्र में एकमात्र पावर हाउस बताते हुए राणा ने कहा कि सीएम की घोषणा के बाद भी सुचारू आपूर्ति के लिए दूसरा पावर हाउस स्थापित नहीं हो सका। उन्होंने नानकमत्ता व नानक सागर डेम को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की घोषणा को भी हवाई बताया।



शिक्षा के क्षेत्र में जनजा. ति परिवारों की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए विधायक राणा ने कहा कि 1967 में स्थापित जनजाति परिवारों के बच्चों की शिक्षा के लिए एकमात्र आश्रम पद्धति विद्यालयों का उच्चीकरण नहीं हो सका। उन्होंने खटीमा, गदरपुर, धारचूला, मुनस्यारी, चकराता एवं विकास नगर के विद्यालयों की अपेक्षा पर चर्चा की। विधायक राणा ने नानक सागर डेम के एक विद्यालय का हवाला देते हुए कहा कि चारों तरफ डेम व जंगल से घिरे इस विद्यालय में क्षेत्र के बच्चे जोखिम भरे मार्ग से 14 किलोमीटर दूर शिक्षा के लिए आते जाते हैं। लगातार विधानसभा में उठाने के बाद भी सरकार विद्यालय का उच्चारण नहीं करा सकी। सरकार ने मानक पूरा न होने का हवाला देकर मामला लटका दिया । जनजाति के विकास हेतु केंद्र द्वारा दिए जाने वाले ट्राइबल सब प्लान के करोड़ों का बजट वापस जाने की जानकारी देते हुए आरोप लगाया कि राज्य सरकार एवं उसके विभाग इस बजट को जनजाति के विकास में खर्च नहीं करना चाहते हैं। उन्होंने जनजाति एवं भोटिया महिलाओं को हस्तशिल्प के कार्य में पारंगत बताते हुए कहा कि सरकार इनके उत्पाद की मार्केटिंग नहीं कर रही है।

## युवाओं को मजबूत बनाते हैं खेलः विकास शर्मा

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** किच्छा विधानसभा के शांतिपुरी नंबर 04 में आदर्श वॉलीबॉल समिति द्वारा आयोजित वॉलीबॉल प्रतियोगिता का रोमांचक समापन हो गया। फाइनल मुकाबले में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे रुद्रपुर के महापौर विकास शर्मा ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और विजेता व उपविजेता टीमों को पुरस्कृत किया। प्रतियोगिता के फाइनल में केपी वॉलीबॉल शांतिपुरी की टीम ने अपने दबदबे को बरकरार रखते हुए लगातार छठी बार खिताब जीतकर नया कीर्तिमान स्थापित किया।

फाइनल मैच में शांतिपुरी के खिलाड़ियों ने जबरदस्त तालमेल और आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया। विजेता टीम में विशु, अर्जुन, मंजीत राणा, सूर्यांश तोमर, सोही, भुल्लर और हर्षित चतुर्वेदी ने अपनी खेल प्रतिभा से दर्शकों का दिल जीत लिया। महापौर विकास शर्मा ने खिलाड़ियों को ट्रॉफी और पुरस्कार वितरित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर हज कमेटी उत्तराखंड के अध्यक्ष खतीब अहमद, अनिल जोशी, भरत शाह, संदीप राव, शुभम कोरंगा, दिवाकर कोरंगा, नरेंद्र कोरंगा, तारा सिंह पांडा , ललित बिष्ट, ईश्वर सिंह दानू आदि खेलप्रेमी मौजूद रहे।




## स्वच्छता अभियान व सम्मान समारोह का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** रामनगर के ग्राम क्यारी प्रधान नवीन सती के नेतृत्व में क्यारी गांव में स्वच्छता अभियान व सम्मान समारोह आयोजित किया गया। प्रधान नवीन सती ने बताया कि स्वच्छता अभियान में ग्रामवासियों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी करते हुए गांव के विभिन्न स्थानों पर साफ-सफाई की और स्वच्छ वातावरण बनाए रखने का संदेश दिया। अभियान के दौरान कुल 188 किलो कूड़ा एकत्रित किया गया, जिसमें सूखा कूड़ा अलग कर पृथक्करण भी किया गया। इस अभियान में ग्रामवासियों, वेस्ट वॉरियर्स संस्था, होटल व्यवसायियों, नेचर गाइड, गांव के युवाओं और फॉरेस्ट विभाग ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया।इसके पश्चात सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख मंजू नेगी, जेष्ठ प्रमुख संजय नेगी और खंड विकास अधिकारी गिरिश पांडे रहे।इस अवसर पर गांव के जागरूक नागरिकों को उनके सामाजिक योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में लगभग 125 लोगों ने प्रतिभाग किया।

## कार्यकर्ताओं ने सुना मोदी का कार्यक्रम

शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** कृषि उत्पादन मंडी समिति सभागार में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा असम के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया।

विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा किसानों के खाते में सम्मान राशि डालना, हर कमजोर किसान को आर्थिक उर्जा प्रदान करता हैं तथा किसान इस राशि से छोटी छोटी जरूरत को पुरा कर रहा हैं।भाजपा नगर अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह खाती ने कहा कि किसान देश की रीढ़ की हड्डी समान है, प्रधानमंत्री मोदी जानते हैं कि देश का किसान मजबूत होगा तो देश मजबूत बनेगा इसलिए किसानो के विकास के लिए सम्मान राशि वितरण की जाती हैं। भाजपा के वरिष्ठ व पूर्व पालिकाध्यक्ष भगीरथ लाल चौधरी ने कहा कि 9 करोड़ 32 लाख से अधिक किसानों के खातों में सम्मान राशि का वितरण कर किसानों की आर्थिक सहायता की जो सराहनीय है। यहां मंडी सचिव सहील अहमद, इंदर सिंह रावत, भूपेंद्र सिंह खाती, घनश्याम शर्मा, बल्देव रावत, विपिन कांडपाल, संजय डोर्वी, फईम कुरैशी, मोहम्मद आदिल, मनोज पांडे, जिक्रान कुरैशी आदि मौजूद रहे।

## भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष दीप पाठक का इस्तीफा मंजूर

शाह टाइम्स संवाददाता

**चंपावत।** जिले की राजनीति में उस समय हलचल तेज हो गई जब भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष दीप पाठक का पार्टी से दिया गया इस्तीफा आखिरकार छह महीने बाद स्वीकार कर लिया गया। इसके साथ ही टनकपुर क्षेत्र की राजनीति में नए सियासी समीकरण बनने के कयास लगाए जाने लगे हैं।

बताया जा रहा है कि करीब छह माह पूर्व दीप पाठक ने पंचायत चुनाव के दौरान जमीनी कार्यकर्ताओं की अनदेखी और संगठन में बाहरी लोगों को तरजीह देने के आरोप लगाते हुए सोशल मीडिया के माध्यम से पार्टी से इस्तीफा दे दिया था।

अब पार्टी द्वारा उनका इस्तीफा स्वीकार किए जाने के बाद राजनीतिक हलकों में चर्चाओं का दौर तेज हो गया है। मामले की पुष्टि भाजपा के टनकपुर मंडल अध्यक्ष तुलसी कुंवर ने भी की है। उन्होंने बताया कि पाठक द्वारा पूर्व में दिया गया इस्तीफा पार्टी द्वारा स्वीकार कर लिया गया है।



















## तेंदुए के हमले में घायल महिला का प्रशासन ने मुफ्त कराया इलाज

शाह टाइम्स संवाददाता

**चम्पावत।** जनपद के विकासखंड बाराकोट क्षेत्र में तेंदुए के हमले में गंभीर रूप से घायल हुई महिला के उपचार में जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मानवीय संवेदनशीलता की मिसाल पेश की। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशों के बाद प्रशासन ने न केवल पीड़िता को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई, बल्कि करीब डेढ़ लाख रुपये की लागत से हुआ इलाज भी पूरी तरह नि:शुल्क कराया। प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 मार्च 2026 को बाराकोट क्षेत्र की निवासी तुलसी देवी जंगल में घास काटने गई थीं। इसी दौरान अचानक तेंदुए ने उन पर हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन हरकत में आया और तत्काल राहत एवं उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित की गई। मनीष कुमार के निर्देशन में घायल महिला को तत्काल चिकित्सा सहायता दिलाई गई। वन विभाग की ओर से पीड़िता को तत्काल राहत के रूप में 1 लाख की आर्थिक सहायता प्रदान की गई।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. देवेश चौहान ने बताया कि प्राथमिक उपचार के बाद महिला को बेहतर इलाज के लिए चंदन हॉस्पिटल रेफर किया गया। उपचार के दौरान महिला के पास आयुष्मान कार्ड नहीं था, जिसके कारण इलाज में समस्या आ रही थी। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग ने त्वरित पहल करते हुए मौके पर ही उनका आयुष्मान कार्ड बनवाया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी के समन्वय से अस्पताल प्रशासन ने महिला का प्लास्टिक सर्जरी सहित लगभग 1.50 लाख का इलाज पूरी तरह नि:शुल्क कर दिया। बेहतर उपचार मिलने के बाद अब तुलसी देवी स्वस्थ होकर अस्पताल से डिस्चार्ज हो चुकी हैं और घर पर तेजी से स्वस्थ हो रही हैं।

# गैस सप्लाई न होने पर फूटा गुस्सा

## डीएम के होम डिलीवरी निर्देश के बावजूद सिलेंडर के लिए लंबी कतारें

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** सरोवर नगरी नैनीताल में गैस सप्लाई को लेकर लोगों की दुश्वारियां कम होने का नाम नहीं ले रही हैं, जिला प्रशासन की ओर से वार्ड स्तर पर होम डिलीवरी के निर्देश दिए जाने के बावजूद भी शनिवार को कई क्षेत्रों में व्यवस्था लागू नहीं हो पायी जिसके चलते लोगों को गैस सिलेंडर लेने हेतु एजेंसियों व मुख्य वितरण स्थानों पर लंबी कतारों में लगना पड़ा। बता दें शनिवार को तल्लीताल और मल्लीताल क्षेत्रों में गैस सिलेंडर लेने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंच गए। सुबह से ही एजेंसी के बाहर भी बुकिंग के लिए लोगों की लंबी कतारें लगी रहीं। कई लोग सड़क किनारे अपने खाली सिलेंडर लेकर घंटों तक इंतजार करते रहे। भीड़ अधिक होने से व्यवस्था संभालना भी मुश्किल हो गया जिस पर जिला प्रशासन व पुलिस ने व्यवस्थाएं संभाली। लोगों का कहना है कि जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने नैनीताल शहर में गैस की उपलब्धता को सुचारु बनाए रखने के



लिए वार्ड स्तर पर होम डिलीवरी कराने के निर्देश दिए थे लेकिन कई क्षेत्रों में यह व्यवस्था लागू नहीं हो पा रही है। इससे लोगों को मजबूर होकर सीधे एजेंसी पहुंचना पड़ रहा है।

### वार्डों में व्यवस्था की जा रही है: अंकिता

**नैनीताल।** पर्वत गैस एजेंसी की मैनेजर आंकिता पांडे ने बताया कि वार्डों में गैस वितरण की व्यवस्था की जा रही है लेकिन इसके बावजूद लोग सीधे तल्लीताल और मल्लीताल पहुंचकर सिलेंडर लेने के लिए भीड़ लगा रहे हैं इससे एजेंसी के बाहर अनावश्यक भीड़ की स्थिति बन रही है।

### गैस वितरण पर पैनी नजर: तहसीलदार

**नैनीताल।** मामले में तहसीलदार अक्षय भट्ट ने बताया कि जिला प्रशासन की ओर से गैस वितरण व्यवस्था का निरीक्षण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों की टीम लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए है और जहां भी समस्या सामने आएगी उसे दूर कराया जाएगा।

## नैनीताल की माल रोड में गैस सिलेंडर चोरी

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नगर के माल रोड क्षेत्र में गैस सिलेंडर वितरण के दौरान एक सिलेंडर चोरी होने का मामला सामने आया है। घटना के बाद गैस एजेंसी की ओर से पुलिस को शिकायत दी गई है जिसके बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। इंडेन गैस एजेंसी के वितरक तरुण कुमार ने बताया कि मालरोड क्षेत्र में सिलिंडर बांटे जा रहे थे। इसी दौरान एक सिलिंडर चोरी हो गया। घटना के बाद एजेंसी की ओर से इसकी शिकायत पुलिस को दी जा रही है। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। एसओ मनोज नयाल ने बताया कि घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि सिलिंडर चोरी करने वाले व्यक्ति की पहचान की जा सके।

## कुविवि का महिला पखवाड़ा संपन्न

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** माता जिया रानी महिला अध्ययन केंद्र कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल में महिला पखवाड़ा मनाया गया, जिसके अंतर्गत सभी कार्यक्रम गिव एंड गैन पर आधारित रहे। बता दें सभी कार्यक्रम जेंडर इक्वलिटी, स्किल डेवलपमेंट तथा आधुनिकरण, स्वास्थ्य एवं खानपान आदि विषयों पर थे। कार्यक्रम की शुरुआत निदेशक प्रोफेसर नीता बोरा शर्मा के व्याखयान से हुई जिसमें उन्होंने भारत में विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं की भूमिका और चुनौती पर प्रकाश डाला, इसके साथ ही हीरा जंगपांगी (पॉश एटिविस्ट) तथा प्रोफेसर लता पांडे (गृह विज्ञान विभाग डीएसबी परिसर नैनीताल रही) इसके साथ ही डेवलपमेंट के अंतर्गत हैंडीक्राफ्ट इको प्रिंटिंग की कार्यशालाएं हुई, इस पखवाड़े में विद्यार्थियों एवं अन्य लोगों में काफी उत्साह दिखा। केंद्र की निदेशक ने बताया कि इन गतिविधियों का उद्देश्य प्रतिभागियों को रोजगार के लिए प्रेरित करना है और उन्हें आत्मनिर्भर की दिशा में सशक्त बनाना है स कार्यशाला में आए सभी छात्र-छात्राओं एशिक्षकों ने माता जिया रानीए महिला अध्ययन केंद्र के इस कार्यक्रम की भरपूर सराहना की।

# आदि कैलाश यात्रा 8 मई से

## जुड़ेंगे कुमाऊं के प्रमुख मंदिर, केएमवीएन ने जारी किए पैकेज

**अफज़ल हुसैन फौजी**

**नैनीताल।** उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले में स्थित पवित्र आदि कैलाश यात्रा इस वर्ष 8 मई से शुरू होगी। यह यात्रा कुमाऊं मंडल विकास निगम द्वारा संचालित की जाती है और इस बार इसे प्रदेश के तीन स्थानों हल्द्वानी, टनकपुर और धारचूला से संचालित किया जाएगा।

यात्रा कुल 15 जत्थों में आयोजित की जाएगी, जिसमें देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालु और पर्यटक शामिल हो सकेंगे। कुमाऊं मंडल विकास निगम के महाप्रबंधक विनीत तोमर ने बताया कि पहली यात्रा 8 मई से हल्द्वानी से शुरू होगी, जिसकी अवधि 8 दिन रखी गई है। इस दौरान यात्रियों को पिथौरागढ़, धारचूला, ओम पर्वत और आदि कैलाश के दर्शन कराए जाएंगे. वापसी में श्रद्धालु चौकोड़ी, पाताल भुवनेश्वर, गंगोलीहाट, जागेश्वर, अल्मोड़ा, कैंची धाम और भीमताल होते हुए



वापस हल्द्वानी पहुंचेंगे। उन्होंने बताया कि इस वर्ष यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए यात्रा की अवधि को कम करने की पहल भी की गई है। इसके तहत टनकपुर से 9 मई से शुरू होने वाली यात्रा 6 दिन की होगी, जिसमें पर्यटकों को सीधे आदि कैलाश तक ले जाया जाएगा। वहीं तीसरा रूट धारचूला से संचालित किया जाएगा, जो कम समय में यात्रा पूरी करने का विकल्प देगा। यात्रा के लिए हल्द्वानी रूट का शुल्क 45 हजार रुपये (जीएसटी सहित), टनकपुर रूट का 42 हजार रुपये और धारचूला रूट का 35 हजार रुपये निर्धारित किया गया है। यात्रा के दौरान आवास, भोजन, स्थानीय परिवहन और अन्य आवश्यक सुविधाएं कुमाऊं मंडल विकास निगम द्वारा उपलब्ध कराई जाएंगी. महाप्रबंधक ने बताया कि पहाड़ी मार्ग लंबा और चुनौतीपूर्ण होने के कारण कई यात्रियों के लिए 8 दिन की यात्रा कठिन हो जाती थी। इसी को ध्यान में रखते हुए इस बार 6 दिन का संक्षिप्त पैकेज भी तैयार किया गया है, जिससे पर्यटक कम समय में कुमाऊं के प्रमुख धार्मिक और पर्यटन स्थलों के दर्शन कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि यात्रा के लिए इच्छुक श्रद्धालु और पर्यटक कुमाऊं मंडल विकास निगम की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन बुकिंग कर सकते हैं।

# वीकेंड पर कैंची धाम, भवाली और भीमताल को विशेष ट्रैफिक प्लान लागू

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** वीकेंड पर श्रद्धालुओं और पर्यटकों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने कैंची धाम समेत भवाली और भीमताल क्षेत्र के लिए विशेष ट्रैफिक डायवर्जन प्लान और शटल सेवा व्यवस्था लागू की है। इससे यातायात को सुचारु तथा सुरक्षित और व्यवस्थित बनाए रखने का प्रयास किया जाएगा। जिले के पुलिस कप्तान डा. मंजूनाथ टीसी ने बताया कि शनिवार और रविवार को क्षेत्र में वाहनों का दबाव काफी बढ़ जाता है। ऐसे में यातायात को नियंत्रित रखने के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। उनके अनुसार वीकेंड के दौरान अल्मोड़ा और रानीखेत से हल्द्वानी की ओर जाने वाले भारी वाहनों को क्वारब और खैरना से डायवर्ट कर रामगढ़ व मुक्तेश्वर मार्ग से हल्द्वानी की ओर भेजा जाएगाए ताकि कैंची धाम और भवाली क्षेत्र में जाम की स्थिति न बने। हल्द्वानी से पर्वतीय क्षेत्रों की ओर जाने वाले आवश्यक सेवाओं से जुड़े भारी वाहन अपने निर्धारित मार्ग से संचालित होंगे। अन्य भारी वाहनों को यातायात के दबाव के अनुसार मस्जिद तिराहा भवाली से पहले रोका जा सकता है या उन्हें रामगढ़ और खुटानी



मोटर मार्ग से गंतव्य की ओर भेजा जाएगा,वहीं भीमताल मार्ग से अपने निजी वाहनों से कैंची धाम जाने वाले पर्यटकों के वाहनों को भीमताल विकास भवन पार्किंग में खड़ा कराया जाएगा। यहां से पर्यटकों को शटल सेवा के माध्यम से भवाली और कैंची धाम मंदिर दर्शन के लिए भेजा जाएगा। इसी तरह नैनीताल और गेठिया मार्ग से आने वाले पर्यटकों के वाहनों को भवाली सैनेटोरियम पार्किंग में पार्क कराया जाएगा। वहां से श्रद्धालुओं और पर्यटकों को शटल सेवा के जरिए कैंची धाम मंदिर तक पहुंचाया जाएगा।एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने सभी पर्यटकों, श्रद्धालुओं और वाहन चालकों से अपील की है कि वीकेंड के दौरान जारी ट्रैफिक डायवर्जन प्लान का पालन करें और सुचारु यातायात व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें।

## नैनीताल में बीच सडक मारपीट, महिलाओं व युवकों में जमकर चले लात घूंसे

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नैनीताल के जिला अस्पताल के समीप गोलघर चौराहे पर कबाड़ बीनने वाले लोगों के बीच शनिवार को बीच सडक जमकर मारपीट हो गई। इस दौरान युवक और महिलाएं एक-दूसरे को बेरहमी से पीटते नजर आए। घटना का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार गोलघर चौराहे के पास अचानक दो पक्षों के बीच विवाद हो गयाए जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गया। सडक पर ही दोनों पक्षों के युवक और महिलाएं एक दूसरे पर लात.घूंसे बरसाने लगे। इस दौरान वहां मौजूद लोगों की भीड़ लग गई। किसी तरह लोगों ने मामले को शांत किया। स्थानीय लोगों का कहना है कि मारपीट करने वाले लोग कबाड़ चुनने का काम करते हैं। इनमें से कई लोगों का पुलिस सत्यापन भी नहीं कराया गया है, जिससे क्षेत्र में असुरक्षा की भावना बनी हुई है। लोगों ने मारपीट करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

मामले में एसएसआई दिनेश जोशी ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है। वायरल वीडियो के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। मारपीट में शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# साहित्य, राजनीति, सिनेमा पर चर्चा

## चारखेत में नैनीताल लिटरेचर फेस्टिवल का दूसरा दिन, विशेषज्ञों ने रखे विचार

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नैनीताल के समीपवर्ती चारखेत के कांस्या रिजॉर्ट माउंटेन मैजिक में चल रहे नैनीताल लिटरेचर फेस्टिवल के दूसरे दिन यानी शनिवार को साहित्य, राजनीति तथा तकनीक तथा सिनेमा और कला से जुड़े विभिन्न विषयों पर गहन मंथन हुआ। इस मौके पर विषय विशेषज्ञों ने विचार रखे। इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरुआत प्रो. पुष्पेश पंत की किताब नैनीताला- नैनीताला के विमोचन से हुई। इस अवसर पर प्रो.पुष्पेश पंत तथा इंदु पांडे और कविता पांडे ने नैनीताल की स्मृतियों व उसके सांस्कृतिक परिवेश और समय के साथ बदलते स्वरूप पर अपने विचार साझा किए। इसके बाद आयोजित सत्र इन द शैडोज आफ द एपिस में अल्का पांडे और शालिनी मोदी ने अपर्णा कांडा के साथ संवाद में भारतीय महाकाव्यों के कम चर्चित पात्रों पर चर्चा की और उनके दृष्टिकोण से नई व्याखया पेश की जबकि द एयूजड में लेखिका वसुंधरा ने अवकीरत छाबड़ा दयाल के साथ बातचीत में अपनी पुस्तक और अपराध कथाओं की जटिलताओं पर चर्चा की। इस दौरान सत्य, न्याय और आरोप से जुड़े मनोवैज्ञानिक पहलुओं पर भी विचार किया गया। जिसके बाद हर अनमैप्ड रिलस सत्र में गीत अर्श कौर तथा मधुरीता आनंद और सुभाषिनी अली ने महिलाओं के अनुभवों व संघर्षों और सामाजिक



सीमाओं से परे उनकी संभावनाओं पर अपने विचार रखे। दोपहर के सत्र ब्रांड इंडिया में सुहेल सेठ ने देविका अरोड़ा के साथ बातचीत में भारत की वैश्विक पहचान बाजार और ब्रांड निर्माण से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। इसके बाद नेहरू टू नरेंद्र सत्र में अनिरुद्ध गुप्ता और समीर संधीर ने भूपेंद्र चौबे के साथ संवाद में भारतीय राजनीति के विभिन्न दौरों और प्रमुख राजनीतिक हस्तियों से जुड़े अपने अनुभव साझा किए। तकनीक और रचनात्मकता के संगम पर आधारित सत्र में अनिरुद्ध गुप्ता, गुरचरण दास और मधुरीता आनंद ने परीक्षित भार्गव के साथ बातचीत में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के संभावित प्रभावों और उससे जुड़े नैतिक प्रश्नों पर चर्चा की। जिसके बाद सिनेमा पर केंद्रित सत्र द हैदराबाद कनेशन में फिल्मकार नागेश कुकुनूर ने अपर्णा कांडा के साथ संवाद में अपने फिल्म निर्माण के अनुभवों और स्वतंत्र सिनेमा तथा स्ट्रीमिंग प्लेटफर्स के बदलते संबंधों पर प्रकाश डाला। कविता को समर्पित सत्र में अमिताभा बागची, अमिताभ एस. बघेल, अशोक पांडे, जेरी पिंटो और मुराद अली ने अपनी रचनाओं के माध्यम से कविता की विविध अभिव्यक्तियों से श्रोताओं को रूबरू कराया। संचालन देव्यानी और हरनमन सिंह ने किया।

### भाषायी विभाजन को दूर करने की जरूरत: सुभाषिनी अली



**नैनीताल।** नैनीताल लिटरेचर फेस्टिवल में पहुंची माकपा की पूर्व सांसद व प्रसिद्ध लेखिका सुभाषिनी अली ने कहा कि नैनीताल साहित्य उत्सव जैसे आयोजनों को आम लोगों में जनप्रिय बनाना चाहिए। बोली देश में भाषायी विभाजन को दूर करने की जरूरत है। कहा कि आज का युवा समानता के पक्षधर व समानता विरोधी दोनों हैं लेकिन वह अपने लिए लड़ रहा है। यूजीसी, नौकरी, पेपर लीक के मुद्दे पर सड़क पर उतर रहा है। युवा इतिहास को जानने व समझने का इच्छुक हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि साहित्य कभी प्रतिक्रियावादी नहीं हो सकता।

### ज्वलंत समस्याओं पर भी हो चर्चा: सुहेल सेठ

**नैनीताल।** नैनीताल लिटरेचर फेस्टिवल में सुहेल सेठ ने कहा कि उनकी शिक्षा नैनीताल के सेंट जोसेफ



कालेज से हुई। कहा कि जो उस दौर का नैनीताल था और जो अब का नैनीताल है उसमें काफी बदलाव आ चुके हैं। उन्होंने कहा कि मुझे शर्म आती है कि जो पहाड़ के लोग हैं वह कुछ बोलते नहीं हैं, नैनीताल के हालात चिंताजनक है, जिसके लिए लोगों को आवाज उठानी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस तरह के साहित्य सम्मेलनों में नैनीताल और देश में चल रही प्रमुख समस्याओं पर भी चर्चा होने चाहिए। उन्होंने तुलना करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में योगी सरकार से उत्तराखंड सरकार ने सीख लेनी चाहिए।

# एसएसबी कैप्सूल पहल से कुविवि नैनीताल की छात्रा नंदिनी जोशी का चयन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल ।** कुमाऊँ विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर नैनीताल की छात्रा नंदिनी जोशी का चयन एएफ कैट -वायु सेना सामान्य प्रवेश परीक्षा के माध्यम से हुआ है। उन्हें एएफ एसबी वायु सेना चयन बोर्ड मैसूर से अनुशंसित किया गया है। उल्लेखनीय है कि नंदिनी ने अपने पहले ही प्रयास में यह सफलता प्राप्त की। नंदिनी जोशी वर्तमान में डीएसबी परिसर कुमाऊँ विश्वविद्यालय में बीए एलएलबी (ऑनर्स) छठे सेमेस्टर की छात्रा हैं। वह कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल द्वारा आयोजित एसएसबी कैप्सूल प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम बैच की प्रतिभागी रही हैं। यह



प्रशिक्षण कार्यक्रम कुलपति प्रो0. (कर्नल) दीवान सिंह रावत की पहल पर वर्ष 2024 में प्रारंभ किया गया जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को एसएसबी तथा रक्षा सेवाओं की चयन प्रक्रिया के लिए मार्गदर्शन और प्रशिक्षण प्रदान करना है। इस कार्यक्रम का प्रथम प्रशिक्षण सत्र 18 से 25 सितंबर 2024 के बीच आयोजित किया गया था। नंदिनी की सफलता को इस पहल का एक महत्वपूर्ण परिणाम माना जा रहा है। विश्वविद्यालय के जनसंपर्क अधिक. ारी प्रो0 रीतेश साह ने बताया कि नंदिनी एक सक्रिय डिबेटर और एनसीसी कैडेट भी हैं। वह डीएसबी परिसर के छात्र क्लब डीएसबी संस्कृति की छात्र अध्यक्ष तथा परिसर के न्यूज़लेटर की छात्र संपादक भी हैं। इसके अतिरिद्र वह बिट्स पिलानी से बीएससी कंप्यूटर साइंस का डिस्टेंस लर्निंग कार्यक्रम भी कर रही हैं।नंदिनी की इस कामयाबी पर कुलपति प्रो0 (कर्नल) दीवान एस रावत ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर प्रो. नीता बोरा शर्मा, प्रो. संजय पंत, प्रो. एचसीएस बिष्ट, प्रो. संतोष कुमार, प्रो. आशीष मेहता. प्रो. ललित तिवारी, डा. सुरेश जोशी सहित विवि के शिक्षकों ने भी शुभकामनाएँ दीं।

## ऑल सेंट्स में शिक्षकों के लिए जागरूकता कार्यशाला आयोजित

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल ।** नगर के ऑल सेंट्स कॉलेज में शिक्षकों के लिए विद्यार्थियों में पाई जाने वाली विशिष्ट अधिगम अक्षमताओं के विषय पर एक महत्वपूर्ण और संवादात्मक सत्र आयोजित किया गया। इस सत्र का उद्देश्य प्रारंभिक कक्षाओं के शिक्षकों को ऐसे बच्चों की पहचान और उन्हें उचित शैक्षणिक सहयोग प्रदान करने के प्रति जागरूक करना था। इस अवसर पर सारा वानिया हक जो वर्तमान में विशेष शिक्षा में परास्नातक कर रही हैं और कलीनिकल साइकोलॉजी में भी परास्नातक उपाधि प्राप्त कर चुकी हैं ने शिक्षकों को विषय से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी।उन्होंने अपने शोध कार्य के अंतर्गत विकसित एमटीएसएस आधारित शिक्षक.सहायता टूलकिट के बारे में विस्तार से बताया। यह टूलकिट सामान्य कक्षा के शिक्षकों को उन विद्यार्थियों की पहचान करने और उन्हें सहयोग देने में मदद करता है जो प्रारंभिक स्तर में विशिष्ट अधिगम अक्षमताओं के जोखिम में हो सकते हैं। सत्र के दौरान शिक्षकों को कक्षा में बच्चों के व्यवहार, सीखने की गतिए पढ़ने लिखने की कठिनाइयों तथा गणितीय समझ से जुड़े संकेतों को पहच. ानने के व्यावहारिक तरीके बताए गए। बताया कि समय रहते उचित मार्गदर्शन और सहयोग मिलने पर ऐसे बच्चों की सीखने की क्षमता को बेहतर बनाया जा सकता है। कार्यक्रम में समावेशी शिक्षा को बढ़ावा देने और प्रत्येक बच्चे को समान अवसर प्रदान करने के लिए शिक्षकों की संवे. दनशीलता और जागरूकता अत्यंत आवश्यक है।

# मंदिर के दानपात्र से चोरी करने वाले दो युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नैनीताल के तल्लीताल थाना क्षेत्र में पायलट बाबा आश्रम स्थित मंदिर के दानपात्र से पैसे चोरी करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के कबजे से चोरी की रकम भी बरामद कर ली गई है।

पुलिस के मुताबिक ग्राम लखनापुर, पोस्ट सरेनी थाना सरेनी जिला रायबरेली (उत्तर प्रदेश) निवासी तथा वर्तमान में पायलट बाबा आश्रम तल्ला गेठिया में रह रहे संपूर्णानन्द त्रिपाठी ने तल्लीताल थाने में तहरीर दी थी। तहरीर में बताया गया कि रानीबाग काठगोदाम निवासी संजय ऊं संजू और दीपक कुमार जो पहले आश्रम में सेवादार रह चुके हैं उन्होंने 9 मार्च की रात करीब 10.30 बजे



मंदिर के पीछे की खिड़की से अंदर प्रवेश कर दानपात्र से करीब 2025 रुपये चोरी कर लिए। घटना सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुई। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुक. दमा दर्ज कर जांच शुरू की।

मामले में एसओ तल्लीताल मनोज नयाल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू की। शनिवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने भूमियाधार क्षेत्र में माता मंदिर के पास से नैनीताल की ओर जाने वाले मोड़ से दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरो. पियों की पहचान संजय कार्की उर्फ संजू पुत्र स्व. जय सिंह कार्की निवासी चौघानपाटा रानीबाग और दीपक कुमार पुत्र पुष्कर राम निवासी चौघानपाटा रानीबाग थाना काठगोदाम के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी की 1324 रुपये की नकदी बरामद की है। दूसरी ओर पुलिस ने मामले में बीएनएस की संबंधित धाराओं में बढ़ोतरी करते हुए आरोपियों को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई की है। गिरुतारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक श्याम सिंह बोरा, उपनि. रीक्षक सतीश उपाध्याय तथा कांस्टेबल राजेंद्र जोशी और कांस्टेबल पदम सिंह शामिल रहे।

## केपी क्लब ने गोगीना ब्लास्टर को 3-1 हराकर फ़ाइनल मैच जीता

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**शांतिपुरी।** शांतिपुरी नंबर-4 चंद्रपुरी में आदर्श वालीबाल क्लब के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय अखिल भारतीय वालीबाल टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला देर रात्रि खेला गया। फाइनल में केपी क्लब ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोगीना ब्लास्टर को 3-1 से हराकर लगातार छठी बार खिताब अपने नाम कर लिया। मुख्य अतिथि रुद्रपुर महानगरपालिका के महापौर विकास शर्मा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर फाइनल मुकाबले का विधिवत शुभारंभ किया। मुकाबले में केपी क्लब ने 17-25, 25-16, 25-22 और 25-21 के सेटों में जीत दर्ज कर ट्राफी पर कब्जा जमाया। प्रतियोगिता में बेस्ट लिब्रो का पुरस्कार आशीष, बेस्ट लिफ्टर हर्षित, बेस्ट अटैकर कारन, बेस्ट ब्लॉकर मनजीत तथा मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार रजत को प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि विकास शर्मा ने आयोजकों को सफल आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि खेल युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए बेहतर अवसर प्रदान करते हैं। इससे पूर्व पहले सेमीफाइनल में केपी क्लब ने रॉबिन बालियान की टीम को 2-1 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। जबकि दूसरे सेमीफ़ाइनल में गोगीना ब्लास्टर ने बाबा नीम करोली की टीम को 2-1 से पराजित किया। मैच का आंखों देखा हाल लकी कुान ने सुनाया। इस अवसर पर वॉलीबाल कमेटी के अध्यक्ष रोहित तिवारी, ग्राम प्रधान बचुली देवी, कविता तिवारी, प्रेम आर्या, संदीप राव, डा. गणेश उपाध्याय, नारायण सिंह बिष्ट, विनोद सिंह कोरंगा, ललित बिष्ट, जगदीश कांडपाल, अशोक जोशी, राजेंद्र पटवाल, इंदर सिंह मेहता, नीरज रावत, प्रताप सिंह रौतेला, कमल पटवाल, जगदीश कांडपाल, प्रताप सिंह को. रंगा, सहित बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

# आर्कियोलॉजी के महत्व पर डाला प्रकाश

## एमबी राजकीय महाविद्यालय में एक दिवसीय आर्कियोलॉजी एक्सप्लोरेशन पर व्याख्यान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शनिवार को एमबी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के इतिहास विभाग द्वारा 'आर्कियोलॉजी एक्सप्लोरेशन-टूल्स एंड मेथड्स' विषय पर एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में इंडोलॉजी विशेषज्ञ डा. नीता दुबे ने प्रमुख व्याख्यान दिया।

कार्यक्रम का संचालन डा. ज्योति टम्टा ने किया। डा. ज्योति टम्टा ने अपने उद्घाटन भाषण में कहा पुरातत्व इतिहास केवल हमें अतीत से जोड़ता नहीं, बल्कि यह हमें अपनी संस्कृति और विरासत को समझने और संरक्षित करने के लिए भी प्रेरित करता है। यह हमें हमारे समृद्ध और गौरवशाली अतीत को जानने का अवसर देता है और इसे संरक्षित करने



की आवश्यकता पर बल देता है। डा. नीता दुबे ने अपने व्याख्यान में आर्कियोलॉजी के महत्व और विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने डिजिटल आर्कियोलॉजी, रॉक आर्ट, म्यूजियम आर्कियोलॉजी और दस्तावेज़ीकरण के तरीकों के बारे में जानकारी दी। इसके साथ ही उन्होंने आर्कियोलॉजी के विभिन्न प्रकार और अध्ययन के आठ चरणों की विस्तृत जानकारी साझा की। डा. नीता दुबे ने आर्कियोलॉजी के अध्ययन के दौरान अनुसंधान में शामिल विभिन्न विषयों जैसे सांस्कृतिक धरोहर, पर्यावरण, एंथ्रोपोलॉजी, वनस्पति विज्ञान और जीव विज्ञान के बारे में भी चर्चा की। उन्होंने आर्कियोलॉजी सर्वे ऑफ इंडिया द्वारा निर्धारित नियम और कानूनों का भी उल्लेख किया, जो इस अध्ययन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। डा. नीता दुबे ने अपनी यात्रा के बारे में बताते हुए कहा कि उन्होंने हाल ही में अलवर जिले के शैव कला का अध्ययन किया है। इसके अलावा, वे मध्य प्रदेश के विभिन्न संग्रहालयों में शैव प्रतिमाओं का अध्ययन कर रही हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा. बीआर पंत ने डा. नीता दुबे के व्याख्यान की सराहना करते हुए इतिहास विभाग को इस ज्ञानवर्धक और रचनात्मक कार्यक्रम के आयोजन के लिए बधाई दी। इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष, डा. सुरेश टम्टा ने समस्त प्राध्यापक और प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। संगोष्ठी में डा. राजेश कुमार, डा. महिपाल कोटीयाल, डा. दिनेश कुमार, डा. देवेश गर्बयाल, डा. नवल लोहनी, डा. पंकज कुमार, डा. सुधीर नैनवाल और स्नातक स्नातकोत्तर स्तर के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## ग्लूकोमा जागरूकता सप्ताह पर मरीजों को दी बीमारी से बचाव की जानकारी

**नैनीताल ।** राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल नैनीताल में ग्लूकोमा जागरूकता सप्ताह के तहत मरीजों और तीमारदारों को आंखों की गंभीर बीमारी ग्लूकोमा के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान लोगों को बीमारी के लक्षण, बचाव और समय पर जांच के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। अस्पताल की नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. दीपिका लोहनी ने बताया कि ग्लूकोमा आंखों से जुड़ी एक गंभीर बीमारी है जिसे आम भाषा में काला मोतिया भी कहा जाता है। इस बीमारी में आंख के अंदर दबाव बढने से ऑप्टिक नर्व को नुकसान पहुंचता हैए जिससे धीरे.धीरे दृष्टि कम होने लगती है और समय पर इलाज न मिलने पर अंधत्व तक हो सकता है। उन्होंने बताया कि ग्लूकोमा को साइलेंट विजन किलर भी कहा जाता है कयोंकि शुरुआती चरण में इसके लक्षण स्पष्ट नहीं होते।

# यूजीसी बिल के समर्थन में रैली कल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** कैनाल रोड स्थित जोहार मिलन केंद्र में एक महत्वपूर्ण सभा का आयोजन किया गया। इस सभा में रैली एवं कार्यक्रम के समर्थन पर चर्चा की गई, जिसमें जोहार मिलन केंद्र के सभी साथियों ने यूजीसी समर्थन संघर्ष समिति को आश्वासन दिया कि वे कार्यक्रम और रैली को सफल और भव्य बनाने में पूरा योगदान देंगे। सभा की अध्यक्षता जीआर टम्टा, केके बोरा, कैलाश पाण्डेय, एडवोकेट अंजू, नफीस अहमद खान, और सुंदरलाल बौद्ध जैसे प्रमुख नेताओं ने की। इस मौके पर इन नेताओं ने यूजीसी गाइडलाइन 2026 पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा लगाई गई रोक को हटाने की आवश्यकता पर विचार व्यक्त किया। 15 मार्च को एक विशाल रैली आयोजित करने और सरकार से सदन में यूजीसी पर बिल लाने की मांग को लेकर ज्ञापन देने का प्रस्ताव रखा गया। जोहार



मिलन के साथियों ने इस चर्चा में कहा कि उच्च शिक्षा संस्थानों में जातिगत भेदभाव को रोकने और समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए यूजीसी ने नए नियम बनाए हैं। इन नए नियमों का उद्देश्य एससी, एसटी, ओबीसी, महिलाओं और दिव्यांगों के खिलाफ भेदभाव को समाप्त करना है। इन नियमों के तहत संस्थानों में एक इक्विटी कमेटी का गठन किया जाएगा, जो भेदभाव की शिकायतों का निवारण करेगी। इसके अलावा, ईओसी (समान अवसर प्रकोष्ठ) को मजबूत किया जाएगा, जो वंचित वर्गों के छात्रों की मदद करेगा। नए नियमों में जातिगत भेदभाव की परिभाषा को व्यापक किया गया है, जिससे ओबीसी, महिलाओं और दिव्यांगों को भी इसमें शामिल किया गया है। इसके तहत भेदभाव की शिकायतों का निवारण 24 घंटे में और 15 दिन में जांच रिपोर्ट प्रदान करने का प्रावधान किया गया है।

# द्रविड़, बिन्नी व मिताली को मिलेगा लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार





**● बीसीसीआई ने 'नमन पुरस्कारों' की घोषणा की, इसके तहत अंतर्राष्ट्रीय व घरेलू क्रिकेट मे उल्लेखनीय योगदान देने वाले क्रिकेटरों को सम्मानित किया जाएगा**

**मुंबई, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट में बेहतरीन योगदान देने वाले रोजर बिन्नी, राहुल द्रविड़ और मिताली राज को रविवार को 'नमन पुरस्कारों' के तहत भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सर्वोच्च सम्मान 'कर्नल सीके नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड' से सम्मानित किया जाएगा। बीसीसीआईआई ने आज 'नमन पुरस्कारों' की घोषणा की। इसके तहत अंतर्राष्ट्रीय और घरेलू क्रिकेट में उल्लेखनीय योगदान देने वाले क्रिकेटरों को सम्मानित किया जाएगा। बिन्नी ने 27 टेस्ट और 72 एकदिवसीय मैच खेले हैं। वे 1983 में विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थे और उस टूर्नामेंट में सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज थे। यह टूर्नामेंट भारतीय क्रिकेट के भविष्य को बदलने वाला साबित हुआ था। वे 1985 में 'वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ क्रिकेट' जीतने वाली भारतीय टीम का भी हिस्सा थे। बाद में उन्होंने भारत की अंडर-19 टीम के कोच के तौर पर भी काम किया, जिसने साल 2000 में विश्व कप जीता था। इसके बाद वे राष्ट्रीय पुरुष टीम के चयनकर्ता भी बने। उन्होंने बीसीसीआई के अध्यक्ष के तौर पर भी अपनी सेवाएं दी हैं। द्रविड़ ने अपने शानदार करियर में कुल 509 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले, जिसमें उन्होंने 24 हजार से अधिक रन बनाए और 400 से अधिक कैच लपके। उनकी कप्तानी में भारत ने साल 2007 में इंग्लैंड में ऐतिहासिक टेस्ट सीरीज जीती थी। बाद में उन्होंने पुरुष अंडर-19 टीम, 'इंडिया ए' और राष्ट्रीय पुरुष टीम के कोच के तौर पर भी काम किया। राष्ट्रीय पुरुष टीम ने साल 2024 में टी-20 विश्व कप जीता था। मिताली राज ने भारत के लिए सभी प्रारुपों में कुल 333 मैच खेले हैं। वे दुनिया की पहली महिला क्रिकेटर बनीं, जिन्होंने 10 हजार से अधिक रन बनाए हैं। उनकी कप्तानी में भारतीय टीम दो बार विश्वकप के फाइनल तक पहुंची थी। इस दौरान भारत के टेस्ट और एकदिवसीय कप्तान शुभमन गिल को 'क्रिकेटर ऑफ द ईयर' पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। 'क्रिकेटर ऑफ द ईयर' पुरस्कार को 'पॉली उमरीगर क्रिकेट ऑफ द ईयर' अवॉर्ड भी कहा जाता है। वहीं, महिला वर्ग में स्मृति मंधाना को उनके करियर में पांचवीं बार सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर ऑफ द ईयर का सम्मान मिलेगा।

विजेताओं की पूरी सूची इस प्रकार है :-

पॉली उमरीगर अवॉर्ड: 2024-25 के सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर (पुरुष) शुभमन गिल। 2024-25 की सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर (महिला) मंधाना। वनडे अंतर्राष्ट्रीय मैचों में सर्वाधिक विकेट 2024-25 (महिला) दीप्ति वनडे अंतर्राष्ट्रीय मैचों में सर्वाधिक रन बनाने वाली खिलाड़ी 2024-25 (महिला) मंधाना। 2024-25 में सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय डेब्यू (महिला) एन श्री चरणी। 2024-25 में सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय डेब्यू (पुरुष) हर्षित। 2024-25 के बीसीसीआई घरेलू टूर्नामेंटों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन - मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन। 2023-24 में घरेलू क्रिकेट के सर्वश्रेष्ठ अंपायर - उल्हास गांधे। माधवराव सिधिया अवॉर्ड: 2024-25 की रणजी ट्रॉफी में सर्वाधिक विकेट लेने वाले खिलाड़ी - एलीट ग्रुप - हर्ष (विदर्भ)। माधवराव सिधिया अवॉर्ड: 2024-25 की रणजी ट्रॉफी में सर्वाधिक विकेट लेने वाले खिलाड़ी - प्लेट ग्रुप - सुचित जे (नागालैंड)। माधवराव सिधिया अवॉर्ड: 2024-25 की रणजी ट्रॉफी में सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी - एलीट ग्रुप - यश राठौड़ (विदर्भ)। माधवराव सिधिया अवॉर्ड: 2024-25 में रणजी ट्रॉफी में सबसे अधिक रन बनाने वाली खिलाड़ी - प्लेट ग्रुप - स्नेहल कौथंकर (गोवा)। घरेलू सीमित ओवर प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर के लिए लाला अमरनाथ अवॉर्ड, 2024-25 - आयुष म्हात्रे (मुंबई)।

रणजी ट्रॉफी में सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर के लिए लाला अमरनाथ अवॉर्ड, 2024-25 - हर्ष दुबे (विदर्भ)। जगमोहन डालमिया ट्रॉफी: 2024-25 की सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर (जूनियर डोमेस्टिक) - इरा जाधव (मुंबई)। जगमोहन डालमिया ट्रॉफी: 2024-25 की सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर (सीनियर डोमेस्टिक) (सीनियर महिला वनडे) - शैफाली वर्मा। जगमोहन डालमिया ट्रॉफी: 2024-25 में (अंडर 16) विजय मर्चेंट ट्रॉफी में सबसे अधिक विकेट लेने वाली खिलाड़ी - एलीट ग्रुप - यशबर्धन सिंह चौहान आदि।

## संक्षिप्त खेला समाचार

### आर्यना सबालेंका व रायबाकिना में होगा खिताबी मैच

**कैलिफोर्निया, वार्ता।** आर्यना सबालेंका और एलेना रायबाकिना रविवार को इंडियन वेल्स में चार महीने से ज्यादा समय में तीसरी बार फाइनल में आमने-सामने होंगी। बीबीसी स्पोर्ट के मुताबिक, दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी सबालेंका ने चेक गणराज्य की लिडा नोस्कोवा को 6-3, 6-4 से आसानी से हराया, जबकि रायबाकिना ने यूक्रेन की एलिना स्वितोलिना को 7-5, 6-4 से हराया। उन्होंने कहा कि बहुत अच्छा लग रहा है। मैं यहां कुछ फाइनल हार चुकी हूं, इसलिए मैं पक्का करूंगी कि रविवार को मैं पूरी तरह तैयार रहूं। मैं अपना बेस्ट टेनिस खेलूंगी और यह साल इसी के लिए है। दुनिया की नंबर तीन खिलाड़ी रायबाकिना ने फाइनल में अपने पांच में से चार मुकाबले जीते हैं, सबसे हाल ही में नवम्बर में डब्ल्यूटीए फाइनल और जनवरी में ऑस्ट्रेलियन ओपन में मैं जितना हो सके उतना लड़ने जा रही हूं।

### नोएडा में एसआरसीए चेस कार्निवल का आयोजन

**नोएडा, वार्ता।** शतरंज प्रेमियों और उभरते हुए युवा खिलाड़ियों के लिए विभिन्न आयु वर्ग में रविवार को एसआरसीए चेस कार्निवल आयोजन किया जाएगा। कैंडर टेकस्पेस नोएडा सेक्टर 62 स्थित बिज सेंट्रल में रियल एस्टेट कंपनी ब्रूकफील्ड प्रॉपर्टीज द्वारा इस एक दिवसीय टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा। टूर्नामेंट में रैपिड (25 5) और ब्लिट्ज (3 2) प्रारुप में मुकाबले आयोजित किए जाएंगे, जिनमें अंडर-9, अंडर-11, अंडर-13 और ओपन श्रेणियां शामिल है।

प्रतियोगिता के लिए अब तक 100 से अधिक खिलाड़ियों ने पंजीकरण कराया है।

# केकेआर से आईपीएल अनुंबध मिलने के बाद मुजारबानी ने पीसीएल छोड़ा

**● विंडीज के तेज गेंदबाज शमार जोसेफ को रिलीज के बाद केकेआर ने ब्लेसिग मुजारबानी को जोड़ लिया**



**कोलकाता, वार्ता।** जिम्बाब्वे के तेज गेंदबाज ब्लेसिग मुजारबानी को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की फैंचाइजी कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) का अनुबंध मिल गया है और वह अब पीएसएल 2026 में इस्लामाबाद यूनाइटेड के लिए नहीं खेलेंगे। मुजारबानी ने इस बारे में यूनाइटेड को जानकारी दे दी है।

पिछले साल दिसम्बर में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने केकेआर को मुस्तफिजुर रहमान को रिलीज करने के लिए कहा था, जिन्हें उन्होंने नीलामी में 9.2 करोड़ रुपये में खरीदा था।

केकेआर ने मुजारबानी को अपने साथ जोड़ने की घोषणा कर दी है। वहीं मुस्तफिजुर को लाहौर कलंदर्स ने 26 मार्च से शुरू हो रहे आगामी पीसीएल सीजन के लिए अपने साथ जोड़ लिया है। मुजारबानी मुल्तान सुल्तांस के लिए खेलते हुए पीएसएल का खिताब जीत चुके हैं लेकिन 11 फरवरी को हुई पीएसएल के लिए नीलामी के दौरान उन्हें खरीदार नहीं मिला था।

हालांकि बाद में वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज शमार जोसेफ को रिलीज किए जाने के बाद यूनाइटेड ने डायरेक्ट साइनिग के रूप में मुजारबानी को अपने साथ जोड़ लिया था।

# सात्विक-चिराग ने नाम वापस लिया

**● स्विस ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत का सफर क्वार्टरफाइनल में समाप्त**



**स्विट्जरलैंड, वार्ता।** चोटिल सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी के पुरुष युगल मैच से नाम वापस लेने और तरुण मन्नेपल्ली के एकल मुकाबले में हार के साथ स्विस ओपन 2026 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत का सफर क्वार्टरफाइनल में समाप्त हो गया। पुरुष युगल की शीर्ष भारतीय जोड़ी ने बेसल में खेले जा रहे बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 टूर्नामेंट से शुक्रवार को अपना नाम वापस ले लिया। डेनमार्क के क्रिश्चियन कजायर और रासमस कजायर के खिलाफ मैच से पहले सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी ने कंधे में दर्द की शिकायत के बाद यह फैसला लिया। इससे पहले गुरुवार को, सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने तीन गेम के एक रोमांचक और लंबे मैच में जापान के हिरोकी ओकामूरा और क्योहेई यामाशिता को 21-15, 15-21, 28-26 से हराया था। यह मैच एक घंटा 14 मिनट तक चला था। उसी दिन बाद में, बैडमिंटन रैंकिंग में 43वें स्थान पर मौजूद तरुण मन्नेपल्ली, टोक्यो 2020 के कांस्य पदक विजेता इंडोनेशिया के एंथनी गिटिग से 19-21, 21-19, 13-21 से हार गए। यह मैच एक घंटा छह मिनट तक चला था। 24 साल के भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी ने धीमी शुरुआत की और पहले गेम के बीच में 11-7 से पीछे चल रहे थे। ब्रेक के बाद, उन्होंने वापसी करते हुए स्कोर 12-12 से बराबर कर दिया, लेकिन फिर गिटिग ने लगातार चार पॉइंट बनाकर 16-12 की बढ़त बना ली और आखिर में भारतीय खिलाड़ी की देर से की गई कोशिश के बावजूद गेम जीत लिया। दूसरे गेम में मन्नेपल्ली ने जोरदार खेल दिखाया और 19-13 की बड़ी बढ़त बना ली। गिटिग ने लगातार छह पॉइंट बनाकर स्कोर 19-19 से बराबर कर दिया, लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने अपना संयम बनाए रखा और मैच को निर्णायक गेम तक ले गए। हालांकि, तीसरा गेम पूरी तरह से एकतरफा रहा। गिटिग ने शुरुआत में ही मैच पर पकड़ बना ली और ब्रेक तक 11-6 की बढ़त हासिल कर ली, इसके बाद उन्होंने मन्नेपल्ली को किसी भी मौके पर स्कोर बराबर करने का मौका नहीं दिया।

# क्रिकेटर अभिषेक शर्मा ने वैष्णव माता मंदिर में की पूजा



**अभिषेक शर्मा ने मंदिर में पहुंचकर माता रानी का अशीर्वाद लिया**

**जम्मू, वार्ता।** भारतीय क्रिकेटर अभिषेक शर्मा ने टी-20 वर्ल्ड कप में ऐतिहासिक जीत के बाद जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले के कटरा में त्रिकुटा पहाड़ियों में स्थित श्री माता वैष्णो देवी गुफा मंदिर के दर्शन किए और पूजा-अर्चना की। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारतीय क्रिकेट टीम के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा सफेद कुर्ता-पायजामा पहने हुए थे। वह शुक्रवार को मंदिर के गर्भगृह में पूजा-अर्चना करने के लिए भवन पहुंचे। युवा बल्लेबाज ने मंदिर पहुंचकर माता रानी का आशीर्वाद लिया और देश की खुशहाली एवं टीम की आगे की सफलता के लिए प्रार्थना की। सोशल मीडिया पर ऐसे वीडियो और तस्वीरें भी सामने आई हैं, जिनमें इस क्रिकेटर को पैदल यात्रा करते हुए, बैटरी कार की सवारी करते हुए और गुफा मंदिर के रास्ते में अन्य श्रद्धालुओं से बातचीत करते हुए देखा गया।

# ग्रासरूट टैलेंट को मजबूत करने की जरूरत : खडसे

**कहा : स्पोर्ट्स कल्चर को बढ़ावा देने में स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट की अहम भूमिका सच में प्रेरण देने वाली**



**नई दिल्ली, वार्ता।** युवा मामले और खेल राज्य मंत्री श्रीमती रक्षा खडसे ने शुक्रवार को यहां मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजेएफआई) के नेशनल कन्वेंशन के गोल्डन जुबली सेलिब्रेशन की शुरुआत पर अपने दमदार और सोचने पर मजबूर करने वाले भाषण में कहा कि नॉन-क्रिकेट स्पोर्ट्स को उसकी सही जगह और पहचान देने और ग्रासरूट टैलेंट को मजबूत करने की जरूरत है।

दिल्ली स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट एसोसिएशन (डीएसजेए) द्वारा होस्ट किया गया चार दिन का कन्वेंशन शुक्रवार को शुरू हुआ, जो दो दशक से ज्यादा समय के बाद राष्ट्रीय राजधानी में इस प्रतिष्ठित सभा की वापसी को दिखाता है। मौजूद खेल पत्रकारों को संबोधित करते हुए, श्रीमती खडसे ने कहा कि स्पोर्ट्स कल्चर को बढ़ावा देने में स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट की अहम भूमिका सच में प्रेरणा देने वाली है।

जमीनी लेवल पर टैलेंट को बढ़ावा देने की जरूरत है। अपने काम से, आप स्पोर्ट्स को नई एनर्जी दे रहे हैं। जिस तरह से आप स्पोर्ट्स को कवर करते हैं, उससे लोगों को यह समझने में मदद मिलती है कि वे स्पोर्ट्स में कैसे आगे बढ़ सकते हैं और युवा पीढ़ी को इसमें हिस्सा लेने के लिए कैसे बढ़ावा दिया जा सकता है। श्रीमती खडसे ने नॉन-क्रिकेट स्पोर्ट्स को जगह देने की जरूरत पर जोर दिया, साथ ही सरकारी पहलों, स्पोर्ट्स टूरिज्म को बढ़ावा देने और स्पोर्ट्स साइंस जैसे उभरते हुए फील्ड्स में करियर के रास्ते खोलने पर भी जोर दिया। उन्होंने यह भी बताया कि डेमोक्रेसी के चौथे पिलर के तौर पर जर्नलिज्म, समाज की भलाई को आगे बढ़ाने में जरूरी है, और स्पोर्ट्स मीडिया भारत की सॉफ्ट पावर को दुनिया भर में दिखाने में अहम भूमिका निभाता है। उन्होंने इस फील्ड में महिलाओं की ज्यादा भागीदारी की भी अपील की।

श्रीमती खडसे के अलावा, कन्वेंशन की ओपनिग सेरेमनी में स्पोर्ट्स सेक्रेटरी हरि रंजन राव और स्पोर्ट्स जर्नलिज्म से जुड़े सीनियर सदस्य शामिल हुए। सेरेमनी की शुरुआत पारंपरिक तरीके से दीप जलाने से हुई, जिसके बाद कन्वेंशन में खास लोगों और योगदान देने वालों को सम्मानित करने के लिए कई सम्मान समारोह हुए। डीएसजेए प्रेसिडेंट अभिषेक त्रिपाठी ने श्रीमती खडसे को सम्मानित किया, जबकि डीएसजेए सेक्रेटरी सबी हुसैन ने रंजन राव को सम्मानित किया। एसजेएफआई लीडरशिप - प्रेसिडेंट सरजू चक्रवर्ती और सेक्रेटरी वी रमेश-ने भी मुख्य मेहमानों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। बदले में, खडसे ने एसजेएफआई प्रेसिडेंट और सेक्रेटरी को सम्मानित किया, और फिर एसजेएफआई लीडरशिप के साथ मिलकर देश भर के जुड़े हुए स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट एसोसिएशन के स्टेट प्रेसिडेंट और सेक्रेटरी को सम्मानित किया। सेरेमनी के दौरान जिदल स्टील की कॉर्पोरेट कम्युनिक. शंस की एजीएम श्रीमती नवनीता दास को भी लोकसभा सांसद नवीन जिदल की ओर से सम्मानित किया गया। शाम की एक खास बात जेके बोस इंटर-जोनल टी-20 क्रिकेट ट्रॉफी और एसी बाली टेबल टेनिस ट्रॉफी का अनावरण था, जिससे कन्वेंशन के कॉम्पिटिटिव स्पोर्टिंग सेगमेंट की फॉर्मल शुरुआत हुई। जेके बोस इंटर-जोनल टी 20 क्रिकेट टूर्नामेंट का ड्रॉ भी निकाला गया। आखिरी भाषण देते हुए, डीएसजेए के प्रेसिडेंट त्रिपाठी ने डेलीगेट्स और खास लोगों का स्वागत किया और कहा कि जब हमें दिल्ली में एसजेएफआई कन्वेंशन बुलाने के लिए कहा गया, तो हम सोचते रहे कि 23 साल बाद इसे कैसे किया जाए और सभी को एक साथ कैसे लाया जाए। स्पोर्ट्स मिनिस्ट्री से मिले सपोर्ट ने हमें कई मुश्किलों को पार करने और आगे बढ़ने में मदद की।

# केके आर ने किया बैंगनी व चमकीले सुनहरे डिजाइन वाली जर्सी का अनावरण

**कोलकाता, वार्ता।** तीन बार की चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 से पहले लाइंस ऑफ लीगेसी 'विरासत की लकीर' की थीम पर डिजाइन की गई नई जर्सी का अनावरण किया है।

इस डिजाइन के केंद्र में वे निर्णायक पल हैं जिन्होंने पिछले कुछ सालों में केकेआर के सफर को आकार दिया है। 2008 की उस यादगार शुरुआती रात से लेकर, जब ब्रेंडन मैकुलम ने नाबाद 158 रन बनाए थे और रिकू सिंह के आखिरी ओवर में लगाए गए पांच छक्कों तक, केकेआर ने ऐसे कई पल दिए हैं जो आईपीएल के इतिहास का हिस्सा बन गए हैं।

जर्सी के अनावरण पर वेंकी मैसूर, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, नाइट राइडर्स स्पोर्ट्स ने कहा कि लाइंस ऑफ लीगेसी केकेआर के गौरवशाली इतिहास के सार को समेटे हुए है और पिछले कुछ सालों में टीम के सफर का जश्न मनाती है। हर लकीर शानदार प्रदर्शन के एक अहम पल को दर्शाती है, जो उस ऊर्जा और भावना को दिखाती है जो मिलकर हमारी पहचान बनाती है। हमें इस विरासत पर गर्व है जिसे हमने बनाया है और हम इसे आने वाले सीजन में भी आगे ले जाना चाहते हैं, साथ ही अपने प्रशंसकों के लिए और भी यादगार पल बनाना चाहते हैं।

# भारत, इंग्लैंड ने महिला हॉकी वर्ल्ड कप का टिकट बुक किया



**● भारत ने दूसरे सेमीफाइनल में इटली को हराया, जबकि इंग्लैंड ने पहले सेमीफाइनल में स्कॉटलैंड को हराया**

**हैदराबाद, वार्ता।** भारत और इंग्लैंड ने शुक्रवार को हैदराबाद के जीएमसी बालयोगी हॉकी ग्राउंड में हॉकी महिला वर्ल्ड कप क्वालिफायर 2026 में अपने-अपने सेमीफाइनल जीतकर महिला एफआईएच हॉकी वर्ल्ड कप बेल्जियम और नीदरलैंड्स 2026 के लिए क्वालिफिकेशन हासिल कर लिया, जिससे टूर्नामेंट की दो अजेय टीमों के बीच खिताबी मुकाबला तय हो गया। इंग्लैंड ने पहले सेमीफाइनल में स्कॉटलैंड को 2-0 से हराया, जबकि भारत ने दूसरे सेमीफाइनल में इटली को 1-0 से हराकर इस ग्लोबल शोपीस का टिकट बुक किया। दिन के दो क्लासिफिकेशन मैचों में वेल्स ने जबरदस्त वापसी करते हुए कोरिया को 2-1 से हराया और 5वें-6वें स्थान के प्लेऑफ में पहुंच गया, जबकि उरुग्वे ने ऑस्ट्रिया पर 3-0 की जबरदस्त जीत दर्ज करके उनका साथ दिया। हारे हुए सेमीफाइनलिस्ट स्कॉटलैंड और इटली अब तीसरे स्थान के लिए लड़ेंगे, जिससे वर्ल्ड कप क्वालिफिकेशन भी पक्का हो जाएगा।

**भारत 1-0 इटली (दूसरा सेमीफाइनल)**

भारत ने शुक्रवार को दूसरे सेमीफाइनल में इटली पर 1-0 से जीत के साथ वर्ल्ड कप के लिए अपनी टिकट बुक की, जिससे इंग्लैंड के साथ टाइटल क्लैश तय हो गया। दोनों टीमें फाइनल तक पहुंचने के अपने रास्ते में बिना हारे रही हैं। भारत की 22 सर्कल एंट्री, नौ पेनल्टी कॉर्नर और टारगेट पर आठ शॉट से सिर्फ एक गोल हुआ, लेकिन आखिर में यही अंतर पैदा करने वाला साबित हुआ। भारतीय बैकलाइन ने कमजोर बढ़त को बचाने के लिए पूरी जान लगा दी, जबकि इटली की टीम ने काफी खतरा पैदा किया, लेकिन आखिर में कुछ खास नहीं कर पाई। गेम का इकलौता और सबसे जरूरी गोल 40वें मिनट में हुआ, जब मनीषा चौहान ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके इंडिया को आगे कर दिया। इटली आखिरी मिनटों में पेनल्टी कॉर्नर से बराबरी करने के करीब थी, लेकिन इंडिया की गोलकीपर बिचू देवी खतरे को भांप चुकी थीं। इटली के इस हार के बाद वर्ल्ड कप के लिए क्वालीफाई करने के चांस अब तीसरे-चौथे स्थान के प्लेऑफ में स्कॉटलैंड पर जीत पर निर्भर हैं। इंडिया की डिफेंडर और 'प्लेयर ऑफ द मैच' सुशीला चानू ने कहा कि यह अवॉर्ड टीम के लिए है।हमने एक टीम के तौर पर, डिफेंस में भी अच्छा खेला। इटली ने भी अच्छा खेला। अब हम अपने (गेम ऑन) वीडियो को एनालाइज करेंगे और देखेंगे कि फाइनल से पहले हमें किन एरिया में सुधार करने की जरूरत है। इंग्लैंड 2- स्कॉटलैंड 0 (पहला सेमीफाइनल) इंग्लैंड ने पहले सेमी-फाइनल में पड़ोसी स्कॉटलैंड को 2-0 से हराकर फाइनल में एंट्री करके हॉकी वर्ल्ड कप 2026 में अपनी जगह पक्की कर ली।

इंग्लैंड अपनी लगातार चौथी जीत से जरूर खुश होगा, लेकिन जितने मौके उसने गंवाए, उससे नहीं। उनके अटैकिंग इरादे स्टैटिस्टिक्स में दिखे, क्योंकि उन्होंने 26 सर्कल पेनिट्रेशन किए, लेकिन चार सेट-पीस में पेनल्टी कॉर्नर पर उनका सक्सेस रेट जीरो था। स्कॉटलैंड भी पेनल्टी कॉर्नर पर टारगेट पर नहीं था - छह को. शिशों में स्कोर नहीं कर पाया। 24 मिनट में कई बार स्कोर करने के करीब आने के बाद, इंग्लिश टीम ने अगले ही मिनट में टारगेट पाया जब लोटी बिगहैम ने सर्कल एंट्री को फाॅनिशिग टच दिया।

# ऋषभ के तूफानी शतक से उत्तर क्षेत्र जीता

**● ऋषभ सिंह के नाबाद 102 रन के तूफानी शतक की बदौलत एकतरफा अंदाज में पश्चिम क्षेत्र को रौंदा**

**नई दिल्ली, वार्ता।** सलामी बल्लेबाज ऋषभ सिंह (नाबाद 102) के तूफानी शतक की बदौलत उत्तर क्षेत्र ने पश्चिम क्षेत्र को जेके बोस क्रिकेट टूर्नामेंट के मुकाबले में शनिवार को रोशनारा क्लब मैदान में एकतरफा अंदाज में नौ विकेट से रौंद दिया।

पश्चिम क्षेत्र की टीम टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 19-2 ओवरों में 133 रन पर सिमट गई। कप्तान संजू साम्याल ने सर्वाधिक 30 रन और तौस रिजवी ने 24 रन बनाए। उत्तर क्षेत्र की तरफ से विनय ने 20 रन देकर तीन विकेट लिए, जबकि शिवम दुबे और ललित कालीदास को दो-दो विकेट मिले। आसान लक्ष्य का पीछा करते हुए उत्तर क्षेत्र ने 11-1 ओवर में एक विकेट पर 137 रन बनाकर नौ विकेट से जीत हासिल की। उत्तर क्षेत्र ने तूफानी शुरुआत करते हुए चार ओवर में ही 50 रन ठोक डाले। उत्तर क्षेत्र के 100 रन 7.4 ओवरों में पूरे हुए। ऋषभ ने मात्र 43 गेंदों पर 18 चौके और दो छक्के उड़ाते हुए नाबाद 102 रन बनाए, जिसके लिए उन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार मिला। आकाश रावल ने 25 गेंदों पर 29 रन बनाए। दिन के एक अन्य मैच में दक्षिण क्षेत्र ने पूर्व क्षेत्र को आठ विकेट से हरा दिया। पूर्व क्षेत्र की टीम 12-1 ओवर में मात्र 49 रन पर लुढक गई, जबकि दक्षिण क्षेत्र ने 4-4 ओवरों में दो विकेट पर 50 रन बनाकर आसान जीत हासिल की।

## ऑस्ट्रिया ने शूटआउट में दक्षिण कोरिया को हराकर सातवां स्थान हासिल किया

**हैदराबाद, वार्ता।** ऑस्ट्रिया ने शनिवार को एफआईएच हॉकी विश्व कप क्वालिफायर 2026 में दक्षिण कोरिया को शूटआउट में हराकर सातवां स्थान हासिल किया। यहां जीएमसी बालयोगी हॉकी ग्राउंड (गाचीबॉवली हॉकी कॉम्प्लेक्स) में ऑस्ट्रिया ने सातवें और आठवें स्थान के लिए खेले गए मुकाबले में दक्षिण कोरिया पर 1-1 से ड्रा के बाद शूटआउट में (2-1) से जीत के साथ सातवां स्थान हासिल किया।

**सार्वजनिक सूचना**

सूचित किया जाता है कि हमारे परिसर में आयोजित होने वाले किसान मेले का विज्ञापन 13.03.2026 को शाह टाइम्स में प्रकाशित किया गया है। जिसमें त्रादिवस दिन का उल्लेख गुरुवार के रूप में किया गया था, हालांकि इसे मंगलवार के रूप में पढ़ा जाए।

भवदीय
सहायक प्रशासनिक अधिकारी
(अभिलेख, संविदा, सामान्य एवं सम्पदा) भा.कृ.अनु.प.-भारतीय पशु-चिकित्सा अनुसन्धान संस्थान,
मुक्तेश्वर परिसर,
नैनीताल- 263138.

# ईरान के 'ताज का नगीना' है खार्ग द्वीप

## ट्रम्प के बमबारी का दावा करने के बाद अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा का केन्द्र बना द्वीप

**नई दिल्ली।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के ईरान के रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण खार्ग द्वीप पर बमबारी का दावा करने के बाद यह द्वीप अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा का केन्द्र बन गया है।

ट्रम्प ने ईरान की सेना से हथियार डालने और 'अपने देश का जो कुछ बचा है उसे बचाने' की चेतावनी भी दी है। फारस की खाड़ी के उत्तरी भाग में ईरान के दक्षिणी तट के पास बुशेहर के निकट स्थित खार्ग द्वीप ईरान के प्रमुख तेल निर्यात केन्द्र के रूप में अत्यंत रणनीतिक महत्व रखता है। इसे देश की आर्थिक तथा सैन्य शक्ति का अहम आधार माना जाता है। ऊर्जा विशेषज्ञों के अनुसार यह द्वीप वैश्विक बाजारों में ईरान के कच्चे तेल के निर्यात का मुख्य द्वार है। विभिन्न तटीय और समुद्री तेल क्षेत्रों से पाइपलाइनों के माध्यम से कच्चा तेल यहां स्थित भंडारण टर्मिनलों तक लाया जाता है और वहां से बड़े तेल टैंकरों के जरिए निर्यात किया जाता है। यहां अबूजर, फरोजान और दुरूद जैसे प्रमुख समुद्री तेल क्षेत्रों से कच्चे तेल की आपूर्ति होती है। द्वीप की गहरे पानी की सुविधाएं बड़े तेल टैंकरों को संभालने में सक्षम हैं, जिसके कारण यह ईरान के तट पर उन कुछ स्थानों में से एक है जहां से बड़े पैमाने पर तेल निर्यात संभव है। तेल निर्यात के कारण यह द्वीप सैन्य दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे मिलने वाला राजस्व ईरान की रक्षा व्यवस्था और सुरक्षा संस्थानों के लिए प्रमुख वित्तीय्रोत माना जाता है। इसी कारण ईरान ने यहां मजबूत सैन्य और सुरक्षा व्यवस्थाएं स्थापित कर रखी हैं। यह द्वीप पहले भी ईरान-इराक युद्ध के दौरान हमलों का निशाना बन चुका है, जब खाड़ी क्षेत्र के ऊर्जा प्रतिष्ठान संघर्ष के दौरान प्रमुख लक्ष्य बन गए थे। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया मंच ट्रुथ सोशल पर कहा कि उनके निर्देश पर अमेरिकी केन्द्रीय कमान ने खार्ग द्वीप पर स्थित सैन्य लक्ष्यों पर क्षेत्र के इतिहास के सबसे शक्तिशाली बमबारी अभियानों में से एक को अंजाम दिया और वहां के सभी सैन्य ठिकानों को नष्ट कर दिया। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिकी बलों ने जानबूझकर द्वीप के तेल बुनियादी ढांचे को निशाना नहीं बनाया। साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि यदि ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले जहाजों के आवागमन में बाधा डालता है तो अमेरिका अपना निर्णय बदल सकता है। ट्रम्प ने कहा कि ईरान किसी भी ऐसे लक्ष्य की रक्षा करने में सक्षम नहीं है, जिसे अमेरिका निशाना बनाना चाहे और यह भी कहा कि ईरान को कभी परमाणु हथियार हासिल नहीं करने दिया जाएगा।



■ ट्रम्प ने ईरान की सेना से हथियार डालने और 'अपने देश का जो कुछ बचा है उसे बचाने' की चेतावनी भी दी है

## एम्सटर्डम में यहूदी स्कूल पर हमला कोई हताहत नहीं

**एम्सटर्डम/हेग।** नीदरलैंड्स की राजधानी एम्सटर्डम में शुक्रवार देर रात एक यहूदी स्कूल में विस्फोट हुआ जिससे स्कूल की बाहरी दीवार को काफी नुकसान पहुंचा है। घटना के समय कोई भी वहां मौजूद नहीं था, जिससे कोई हताहत नहीं हुआ। डच प्रधानमंत्री रॉब जेटन ने भी इस हमले को 'भयानक' बताया और स्पष्ट किया कि नीदरलैंड्स में यहूदी-विरोध के लिए कोई स्थान नहीं है। पुलिस को सीसीटीवी फुटेज मिला है जिसमें एक संदिग्ध व्यक्ति विस्फोटक उपकरण रखते हुए दिखाई दे रहा है। इस मामले में बड़े पैमाने पर जांच शुरू कर दी गई है। एम्सटर्डम की मेयर फेमके हल्सेमा ने इस हमले की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए इसे यहूदी समुदाय के खिलाफ कायरतापूर्ण आक्रमण करार दिया है।



जम्मू। राष्ट्रीय लोक अदालत के दौरान मामले दर्ज कराने के लिए अदालत पहुंचे लोग।

## तेल पर अमेरिकी प्रतिबंधों में ढील से रूस को मिलेगा अवसर: विशेषज्ञ

**वाशिंगटन।** ईरान संकट के बीच रूसी तेल पर अमेरिकी प्रतिबंधों में ढील से रूस के लिए नए अवसर पैदा हुए हैं। रूसी न्यूज एजेंसी आरआईए नोवोस्ती ने नेविगेटर प्रिंसिपल इन्वेस्टर्स कंपनी के डायरेक्टर काइल शोस्टैक के हवाले से यह जानकारी दी। शोस्टैक ने कहा कि रूस के प्रत्यक्ष निवेश कोष (आरडीआईएफ) के प्रमुख एवं विदेशी देशों के साथ आर्थिक सहयोग के लिए राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के विशेष दूत किरिल दिमित्रीव ने 11 मार्च को मियामी में अमेरिकी अधिकारियों से मुलाकात की थी। इस बैठक का उद्देश्य वैश्विक ऊर्जा बाजार में चल रहे संकट पर चर्चा करना था।

## अमेरिका में भी आएगा एसआईआर जैसा कानून

**वाशिंगटन।** अमेरिका की ट्रम्प सरकार, ईरान के खिलाफ युद्ध छेड़ने के लिए आलोचकों के निशाने पर है। इसके साथ ही घरेलू मोर्चे पर भी ट्रम्प प्रशासन घिरा हुआ है और इसकी वजह हैसेव कानून ('सेफगार्ड अमेरिकन वोटर एलिजिबिलिटी एक्ट')। इस कानून के तहत अमेरिका में भी अब लोगों को मतदाता के तौर पर पंजीकरण कराने के लिए अपनी नागरिकता का सबूत देना होगा। यह भारत की एसआईआर प्रक्रिया जैसा ही है। यही वजह है कि इसकी तुलना एसआईआर से की जा रही है। राष्ट्रपति ट्रम्प का कहना है कि वे अमेरिकी चुनावी प्रक्रिया का राष्ट्रीयकरण करना चाहते हैं। अभी अमेरिका की चुनाव प्रक्रिया एक संघीय प्रणाली है जिसमें संविधान प्रत्येक राज्य को अपने-अपने तरीके से चुनाव कराने की छूट देता है। हालांकि अमेरिकी संविधान में प्रावधान है कि अमेरिकी कांग्रेस चुनाव नियमों में बदलाव कर सकती है। अब राष्ट्रपति ट्रम्प अपने विधायी बहुमत के दम पर चुनाव प्रक्रिया को बदलने की कोशिश कर रहे हैं। ट्रम्प का मानना है कि चुनाव प्रक्रिया में बदलाव के बाद रिपब्लिकन पार्टी लंबे समय तक सत्ता में रहेगा।

# ईरान ने दी ट्रम्प को खुली चेतावनी

## अगर अमेरिका मोजतबा खामेनेई को निशाना बनाता है, तो ईरान गंभीर कार्रवाई करेगा: जलाली



■ युद्धपोत आईरिस डेना के 104 क्रू सदस्यों की मौत का जवाब जरूर दिया जाएगा: ईरान सेना प्रमुख

**मास्को/तेहरान।** रूस में ईरान के राजदूत काजेम जलाली ने रूसी न्यूज एजेंसी स्पूतनिक को बताया कि यदि अमेरिका ईरान के नय सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई की हत्या करने का प्रयास करता है, तो उसे गंभीर जवाबी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा।

जब उनसे पूछा गया कि यदि अमेरिका और इजरायल ईरान के नए सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई की हत्या का प्रयास करते हैं, तो ईरान की क्या प्रतिक्रिया होगी, तो जलाली ने कहा कि आप आज ईरान की प्रतिक्रिया देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम अपने नेता (अयातुल्ला अली खामेनेई) के लिए खून का बदला चाहते हैं। लोग गुस्से में हैं और इस रक्तपात का बदला लेने की मांग कर रहे हैं। स्वाभाविक रूप से अमेरिकियों को अतीत में भी गंभीर जवाबी कार्रवाई का सामना करना पड़ा है और भविष्य में भी करना पड़ेगा। गौरतलब है कि अमेरिका और इजरायल ने 28 फरवरी को ईरान में कई ठिकानों पर हमले किए, जिससे नुकसान हुआ और आम नागरिकों की जान भी गई। ईरान ने इसका जवाब देते हुए इजरायली इलाके और पश्चिम एशिया में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमले किए। अमेरिका और इजरायल ने शुरू में दावा किया है कि उनका यह हमला ईरान के परमाणु कार्यक्रम से होने वाले संभावित खतरे का मुकाबला करने के लिए जरूरी था, लेकिन जल्द ही उन्होंने कहा कि वे ईरान में सत्ता परिवर्तन देखना चाहते हैं। सैन्य अभियान के पहले ही दिन ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई मारे गए। इस्लामिक गणराज्य ने 40 दिनों के शोक की घोषणा की। आठ मार्च को खामेनेई के पुत्र मोजतबा को (जो अभी तक सार्वजनिक रूप से सामने नहीं आए हैं) उनका उत्तराधिकारी नियुक्त किया गया। वहीं ईरान की सेना के कमांडर-इन-चीफ अमीर हातामी ने चेतावनी दी है कि हिंद महासागर में सैन्य अभ्यास से लौटते समय, देश के सबसे नए युद्धपोतों में से एक आईरिस डेना के 104 क्रू सदस्यों की मौत का जवाब जरूर दिया जाएगा। ईरान की इस्लामी गणराज्य समाचार एजेंसी (इरना) के अनुसार, उन्होंने कहा कि डेना के चालक दल ने एक शांतिपूर्ण मिशन पूरा किया था और ईरान लौटते समय उन्हें निशाना बनाया गया। इन नाविकों पर हमला तब किया गया, जब वे किसी सीधी लड़ाई में शामिल नहीं थे। हातामी ने कहा कि डेना का नाम और उसके चालक दल का बलिदान ईरान के नौसैनिक इतिहास में साहस और समर्पण का प्रतीक बना रहेगा। सेना ईरान की समुद्री सीमाओं की रक्षा करेगी और अपनी नौसैनिक शक्ति को और भी अधिक दृढ़ता के साथ मजबूत करेगी। उल्लेखनीय है कि अमेरिका ने चार मार्च को हिन्द महासागर में आईरिस डेना को टोरपीडो से हमला करके डुबो दिया था। श्रीलंका की नौसेना ने इस पोत पर सवार ईरानी नौसैनिकों की अपील के बाद बचाव अभियान में 32 लोगों की जान बचाई। इस हमले में 84 नौसैनिकों को जान गंवानी पड़ी थी।

## ईरानी विदेश मंत्री ने कसा ट्रम्प पर तीखा तंज

■ कहा: पहले रोका और अब पूरी दुनिया से रूस से तेल खरीदने की भीख मांग रहा अमेरिका

**तेहरान।** ईरानी विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने शनिवार को रूसी तेल पर अमेरिका के रुख की आलोचना करते हुए दावा किया कि वाशिंगटन अब दुनिया भर के देशों से, जिसमें भारत भी शामिल है, रूसी कच्चा तेल खरीदने की गुहार लगा रहा है, जबकि पहले उसने रूस से तेल न खरीदने का दबाव डाला था।

एक्स पर साझा एक पोस्ट में, अराघची ने कहा कि अमेरिका ने भारत को रूस से तेल आयात बंद करने के लिए धमकाने में महीनों बिताए। ईरान के साथ दो हफ्ते के युद्ध के बाद, व्हाइट हाउस अब दुनिया से, जिसमें भारत भी शामिल है, रूसी कच्चा तेल खरीदने की भीख मांग रहा है। ईरानी विदेश मंत्री ने यूरोपीय देशों की भी आलोचना की। उन्होंने दावा किया कि यूरोपीय देश बदले में रूस के खिलाफ अमेरिकी समर्थन की उम्मीद कर रहे हैं। अराघची ने कहा कि यूरोप ने सोचा था कि ईरान पर अवैध युद्ध का समर्थन करने से उन्हें रूस के खिलाफ अमेरिकी समर्थन मिल जाएगा। यह बहुत ही दयनीय है। इस बीच, रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के बीच ईरान ने भारत के झंडे वाले दो लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) वाहक जहाजों को होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने की अनुमति दे दी है। रिपोर्ट्स में कहा गया है कि सऊदी अरब का तेल ले जा रहा एक कच्चा तेल टैंकर शनिवार को भारत पहुंचने की उम्मीद है, जो 1 मार्च के आसपास होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरा था। इससे पहले, भारत में ईरान के राजदूत मोहम्मद फथाली ने पुष्टि की थी कि पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के बीच होर्मुज जलडमरूमध्य से भारत जाने वाले जहाजों को सुरक्षित मार्ग प्रदान करेगा।

## ईरान ने अपने खतरनाक मिसाइल शाहेद की दिखाई झलक

**तेहरान।** ईरान की सेना ने गुरुवार को अपने आत्मघाती ड्रोन्स के बेड़े की झलक दिखाई, जिनके दम पर ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य को पूरी तरह से बाधित करने की योजना बना रहा है। ईरान के सरकारी टीवी ने एक भूमिगत परिसर के अंदर फिल्माए गए फुटेज जारी किए। इस भूमिगत परिसर को ईरानी अधिकारी मिसाइल शहर बता रहे हैं।

ईरान ने जो वीडियो जारी किया है, उसमें बड़ी संख्या में नौसैनिक ड्रोन, जहाज रोधी मिसाइलें दिखाई दे रही हैं। अतिरिक्त फुटेज में कुछ हथियारों को दागते हुए भी दिखाया गया है। हालांकि ये साफ नहीं है कि ये रिकार्डिंग कब की है। वीडियो में दिख रहा है कि भूमिगत सुरंग में नौसेना के ड्रोन, जिन्हें यूएसवी भी कहा जाता है, बड़ी संख्या में हैं। गौरतलब है कि ये ड्रोन पहले से ही फारस की खाड़ी में तेल टैंकरों पर हमले कर रहे हैं, जिससे होर्मुज में रणनीतिक रूप से अहम शिपिंग मार्ग आंशिक रूप से बाधित चल रहा है। ये छोटे यान पानी की सतह पर या पानी के नीचे चलते हैं। ये विस्फोटक से भरे होते हैं और तेल टैंकरों से टकराते ही फट जाते हैं। 1 मार्च को ओमान के तट के पास एक कच्चे तेल के टैंकर को ऐसे ही ड्रोन्स की मदद से निशाना बनाया गया था। इस हमले में तेल टैंकर में विस्फोट के साथ आग लग गई थी और चालक दल के एक सदस्य की मौत हो गई थी। इसी तरह कई अन्य जहाजों पर हमले के लिए भी ईरान ने इन्हीं ड्रोन का इस्तेमाल किया है। ईरान के कामीकेज ड्रोन्स, जिन्हें आत्मघाती ड्रोन्स या शाहेद ड्रोन्स भी कहा जाता है। ये कितने खतरनाक है, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि ये ड्रोन 2000 किलोमीटर दूरी तक विस्फोटक ले जाने में सक्षम हैं। एक ड्रोन आसानी से 40-50 किलो विस्फोटक ले जा सकता है। ये ड्रोन 180-200 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से उड़ान भर सकता है। इन ड्रोन की लागत भी बेहद कम है और ये कुछ लाख रुपये में तैयार हो सकते हैं। इन ड्रोन्स की मदद से ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले तेल टैंकरों को आसानी से निशाना बना सकता है।



■ आत्मघाती ड्रोन्स से ईरान ने बनाई होर्मुज जलडमरूमध्य को पूरी तरह से बाधित करने की योजना

# लेबनान में अस्पताल पर इजरायली हमला

■ 12 चिकित्सा कर्मियों की मौत, मरने वालों में ड्यूटी पर तैनात डाक्टर, नर्स और पैरामेडिक्स शामिल
■ इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए इसे स्वास्थ्य कर्मियों के खिलाफ जारी हिंसा का एक हिस्सा बताया

**बेरूत।** लेबनान के एक अस्पताल में हुए इजरायली हमले में डाक्टरों, नर्सों सहित 12 लोगों की मौत हो गई है। देश के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि दक्षिण लेबनान के बित जबेल जिले के बुर्ज कलौइया गांव में एक स्वास्थ्य केंद्र पर इजरायली हमले को अंजाम दिया गया। मरने वालों में ड्यूटी पर तैनात डाक्टर, नर्स और पैरामेडिक्स शामिल हैं।

मंत्रालय ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए इसे स्वास्थ्य कर्मियों के खिलाफ जारी हिंसा का एक हिस्सा बताया है। इससे कुछ ही घंटे पहले सुआनेह गांव में एक अन्य अस्पताल को भी निशाना बनाया गया था, जिसमें दो कर्मियों की मौत हो गई थी। लेबनान में सक्रिय हिजबुल्लाह ने दावा किया है कि वह इजरायल के साथ लंबी लड़ाई के लिए तैयार है। उसने यह भी कहा है कि यह उसके वजूद बचाने की भी जंग है। वहीं, इजरायली अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि अगर हिजबुल्लाह अपनी गतिविधियों को नहीं रोकता है, तो लेबनान के राष्ट्रीय बुनियादी ढांचे को और अधिक व्यापक नुकसान पहुंचाया जाएगा। सैन्य मोर्चे पर, इजरायली सेना ने कल लिटानी नदी पर बने एक महत्वपूर्ण पुल को नष्ट कर दिया। इजरायल का दावा है कि हिजबुल्लाह इस पुल का उपयोग हथियारों और लड़ाकों की आवाजाही के लिए कर रहा था। इजरायल का दावा है कि यह पुल हिजबुल्लाह के लिए उत्तर से दक्षिण की ओर हथियारों और लड़ाकों को भेजने का मुख्य मार्ग था। इस पुल के टूटने से टायर, बित जबेल और नबातिएह जैसे प्रमुख शहरों का संपर्क कट गया है। हवाई हमलों का सिलसिला राजधानी बेरूत तक पहुंच गया है। इजरायली विमानों ने बेरूत के घनी आबादी वाले उत्तरी उपनगर 'बुर्ज हम्मूद' में एक आवासीय इमारत को निशाना बनाया। इसके अलावा, दक्षिणी तटीय शहर सिडोन के 'हारेत सैदा' इलाके में भी एक रिहायशी इमारत पर हमला हुआ, जिससे वहां भीषण आग लग गई। गौरतलब है कि शुक्रवार तक लेबनान में इस जंग के कारण 773 लोगों की मौत हो चुकी है और मरने वालों में 103 बच्चे शामिल हैं।

## उत्तर कोरिया ने जापान सागर की दिशा में दागी बैलिस्टिक मिसाइल

**सोल।** उत्तर कोरिया ने शनिवार को पूर्वी सागर (जापान सागर) की दिशा में लगभग 10 बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। दक्षिण कोरिया की संयुक्त सेना प्रमुख समिति ने यह जानकारी दी। योनहाप समाचार एजेंसी के अनुसार, समिति ने बताया कि मिसाइलों का प्रक्षेपण उत्तर कोरिया के सुनान क्षेत्र से किया गया। यह इस वर्ष उत्तर कोरिया द्वारा किया गया तीसरा बैलिस्टिक मिसाइल परीक्षण है। दक्षिण कोरिया और जापान ने इस परीक्षण की पुष्टि की है, जो क्षेत्र में सैन्य तनाव को बढ़ाता है। यह मिसाइल जापान के विशेष आर्थिक क्षेत्र के बाहर गिरी। जापान और दक्षिण कोरिया ने इस हरकत को भड़काऊ बताया और इसकी कड़ी निंदा की।

# पाकिस्तान पर अफगानिस्तान का पलटवार

## कुनार-नंगरहार प्रांत में मारे गए 14 पाक सैनिक



■ यह कार्रवाई पाक की ओर से पहले किए गए हवाई हमलों और गोलाबारी के जवाब में की गई बताई जा रही है

**काबुल।** अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच सीमा क्षेत्र डूरंड लाइन पर तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है। अफगानिस्तान के रक्षा मंत्रालय ने दावा किया है कि उसकी सेना ने पाकिस्तान की सैन्य चौकियों पर कार्रवाई की, जिसमें कई पाकिस्तानी सैनिक मारे गए और कुछ घायल हुए। यह कार्रवाई पाकिस्तान की ओर से पहले किए गए हवाई हमलों और गोलाबारी के जवाब में की गई बताई जा रही है।

अफगान रक्षा मंत्रालय के अनुसार, अफगान सेना ने पूर्वी क्षेत्र के कुनार और नंगरहार प्रांतों में डयूरंड लाइन के पास सैन्य ऑपरेशन चलाया। मंत्रालय का कहना है कि इस कार्रवाई में पाकिस्तान के 14 सैनिक मारे गए और 11 घायल हुए। इसके अलावा एक बख्तरबंद टैंक और एक सैन्य वाहन भी पूरी तरह नष्ट कर दिया गया। अफगानिस्तान की तालिबान सरकार ने कहा कि यह ऑपरेशन पाकिस्तान की सेना द्वारा किए गए हमलों के जवाब में किया गया। अफगानिस्तान ने यह भी दावा किया कि उसकी वायुसेना ने पाकिस्तान के एक रणनीतिक सैन्य केंद्र हमजा पर हवाई हमला किया। यह हमला रिजेक्ट आप्रेशन नाम के जवाबी अभियान के तहत किया गया बताया गया है। अफगान सरकार का कहना है कि जब तक पाकिस्तान की तरफ से हमले बंद नहीं होते, तब तक उनकी जवाबी कार्रवाई जारी रहेगी। इससे पहले पाकिस्तान की वायुसेना ने अफगानिस्तान में कई जगहों पर हवाई हमले किए थे। अफगान अधिकारियों के मुताबिक इन हमलों में नागरिक ढांचे को नुकसान पहुंचा। अफगान एयरलाइन काम एयर के अधिकारियों ने बताया कि कंधार हवाई अड्डे पर रखा गया ईंधन भंडार भी पाकिस्तानी हवाई हमले में प्रभावित हुआ। यह ईंधन इस साल की हज उड़ानों के लिए रखा गया था, जिससे अब उड़ानों पर असर पड़ने की आशंका है। तालिबान के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने पाकिस्तान पर नागरिक ढांचे को निशाना बनाने का आरोप लगाया। उनका कहना है कि जिस ईंधन भंडार पर हमला हुआ, उससे घरेलू एयरलाइनों और संयुक्त राष्ट्र के विमानों को भी ईंधन मिलता था। संयुक्त राष्ट्र की अफगानिस्तान सहायता मिशन (यूएनएएमए) ने भी हालिया हमलों को लेकर चिंता जताई है।

# कांशीराम और बहुजन आंदोलन...



**डॉ. उदित राज**



**कांशीराम** का जन्म 15 मार्च 1934 को रोपड़ जिले के खवासपुर गांव में एक साधारण दलित परिवार में हुआ था। उनके पिता का नाम हरि सिंह और माता का नाम बिशन कौर था। ये एक दलित रामदासिया सिख परिवार से थे। प्रारंभिक शिक्षा गांव में ही प्राप्त करने के बाद उन्होंने विज्ञान विषय से स्नातक की पढ़ाई पूरी की और उसके बाद रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) में वैज्ञानिक सहायक के रूप में नौकरी की। कांशीराम उस समय पुणे में स्थित डीआरडीओ की प्रयोगशाला में कार्यरत थे। वहां एक दिन कार्यालय में छुट्टियों की सूची से अंबेडकर जयंती की छुट्टी हटा दी गई थी और उसकी जगह किसी अन्य धार्मिक पर्व की छुट्टी रख दी गई थी। जब एक दलित कर्मचारी, दीना भाना, ने इसका विरोध किया और कहा कि डा अम्बेडकर दलितों के आदर्श और संविधान के निर्माता हैं, इस लिए उनकी जयंती की छुट्टी रहनी चाहिए, तो प्रबंधन ने उसकी बात सुनने के बजाय उसे अनुशासनहीनता के आरोप में दंडित कर दिया। यह घटना कांशीराम को बहुत गहराई से झकझोर गई। उन्हें महसूस हुआ कि जिस व्यक्ति ने भारत का संविधान बनाया, उसी के अनुयायियों और समाज के साथ आज भी भेदभाव किया जा रहा है नौकरी के दौरान उन्हें समाज में मौजूद जातिगत भेदभाव और असमानता को करीब से देखने का अवसर मिला। यही अनुभव आगे चलकर उनके जीवन की दिशा बदलने का कारण बना। 1960 के दशक में उन्होंने यह निश्चय किया कि वे अपना पूरा जीवन समाज के वंचित वर्गों के उत्थान के लिए समर्पित करेंगे। उन्होंने नौकरी छोड़ दी और सामाजिक आंदोलन शुरू किया। उनका मानना था कि जब तक दलित और पिछड़े वर्ग राजनीतिक रूप से संगठित नहीं होंगे, तब तक उन्हें अधिकार और सम्मान नहीं मिलेगा। कांशीराम ने सबसे पहले सरकारी कर्मचारियों को संगठित करने का प्रयास किया। 1978 में उन्होंने बामसेफ की स्थापना की। इस संगठन का उद्देश्य अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़े वर्ग और अल्पसंख्यक कर्मचारियों को सामाजिक जागरूकता के लिए तैयार करना था।

इसके बाद उन्होंने 1981 में दलित शोषित समाज संघर्ष समिति (डीएस-4) की स्थापना की। इसका नारा था। ब्राह्मण, ठाकुर, बनिया छोड़, बाकी सब हैं डीएस-4 इस संगठन का उद्देश्य दलितों और पिछड़ों को सामाजिक और राजनीतिक अधिकारों के लिए संघर्ष के लिए तैयार करना था। कांशीराम का सबसे बड़ा योगदान 1984 में बीएसपी बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) की स्थापना किया। इस पार्टी का मुख्य उद्देश्य दलित, पिछड़े, आदिवासी और अल्पसंख्यक समुदायों को राजनीतिक शक्ति दिलाना था। कांशीराम का प्रसिद्ध नारा था-जिसकी जितनी संख्या भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी। उन्होंने बहुजन समाज की राजनीतिक भागीदारी को बढ़ाने के लिए पूरे देश में यात्रा की और लोगों को संगठित किया। उनकी मेहनत का परिणाम यह हुआ कि धीरे-धीरे बीएसपी एक मजबूत राजनीतिक शक्ति बनकर उभरी। उन्होंने मायावती को राजनीति में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया और उन्हें नेतृत्व की जिम्मेदारी सौंपी। मायावती आगे चलकर उ.प्र। की चार बार मुख्यमंत्री बनीं। कांशीराम का मानना था कि सामाजिक परिवर्तन का सबसे प्रभावी माध्यम राजनीतिक शक्ति है। वे कहते थे कि जब तक बहुजन समाज के लोग सत्ता में भागीदारी नहीं करेंगे, तब तक उनके जीवन में वास्तविक परिवर्तन नहीं आएगा। उन्होंने देशभर में हजारों सभाएं कीं, यात्राएं निकालीं और लोगों को संगठित किया। उनके प्रयासों से लाखों लोगों में राजनीतिक चेतना आई। उनके आंदोलन ने भारतीय राजनीति में एक नया सामाजिक समीकरण स्थापित किया, जिसे 'बहुजन राजनीति' के रूप में जाना जाता है। मलेशिया की राजधानी कौलालम्पुर में विश्व दलित सम्मेलन का आयोजन 1998 में हुआ, जिसमें कांशीराम जी, रामविलास पासवान जी, फूलन देवी जी सहित अन्य लोग भारत से आमंत्रित किए गए थे और मैं भी पहुंचा। दक्षिण भारत से गए दलितों की अच्छी संख्या वहां पर अतीत में जाकर बस गई थी और पंजामूर्ति वहां के सांसद थे और उन्हीं की अगुवाई में सम्मेलन आयोजित किया गया था। कांशीराम जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारत में सभी बहुजन जातियों का इतना संगठन खड़ा करेंगें कि सवर्ण चिल्लाने लगेंगे। मैं चौका कि ए तो जातियों का संगठन खड़ा करने की बात कर रहें हैं जबकि डा अंबेडकर जाति विहीन समाज बनाना चाहते थे। 2001 में अनुसूचित जाति जनजाति संगठनों का अखिल भारतीय परिसंघ द्वारा दस लाख दलितों को बौद्ध बनाने की घोषणा किया तो दलितों में एक बड़ा विमर्श पैदा हो गया। भोपाल में कांशीराम जी से कुछ लोगों ने पूछा तो उन्होंने कहा कि वे करोड़ों लोगों के साथ दीक्षा लेंगे। इसका असर पड़ा कि कुछ लोग इस बड़ी घोषणा के कारण नहीं शामिल हुए। 1996 में कुछ महीनों के लिए मैं उनके बड़े करीब था और यह कैसे हुआ, पता न चला। उस समय मायावती जी उप्र की सीएम थीं और दिल्ली के हुमायूं रोड स्थित आवास पर कांशीराम जी रहते थे और मैं अक्सर चला जाता था और कभी नहीं जा पाते थे तो वे बुला लेते थे।

एक दिन उनके सचिव गौतम ने कहा कि बहन जी को खबर लग गई है कि मैं साहब के बहुत करीब हो गया हूं। वो बताते थे कि मायावती जी नियमित रूप से खबर लेती थीं कि कौन आता जाता था। उनकी बहन मुन्नी भी ताक-झांक करती रहती थीं। गौतम ने मुझे बताया कि आप की खबर बहन जी तक पहुंच गई है, अतः बच के रहें। इस तरह से अचानक मैं आना-जाना बंद कर दिया और जब कभी उसके बाद मिले भी तो पूछा क्यों नहीं मिलते, जवाब क्या देना था। उस समय तक यह बात सबकी समझ में आ गई थी कि कोई कितना करीब कांशीराम जी के हो, अगर मायावती की नजर में चढ़ गया तो कोई बचा नहीं सकता। बिना संदेह कांशीराम जी का समाज की राजनीतिक जागृति करने में योगदान रहा है लेकिन कुछ सवालों के जवाब मिलते नहीं। फ्री शिक्षा और नौकरियों में आरक्षण के कारण दलितों में मध्यम वर्ग पैदा हुआ और वही कांशीराम जी के साथ सबसे पहले तन-मन-धन से खड़ा हुआ। कुछ सवालों के जवाब मिलते नहीं जैसे उनकी आक्रामकता कांग्रेस के खिलाफ रही लेकिन आरएसएस पर कभी कुछ नहीं बोला। चमचा युग में कांग्रेस के सबसे बड़े दलित नेता जगजीवन राम जी को इतना बदनाम किया कि लोग उनसे घृणा करने लगे और मजे की बात रही कि कांग्रेस ने अनसुना किया जिसका परिणाम भुगतना पड़ा। कांग्रेस बनाम अम्बेडकर नैरेटिव के कारण दलित कांग्रेस से दूर जाता रहा और कांग्रेस चुप रही और परिणामस्वरूप उत्तर भारत में जनाधार खो गई।


**(लेखक पूर्व सांसद राष्ट्रीय अध्यक्ष, दलित, ओबीसी, मॉइनॉरिटीज एवं आदिवासी संगठनों का परिसंघ डोमा परिसंघ, राष्ट्रीय प्रवक्ता कांग्रेस, राष्ट्रीय चेयरमैन, असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस केकेसी है।)**

# इम्तियाज की फिल्म का हिस्सा बनना बेहद खास और महत्वपूर्ण पल : शर्वरी




बॉलीवुड अभिनेत्री शर्वरी के लिए इम्तियाज अली की फिल्म का हिस्सा बनना उनके करियर के सफर में एक बेहद खास और महत्वपूर्ण पल है। फिल्मकार इम्तियाज अली की बहुप्रतीक्षित फिल्म मैं वापस आऊंगा का टीजर रिलीज हो गया है, जिसने दर्शकों को आने वाली इस प्रेम कहानी की भावनात्मक दुनिया की पहली झलक दी।

दिलजीत दोसांझ, वेदांग रैना, शर्वरी और दिग्गज अभिनेता नसीरुद्दीन शाह जैसे कलाकारों को एक साथ लाने वाली यह फिल्म इम्तियाज अली की अगली परियोजना है। इसके काव्यात्मक दृश्यों और इम्तियाज अली की पहचान बन चुकी भावनात्मक कहानी कहने की शैली के कारण यह फिल्म सोशल मीडिया पर पहले ही काफी चर्चा और उत्साह पैदा कर चुकी है। टीजर के सामने आने के बाद पैदा हुए उत्साह के बीच अभिनेत्री शर्वरी ने अपने इंस्टाग्राम पर फिल्मकार के लिए एक बेहद निजी और भावनात्मक नोट साझा किया। शर्वरी लंबे समय से इम्तियाज अली को अपने सपनों के सहयोगी के रूप में देखती रही हैं। शर्वरी के लिए इम्तियाज अली की फिल्म का हिस्सा बनना उनके करियर के सफर में एक बेहद खास और महत्वपूर्ण पल है, क्योंकि वर्षों से उनकी कहानियों और उनके किरदारों ने उन्हें गहराई से प्रभावित किया है। इस सहयोग तक पहुंचने वाले अपने सफर को याद करते हुए शर्वरी ने इम्तियाघ के लिए एक भावुक संदेश लिखा। फिल्म मैं वापस आऊंगा 12 जून 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज़ होने के लिए तैयार है।



## कप्तान में पुलिस अधिकारी की भूमिका में नजर आएंगे साकिब

**मुंबई।** अभिनेता साकिब सलीम अपने अगले ओटीटी सीरीज़ कप्तान में पुलिस अधिकारी की भूमिका में नजर आएंगे। अमेजन एमएक्स प्लेयर ने अपनी ओरिजिनल सीरीज कप्तान का पहला पोस्टर जारी कर दिया है, जिसमें मुख्य भूमिका में साकिब सलीम नजर आ रहे हैं। सीरीज में साकिब समरदीप सिंह नाम के एक समर्पित पुलिस अधिकारी का किरदार निभा रहे हैं, जो बदले की आग और एक ईमानदार अफसर होने की जिम्मेदारी के बीच खुद को फंसा हुआ पाता है।



इस पोस्टर में साकिब पुलिस की वर्दी में नजर आ रहे हैं, जो इशारा करता है कि यह कहानी एक्शन से भरपूर होने वाली है। दर्शकों ने अब तक साकिब को पुलिस अधिकारी के रूप में नही देखा है, लेकिन यह पोस्टर साफ दिखाता है कि वह इस किरदार के जरिए अपने अभिनय के नए आयाम पेश करने के लिए तैयार हैं। कप्तान में साकिब सलीम के साथ कविता कौशिक, सिद्धार्थ निगम, वरुण बडोला, अनुष्का कौशिक, पूजा गोर और विक्रम कोचर भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।



## इंडस्ट्री को मिलेंगे नए सितारे, एकता ने शुरू किया हुनर

**मुंबई।** बॉलीवुड फिल्मकार एकता कपूर के नेतृत्व वाले बाला. जी टेलीफिल्म्स ने हुनर को लॉन्च करने की घोषणा की है। हुनर एक नई टैलेंट मैनेजमेंट कंपनी है, जो कलाकारों को निखारने और एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में कहानी कहने एवं परफॉर्म करने के कल्चर को मजबूत करने के लिए समर्पित है। हुनर का मकसद बॉलीवुड और भारतीय टेलीविजन के मशहूर एक्टर्स और क्रिएटर्स को एक साथ लाना है। यह उन्हें एक ऐसा प्लेटफॉर्म देगा, जो न केवल उनके आर्टिस्टिक ग्रोथ में मदद करेगा, बल्कि उन्हें अच्छे मौके दिलाने में भी साथ देगा। टैलेंट को तराशने और यादगार कहानियां बनाने की बालाजी की पुरानी विरासत को आगे बढ़ाते हुए, इस पहल को कलाकारों को सही गाइडेंस, बेहतर रिप्रेजेंटेशन और एक ऐसा माहौल देने के लिए डिज़ाइन किया गया है जहां क्रिएटिविटी को बढ़ावा मिल सके।







